सुप्रभात
रांची, मंगलवार
18.03.2025
नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक


# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | चैत्र, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 243 | 12




आज पुतिन से बात करेंगे ट्रंप


रोजा का समय
सेहरी (19.03.2025): 04.32 बजे
इफ्तार (18.03.2025): 06.00 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR


## न्यूज डायरी

### अवकाश के बाद आज से विधानसभा का बजट सत्र

**रांची।** होली व अन्य अवकाश के बाद झारखंड विधानसभा का बजट सत्र की बाकी बची कार्यवाही 18 मार्च से शुरू होने जा रही है। 12 मार्च से 17 मार्च तक अवकाश के दौरान हुई कुछ घटनाओं को लेकर मंगलवार को सदन में कई मुद्दों पर हंगामे के आसार हैं।

### खूंटी में वज्रपात से महिला की मौत, बच गयी बेटी

**खूंटी।** तपकारा थाना क्षेत्र के लतौली गांव में सोमवार को अपराह्न करीब चार बजे वज्रपात से बसंती गुड़िया (35) नामक महिला की मौत हो गयी। उसकी एक वर्ष की बेटी लीली कंडुलना को खरोंच तक नहीं आई। बसंती गुड़िया की बेटी घर के आंगन में थी। अचानक बारिश शुरू हुई, तो बसंती बेटी को लेने के लिए आंगन में जैसे ही पहुंची कि वज्रपात हुआ। इसकी चपेट में आकर बसंती की मौत हो गयी।

### मानव तस्करी की शिकार दो नाबालिग का रेस्क्यू

**खूंटी।** अड़की थाना क्षेत्र की दो नाबालिग लड़कियों का रविवार को दिल्ली के नेबसराय थाना क्षेत्र से रेस्क्यू किया गया। जानकारी के अनुसार उक्त दोनों लड़कियों को अच्छे काम का लालच देकर मानव तस्कर दिल्ली ले गये थे। दिल्ली में प्लेसमेंट एजेंसी वाले उन्हें दाई का काम करने के लिए अन्यत्र भेजने वाले थे। इसकी भनक लगते ही दोनों नाबालिग लड़कियां किसी प्रकार तस्करों के चंगुल से छूटकर भागने में सफल रही और एक लड़की ने अपने मोबाइल से इसकी सूचना झारखंड भवन के टोल फ्री नंबर पर देते हुए मदद की गुहार लगायी।

### डायन-बिसाही के शक में 50 वर्षीय महिला की हत्या

**गुमला।** जिला के फाट्टी बगीचा टोली निवासी 50 वर्षीय महिला की अंधविश्वास में हत्या कर दी गयी है। गुमला सदर थाना की एसआई हेमा देवी ने घटनास्थल खटवा नदी के बालू में गड़े महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। महिला के पुत्र ने पुलिस को अंधविश्वास और डायन बिसाही के शक में हत्या किये जाने की आशंका जतायी। उनकी माता शुक्रवार से लापता थी। एसपी के निर्देश पर डॉग स्क्वायड की मदद से उसकी खोज एसडीपीओ के नेतृत्व में एसएसबी की टीम ने किया। महिला के पड़ोसी कर्मपाल लकड़ा ने पूछताछ में हत्या की बात स्वीकार की।

### पश्चिमी सिंहभूम के गीतिलिपि गांव की घटना, पसरा मातम

# पुआल के ढेर पर खेल रहे चार मासूम जिंदा जल गये

खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के गीतिलिपि गांव पुआल के ढेर में खेलने के दौरान आग लगने से चार बच्चे जिंदा जल गये, जिससे उनकी मौत हो गयी। आग लगते ही पूरे इलाके में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार हर रोज की तरह सोमवार को भी बच्चे पुआल में खेल रहे थे। इस दौरान अचानक किसी कारण से पुआल में आग लग गयी। जबतक लोगों तक आग की खबर पहुंची, तबतक सभी चार मासूम बच्चे बच्चे जिंदा जल गये। आग इतनी तेजी से फैली कि बच्चों को निकलने का मौका तक नहीं मिला। इस दर्दनाक हादसे से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। बच्चों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चों के शवों को निकालने का प्रयास शुरू किया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका। हालांकि कुछ लोगों ने कहा कि पुआल सूखा होने की वजह से उसमें तेजी से आग लग गई।

### कैसे मिली जानकारी

खलिहान जहां पुआल रखा हुआ था, उधर से एक महिला गांव आ रही थी। महिला ने देखा कि पुआल घर में आग लगी हुई है और उसमें बच्चे जल रहे हैं। यह देखकर महिला चिल्लाने लगी और बच्चों को निकालने की कोशिश की। देखते ही देखते काफी लोग जुट गये और किसी तरह बच्चों को निकाला पर तब तक चारों बच्चों की जलकर मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गयी।



जिंदा जले बच्चों के शवों को ढंकती महिला और पुआल में आग बुझाते दमकलकर्मी और स्थानीय लोग

### सभी मृत बच्चे दो से पांच साल के

मृत बच्चों में 5 साल का प्रिंस चातार, 5 साल साहिल सिंकू, 2 साल का रोहित सुंडी और 5 साल की भूमिका सुंडी शामिल हैं। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चला है। वहीं, एक साथ चार मासूमों की मौत की खबर से गांव में मातम पसर गया है। ये हादसा सोमवार की सुबह 11 बजे के आसपास की है।

### फायरब्रिगेड ने किसी तरह आग पर पाया काबू

पुआल की आग इतनी तेज थी कि ग्रामीण कुछ खास मदद नहीं कर सके। इसके बाद फायरब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और आग को बुझाया। इसके बाद एसडीओ महेंद्र छोटन उरांव, इंस्पेक्टर बासुदेव मुंडा, सीओ मनोज मिश्रा, बीडीओ सत्यम कुमार, थाना प्रभारी संजय सिंह भी पहुंचे।

### हादसे पर क्या बोले एसपी

इस दर्दनाक हादसे को लेकर चाईबासा के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि जब आग लगी उस समय बच्चे पुआल के ढेर के पास खेल रहे थे। आग लगने के कारणों की जांच फिलहाल जारी है। उन्होंने कहा कि सभी शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की विस्तृत जांच के लिए एक टीम मौके पर भेजी गयी है। वहीं इस घटना के बाद से पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है। उन्होंने कहा कि पुलिस इन मासूम बच्चों की मौत को लेकर पूरी तरह से संवेदनशील है। जगन्नाथपुर थाना की पुलिस मौके पर तैनात है। आग कैसे लगी, इसका पता लगाया जा रहा है।

## सीएजी की नियुक्ति विवाद पर केंद्र सरकार को नोटिस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की नियुक्ति केवल कार्यपालिका और प्रधानमंत्री द्वारा करने की मौजूदा प्रथा को संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करने का दावा करने वाली जनहित याचिका पर सोमवार को केंद्र सरकार को जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति



एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने गैर सरकारी संगठन सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन की याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। साथ ही पीठ ने इसे इसी मुद्दे पर लंबित अन्य मामले के साथ जोड़ने का निर्देश दिया।

### दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बोकारो।** जिले के बालीडीह थाना क्षेत्र में नाबालिग बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि दुष्कर्म के मामले में पीड़िता के आरोपी पिता फरार है। पुलिस उसे गिरफ्तार करने के लिए छापामारी कर रही है। जानकारी के अनुसार होली के दिन पिता और उसके दोस्त ने बच्ची को पास की पहाड़ी पर ले गये जहां उसके साथ गैंगरेप किया। जानकारी के बाद मां ने प्राथमिकी दर्ज करायी।

## रघुवर दास कैबिनेट के पांच पूर्व मंत्रियों की संपत्ति जांच वाली जनहित याचिका खारिज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रघुवर सरकार के पांच पूर्व मंत्रियों की आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच ने पंकज यादव की याचिका खारिज कर दी।

दरअसल वर्ष 2020 में सोशल एक्टिविस्ट पंकज कुमार यादव ने जनहित याचिका दायर कर पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, नीरा यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, लुइस मरांडी और रणधीर सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया था। साथ ही इस मामले की एसीबी से जांच कराने की मांग की थी। जुलाई 2023 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कैबिनेट से पांचों पूर्व मंत्रियों के खिलाफ एसीबी जांच की स्वीकृति भी दे दी थी। इसके बाद एसीबी ने पूर्व मंत्रियों के खिलाफ जांच की, जिसमें पंकज यादव की शिकायत को सत्य पाया गया था। एसीबी ने इस मामले में पीई दर्ज कर पूर्व मंत्रियों और शिकायतकर्ता को नोटिस भी भेजा था। वहीं अब जनहित याचिका खारिज होने से उक्त पांच लोगों को बड़ी राहत मिली है। लुईस मरांडी फिलहाल जेएमएम की विधायक हैं।



### युवा आक्रोश रैली के बाद भाजपा नेताओं पर दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आदेश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, सांसद दीपक प्रकाश, सांसद ढुल्लू महतो युवा मोर्चा के अध्यक्ष शशांक राज और रमेश सिंह समेत 18 नेताओं को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने मोरहाबादी में भाजपा के कार्यक्रम के दौरान पुलिस के साथ झड़प मामले में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आदेश दिया है। आरोपियों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निर्देशों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी थी।

### मोदी से मिलीं अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड, कहा

# आतंकवाद से भारत और अमेरिका मिल कर लड़ेंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी से अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने सोमवार शाम नयी दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान गबार्ड ने इस्लामी आतंकवाद के खतरे को हराने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया। इसे उन्होंने अमेरिकी लोगों के लिए सीधा खतरा बताया।

**आतंकवाद पर मोदी-ट्रंप गंभीर** गबार्ड ने इस बात पर जोर दिया कि पीएम मोदी भी आतंकवाद के खतरे को गंभीरता से लेते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश इस लगातार खतरे से निपटने के लिए एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। आतंकवाद पर गबार्ड ने कहा, 'हम देख रहे हैं कि इसका भारत, बांग्लादेश, सीरिया, इजरायल और मध्य पूर्व के कई



देशों में लोगों पर कैसा प्रभाव पड़ रहा है। मैं जानती हूं कि यह एक ऐसा खतरा है जिसे पीएम मोदी भी गंभीरता से लेते हैं। इसलिए, दोनों देशों के नेता इस खतरे को पहचानने और उसे हराने के लिए मिलकर काम करेंगे। पीएम मोदी के साथ यह मीटिंग रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और तुलसी गबार्ड के बीच बातचीत के बाद हुई।

**मोदी को तुलसी की माला भेंट की :** अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड को पीएम मोदी ने प्रयागराज में संपन्न महाकुंभ से गंगाजल से भरा एक कलश भेंट किया। इसके बदले में अमेरिकी खुफिया चीफ ने पीएम मोदी को तुलसी की माला गिफ्ट की।

**टैरिफ मुद्दे पर मोदी-ट्रंप में सीधी बातचीत :** तुलसी गबार्ड ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में मैंने भारतीय सरकार के अधिकारियों से जो बात की है, उससे पता चलता है कि अमेरिका द्वारा लगाया गया टैरिफ यहां एक अवसर बनकर आया है। टैरिफ मुद्दे पर भारत और अमेरिका के बीच शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर सीधी बातचीत हुई है।

उन्होंने कहा, यह समय भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने का बड़ा और अच्छा अवसर है। गबार्ड ने कहा, मुझे यह देखकर खुशी हुई कि यहां इसे अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण से लिया जा रहा है।

### आइपीएल टीम के कप्तानों की बैठक 20 मार्च को मुंबई में



**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) की सभी टीमों के कप्तान 20 मार्च को प्री-सीजन मीटिंग के लिए मुंबई में इक्कठा होंगे। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, यह मीटिंग दोपहर में बीसीसीआई के हेड क्वार्टर में होगी। इस कार्यक्रममें कप्तानों के अलावा सभी 10 फ्रैंचाइजी के मैनेजर को भी आमंत्रित किया गया है। बीसीसीआई और आइपीएल मैनेजमेंट ने सभी फ्रैंचाइजी को एक ईमेल भेजा है। इसमें एक मीटिंग के बारे में बताया गया है, जो एक घंटे तक चलेगी। इस मीटिंग में टीमों को आगामी सीजन के लिए नए बदलावों के बारे में बताया जाएगा। इसके बाद ताज होटल में एक प्रोग्राम होगा। यह पूरा कार्यक्रम चार घंटे का होगा। इस दौरान सभी कप्तानों का फोटो शूट भी होगा।

## राज्य में फिर लटक सकता है शहरी निकायों का चुनाव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के राज्य निर्वाचन आयुक्त डीके तिवारी का कार्यकाल 22 मार्च को समाप्त हो जायेगा। इससे राज्य में 48 स्थानीय शहरी निकायों में चुनाव कराने की चल रही प्रक्रिया के प्रभावित होने की संभावना है। बताते चलें कि देश के सभी राज्यों ने निर्वाचन आयुक्तों का कार्यकाल पांच साल निर्धारित किया है, लेकिन झारखंड सरकार ने राज्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल चार साल ही निर्धारित किया है। इस कारण 22 मार्च को राज्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल समाप्त हो जायेगा। ऐसे में नये अध्यक्ष की नियुक्ति होने तक चुनावी कार्य प्रभावित रहेगा।

**जिलों में तैयार की जा रही है मतदाता सूची :** इस बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग से मतदाता सूची लेकर उसे स्थानीय निकायों की सीमा के आलोक में तैयार किया है। मतदाता सूची तैयार होने के बाद जिला



मुख्यालयों द्वारा इसे प्रकाशित करने के बाद आपत्तियां मांगी गयी है। आपत्तियों का समाधान करने के बाद जिला मुख्यालयों द्वारा इसे प्रकाशित किया जायेगा। स्थानीय निकायों के चुनाव के मद्देनजर जिलों में जांच कर मतदान केंद्रों की सूची तैयार की जा रही है।

**क्या है मामला :** स्थानीय निकाय चुनाव में पिछड़ी जातियों के आरक्षण के विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिपल टेस्ट को अनिवार्य कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा था कि अगर कोई राज्य बिना ट्रिपल टेस्ट के निकाय चुनाव कराना चाहे तो पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षित सीट को अनारक्षित मानकर चुनाव कराना होगा। यानी बिना ट्रिपल टेस्ट की पिछड़ी जातियों को स्थानीय निकाय में आरक्षण लाभ नहीं मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आलोक में राज्य सरकार ने पिछडा वर्ग आयोग को ट्रिपल टेस्ट की जिम्मेवारी सौंपी है।

### नागपुर में हिंसा, आगजनी पथराव, डीसीपी भी घायल

**नागपुर।** औरंगजेब कब्र विवाद में महाराष्ट्र के नागपुर के महाल इलाके में सोमवार की रात दो पक्षों में हिंसा भड़क गयी। औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर विहिप ने सोमवार को नागपुर के महल में शिवाजी महाराज की प्रतिमा के पास विरोध प्रदर्शन किया। औरंगजेव का पुतला फूंका। इस दौरान दूसरे गुट की ओर पथराव के कारण स्थिति बिगड़ गयी। पथराव की घटना में डीसीपी समेत कई लोग घायल हो गये। कुछ वाहनों में आग भी लगा दी गयी। पुलिस को स्थिति नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागने पड़े, लाठीचार्ज करना पड़ा। पूरे महल इलाके में पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। हिंसा पर नागपुर के डीसीपी अर्चित चांडक ने कहा, यह घटना कुछ गलतफहमी के कारण हुई। स्थिति अभी नियंत्रण में है। मैं सभी से अपील करता हूं कि वे बाहर न निकलें। पत्थरबाजी न करें। पथराव के दौरान मेरे पैर में भी हल्की चोट आयी है। शांति बनाये रखें। इसी इलाके में संघ का मुख्यालय भी है। इलाके में बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गयी है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 80200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 104000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




### 2040 तक चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने के लक्ष्य की दिशा में चंद्रयान-5 महत्वपूर्ण कदम

# चंद्रयान-5 मिशन को केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

खुशखबरी

एजेंसी

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन- इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बताया कि केंद्र सरकार ने चंद्रयान-5 मिशन को मंजूरी दे दी है। यह मिशन भारत के 2040 तक चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा, सरकार ने 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की योजना को भी स्वीकृति दी है। चेन्नई में एक कार्यक्रम के दौरान नारायणन ने बताया कि इसरो आने वाले वर्षों में कई बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारे कई महत्वपूर्ण मिशन जारी हैं। चंद्रयान-4 का मुख्य उद्देश्य चंद्रमा की सतह से सैंपल इकट्ठा करना है, जबकि चंद्रयान-5, जिसे तीन दिन पहले मंजूरी मिली, इसमें 350 किलोग्राम का रोवर होगा। इस मिशन में भारत और जापान मिलकर काम कर रहे हैं। इससे साफ है कि भारत अंतरिक्ष में अपनी क्षमताओं को और मजबूत करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।



वी. नारायणन, इसरो प्रमुख।

इसरो अब तक तीन चंद्रयान मिशन को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुका है। चंद्रयान-3 की सफलता ने भारत को उन देशों की सूची में शामिल कर दिया है, जिन्होंने चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग की है। इससे पहले, केंद्र सरकार ने चंद्रयान-4 मिशन को भी मंजूरी दी थी, जिसका उद्देश्य चंद्रमा पर उतरकर सुरक्षित वापसी और सैंपल कलेक्शन की तकनीक का परीक्षण करना है। इन सभी मिशनों से यह साफ है कि भारत अपने अंतरिक्ष कार्यक्रमों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

नारायणन ने बताया कि भारत अब तमिलनाडु के तटीय गांव कुलसेकरपट्टिनम में दूसरा स्पेसपोर्ट बना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 फरवरी 2024 को इस परियोजना का उद्घाटन किया था। यह स्पेसपोर्ट छोटे उपग्रहों (500 किलोग्राम तक) को लॉन्च करने के लिए स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल के उपयोग के लिए बनाया जा रहा है। इस परियोजना का निर्माण 5 मार्च 2025 से शुरू हो चुका है। इस स्पेसपोर्ट की मदद से भारत छोटे उपग्रहों के वैश्विक लॉन्च बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की दिशा में काम करेगा।

कार्यक्रम के दौरान, इसरो प्रमुख ने पूर्व अध्यक्ष के. सिवन की कड़ी मेहनत की तारीफ की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का एक ही लक्ष्य है- भारत को विकसित बनाना। इसरो की यह नयी पहल भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में वैश्विक शक्ति बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम है। आने वाले वर्षों में, भारत न केवल चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने की तैयारी कर रहा है, बल्कि अपने स्वदेशी अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना की योजना भी बना रहा है। इससे भारत को अंतरिक्ष में दीर्घकालिक शोध करने और वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी।

## केंद्र ने जारी की 67 आतंकवादी व गैरकानूनी संगठनों की नयी सूची

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने देश की सुरक्षा को खतरा पैदा करने वाले 67 प्रतिबंधित संगठनों की नवीनतम सूची जारी की है। गृह मंत्रालय ने अवैध गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (UAPA) के तहत इन संगठनों को आतंकवादी या गैरकानूनी घोषित किया है। इस सूची में 45 संगठनों को आतंकवादी संगठन के रूप में चिह्नित किया गया है, जबकि 22 संगठनों को गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया है। इन प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों में लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिज्बुल मुजाहिदीन, अल-कायदा, इस्लामिक स्टेट (ISIS), खालिस्तान लिबरेशन फोर्स, यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (ULFA), नक्सली संगठन (CPI-Maoist), लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (LTTE)और जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश जैसे संगठन शामिल हैं। ये संगठन भारत में आतंकी हमलों, उग्रवाद और हिंसक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। इसके अलावा, सरकार ने कई संगठनों को गैरकानूनी घोषित किया है, इनमें स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (SIMI ), जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (JKLF ), पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (PFI) और इसके सहयोगी संगठन, खालिस्तान समर्थक संगठन सिख्स फॉर जस्टिस (SFJ) और मणिपुर के कुछ उग्रवादी संगठन शामिल हैं। ये संगठन अलगाववादी गतिविधियों और हिंसा में शामिल रहे हैं, जिससे देश की शांति और स्थिरता को खतरा हुआ है।

नई दिल्ली से भाया देवघर घोड़ थम्बा पहुंचे नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल, कहा

# घोड़थम्बा की घटना पुलिस प्रशासन का सुनियोजित षडयंत्र

## पुलिस प्रशासन हेमंत सरकार की तुष्टिकरण नीति का बना टूल्स

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सोमवार को दिल्ली से भाया देवघर गिरिडीह जिला के घोड़ थम्बा पहुंचे। इस दौरान पीड़ित पक्षों से मिलकर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि होली के दौरान रंग अबीर खेलते हिंदुओं पर पत्थरों एपेट्रोल बम हमला किया गया। इतना ही नहीं पुलिस की भूमिका इस पूरे प्रकरण में अपराधियों, हमलावरों को संरक्षण देने की रही है। उन्होंने कहा कि घोड़ थम्बा में जिस रास्ते को लेकर विवाद हुआ, उसपर प्रतिवर्ष लोग पर्व त्यौहार में जाते रहे हैं। लेकिन इस वर्ष सुनियोजित तरीके से रंग अबीर खेलते हिन्दू भाइयों पर हमला कराया गया। उन्होंने कहा कि पत्थरबाजी के बीच पुलिस की भूमिका से यह स्पष्ट हो गया कि वह तुष्टिकरण के टूल्स की तरह कार्य कर रही है। थाना प्रभारी और सीओ रोड पर गाड़ी लगाकर मूकदर्शक बने रहे और पेट्रोल बम, पत्थर चलता रहा। उन्होंने कहा कि हमले की खबर फैलने के बाद हिन्दू समाज के लोग वहां एकत्रित हुये। लेकिन पुलिस प्रशासन निदोर्षों को भी जानबूझकर फंसा रही है। यह मामला शुद्ध रूप से एक पक्षीय हमला का है। लेकिन इसे पुलिस प्रशासन द्वारा द्विपक्षीय बनाकर निदोर्षों को प्रताड़ित किया जा रहा है।अगर शांति से पर्व त्यौहार भी मना सकते तो फिर हिन्दू समाज कैसे रहे। उन्होंनो कहा कि जिन्हें रंग अबीर से परेशानी है उन्हें खून खराबा करने में कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष और पुलिस प्रशासन गलत बयानी कर रहा है। जिनके हाथ में रंग अबीर थे उन्हें जेल भेजा जा रहा और जिनलोगो ने पत्थर फेंके उन्हें बचाया जा रहा है। कार्रवाई तो पत्थरबाजों पर होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि एफआइआर देखकर ऐसा लग रहा जैसे हिन्दू समाज के लोग मस्जिद पर आक्रमण करने जा रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर लोगों को न्याय नहीं मिलेगा तो भाजपा केवल गिरिडीह में ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड में राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने मांग किया कि घोड़ थम्बा थाना प्रभारी और सीओ को तत्काल हटाया जाये। जिनके दुकान और संपत्ति जलाये गये, उन्हें मुआवजा मिले। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अगर त्वरित कार्रवाई नहीं करती तो वे गिरिडीह में लोगों को न्याय दिलाने केलिये धरने पर भी बैठने को मजबूर होंगे।

# सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस में दाखिले की प्रवेश परीक्षा 24 को

## आज से बच्चे स्कूल जाकर ले सकते हैं एडमिट कार्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में संचालित सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस में दाखिले की प्रवेश परीक्षा 24 को होगी। सरकार के स्तर पर दाखिले के प्रवेश परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गयी है। मंगलवार से संबंधित स्कूलों से अभ्यर्थियों को दाखिले की प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए एडमिट कार्ड दिये जायेंगे। यह जानकारी जिला शिक्षा परियोजना के सहयाक परियोजना पदाधिकारी कौशल कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि जिले में संचालित पांच मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा की तिथि 24 मार्च निर्धारित है । सभी संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे 18 से 23 मार्च 2025 तक (सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच) संबंधित विद्यालय (जिस विद्यालय में आवेदन किया गया है) से परीक्षा में शामिल होने के लिए अपना-अपना एडमिट कार्ड प्राप्त करना सुनिश्ति करेंगे।

**इस योजना के तहत राज्य में 80 स्कूल हैं**



**संचालित :** झारखंड में राज्य सरकार द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत 80 उत्कृष्ट विद्यालय संचालित हैं। सभी विद्यालय सीबीएसई पैटर्न पर आधारित हैं और कक्षा 1 से 12वीं तक शिक्षा प्रदान करते हैं। सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेस का मुख्य उदेश्य झारखंड में सरकारी स्कूलों के बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना है। इसका संचालन राज्य सरकार करती है और यह स्कूल सीबीएसई पैटर्न पर आधारित हैं। इन विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक की पढ़ाई होती है। कुछ स्कूलों में 9वीं से 12वीं तक और कुछ में 6वीं से 12वीं तक की ही पढ़ाई होती है।

### फैक्ट फाईल

- इन स्कूलों में लैंग्वेज लैब, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, मैथ्स लैब, पुस्तकालय और स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध है।
- **खेल:** छात्रों के शारीरिक विकास के लिए खेलकूद की सुविधा भी है।
- **प्रवेश:** प्रवेश परीक्षा के आधार पर होता है।
- **वर्तमान संख्या:** राज्य में 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस हैं।
- **भविष्य की योजना:** सरकार की योजना है कि इन स्कूलों की संख्या बढ़ाकर 4000 से अधिक की जाये।
- **प्रवेश प्रक्रिया:** 20 जनवरी से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई थी और आवेदन की अंतिम तिथि 10 फरवरी थी, जिसे बढ़ाकर 20 फरवरी कर दिया गया था।

# कांग्रेस के संगठन प्रभारी से दिल्ली में मिले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, संगठनात्मक कार्यो की दी जानकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव व संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल से सोमवार को उनके सरकारी आवास पर मुलकात कर प्रदेश कांग्रेस द्वारा किये जा रहे संगठनात्मक कार्यो के बारे में जानकारी दी।

श्री कमलेश ने संगठन प्रभारी को विगत 06 फरवरी से 10 फरवरी झारखण्ड में प्रमण्डलवार झारखण्ड प्रभारी के. राजू द्वारा जिलाध्यक्ष, प्रखण्ड अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष एवं कांग्रेसजनों के साथ संगठन सृजन परिचर्चा कार्यक्रम की जानकारी दी तथा मंत्रियों को प्रमण्डलवार एवं विधायकों को जिलावार दिये गये जिम्मेवारी से भी अवगत कराया। साथ हीं दिनांक 13 मार्च, 15 मार्च को झारखण्ड प्रभारी एवं कांग्रेस के मंत्रियों के साथ किए गये जूम मिटिंग कर सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं को धरातल पर उतारने हेतु किए गए चर्चा की भी जानकारी दी और कांग्रेस के मंत्रियों द्वारा किये गये कार्यों की भी जानकारी दी।

श्री कमलेश ने संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल को झारखण्ड प्रदेश में चल रहे संविधान बचाओ पदयात्रा कार्यक्रम, जो राष्ट्रीय स्तर पर चले रहे हैं, से अवगत कराते हुए कहा कि यह कार्यक्रम में पंचायत, प्रखण्ड स्तर पर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को एक साल तक राज्य के सभी जिला, प्रखण्ड एवं पंचायत तक पहुंचाना लक्ष्य है। मुलकात के दौरान संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने इस कार्यक्रम की सफलता सुनिश्ति करने के लिए कांग्रेस के मंत्रियों, विधायक दल के नेता, उपनेता, विधायकों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों को उस क्षेत्र में रहने का निर्देश दिया गया है ताकि इस कार्यक्रम का संदेश आमजन तक पहुंच सके। मुलकात के दौरान प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ प्रदेश कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू भी थे।

## करोड़ों के गबन की आरोपियों की डिस्चार्ज याचिका खारिज

**रांची।** गढ़वा जिले के रमना डाकघर से दो करोड़ 10 लाख 41 हजार 382 रुपये के गबन के मामले में चार्जशीटेड आरोपी अश्विनी कुमार, संजय कुमार गुप्ता एवं विकास कुमार को झटका लगा है। तीनों की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका सुनवाई के बाद सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने खारिज कर दी है। साथ ही, अदालत ने मामले में आरोप गठन के दिन आरोपियों को सशरीर मौजूद रहने को निर्देश दिया है। मामले का मुख्य आरोपी रमना उप डाकघर के तत्कालीन उप डाकपाल व छत्तरपुर थाना क्षेत्र के सिलदाग निवासी कामेश्वर राम है। याचिकाकर्ता सह आरोपी व्यक्तियों और रमना उप डाकघर, गढ़वा के उप डाकपाल कामेश्वर राम के साथ आपराधिक साजिश में लिप्त था। बेईमानी और धोखाधड़ी से आरडी खाते की परिपक्वता राशि मिलते जुलते नाम वाले बचत बैंक खातों में स्थानांतरित कर दी गई और बाद में निकाल ली गई। इससे सरकारी खजाने को 2,10,41,382 रुपये का गलत नुकसान हुआ। 2019 में हुये फजीर्वाड़े को लेकर साल 2022 में सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रारंभ की थी।

## प्रदेश कांग्रेस राजीव गांधी पंचायती राज विभाग की पदयात्रा 19 से



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुमित शर्मा और प्रदेश प्रवक्ता संतनू मिश्रा ने कहा कि राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के द्वारा झारखंड में घट रहे वन, नदियों का जलस्तर, पंचायती राज अधिनियम को पूर्ण रूप से लागू करने, नगर निकाय चुनावों में पूर्व के भाजपा सरकार में तय किए गए उम्र और तीन बच्चों के प्रावधान को बदलने की मांग को लेकर भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलीहातू से बापू वाटिका मोरहाबादी रांची तक के चार दिवसीय स्वराज पदयात्रा का शुभारंभ 19 मार्च को होगा जिसका समापन 22 मार्च को बापू वाटिका रांची में होगा। पदयात्रा के समापन समारोह में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश शामिल होंगे। नेता द्वय सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे।

नेताओं ने कहा कि इस यात्रा का उदेश्य पहाड़ पानी पौधा पंचायती राज और पेसा कानून को लेकर लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि वन विभाग के आंकड़ों में झारखंड के कुल क्षेत्रफल का 29 प्रतिशत वन क्षेत्र दिखाया गया है। जबकि वास्तविकता यह है कि लगभग 20% भूमि पर ही जंगल बचे हैं,शेष जमीन बंजर भूमि है। लगातार हो रही वनों की कटाई का सीधा असर यहां निवास करनेवाले लोगो पर पड़ रहा है। इसके बावजूद वन विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। नेताओं ने कहा कि आज इस राज्य में खनन और अवैध कटाई से जंगल समाप्त हो रहे हैं। यह यात्रा जिन क्षेत्रों से गुजरेगी उन क्षेत्रों में जंगल को बचाने, पौधे लगाने, नदियों और पहाड़ों को संरक्षित करने के लिए जन चेतना का भी निर्माण करेगी।

## खबर एक नजर में

### झारखंड के कई सीओ व रजिस्ट्रार को मिली बड़ी राहत हाईकोर्ट ने शिवशंकर शर्मा की पीआइएल की खारिज

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के 10 अंचलाधिकारियों और कई रजिस्ट्रार के खिलाफ दायर जनहित याचिका खारिज कर दी है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की कोर्ट ने यह कहते हुए याचिका खारिज की कि प्रार्थी ने जो आरोप लगाये हैं, उससे जुड़े कोई तथ्य या दस्तावेज पेश नहीं किये गये। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता और उनके सहयोगी अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने बहस की। दरअसल प्रार्थी शिवशंकर शर्मा की ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी थी। जिसमें कहा गया था कि अंचलाधिकारियों और रजिस्ट्रार ने साजिश के तहत गैर मजरुआ खास, गैर मजरुआ मालिक, प्रतिबंधित जमीन व छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम के तहत आने वाली जमीनों को गलत तरीके से बंदोबस्त और रजिस्ट्री कर सरकारी राजस्व को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाया है। दायर याचिका में रांची जिले के नामकुम अंचल, हेहल अंचल, ओरमांझी अंचल, रांची सदर और नामकुम अंचल के सीओ के अलावा चास, गिरिडीह सदर, चंदनकियारी, सरिया और खूंटी सीओ पर भी गड़बड़ी करने का आरोप लगाया गया है। साथ ही इस मामले की जांच करने और दोषियों पर कार्रवाई करने मांग की गयी थी।

### मईयां सम्मान योजना की 18 लाख महिलाओं के साथ विश्वासघात : राफिया नाज

**रांची।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने हेमंत सरकार द्वारा 18 लाख महिलाओं की मइयां सम्मान योजना की राशि रोकने पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार महिलाओं के साथ सम्मान के नाम पर छल और विश्वासघात कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह केवल एक झूठा वादा था कि सभी महिलाओं को मइयां सम्मान की राशि मिलेगी। इसलिये, 18 लाख महिलाओं को अब तक एक भी रुपया नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि महिला सम्मान की बात करने वाली सरकार ने 18 लाख माताओं, बहनों और बेटियों के हक को कुचला है। मइयां सम्मान के तहत सरकार द्वारा जारी किए गए ना तो हेल्पलाइन नंबर काम कर रहे हैं,ख ना ही वेबसाइट। इन समस्याओं का समाधान करने के बजाय सरकार केवल लोगों को ठगने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के अधिकारों को दबाया जा रहा है। इसलिये अब तक न तो महिला आयोग का गठन हुआ है और न ही धरातल पर महिलाओं को सशक्त करने के लिये एक भी योजना उतारी गई है। चाहे वह 2000 चूल्हा खर्च हो, 2500 विधवा-वृद्धा पेंशन हो या बेटियों की मुफ्त शिक्षा से लेकर महिला बैंक हो। उन्होंने कहा कि सभी महिलाओं को जल्द मइयां सम्मान की राशि नहीं मिली, तो भाजपा चरणबद्ध आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का कहना था कि मइयां सम्मान योजना के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध है और बजट में झारखंड सरकार ने 1.45 लाख करोड़ का बजट मइयां सम्मान के लिये पेश किया है, तो फिर 18 लाख महिलाओं को उनकी राशि क्यों नहीं दी गई।

### विशेष मध्यस्थता अभियान के पहले दिन कुल 16 मामलों में मिली सफलता

**रांची।** विशेष मध्यस्थता अभियान की शुरूआत सोमवार से हुई। यह अभियान 21मार्च तक चलेगा। पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के पहले दिन परिवार न्यायालय एवं विभिन्न न्यायालयों से कुल 29 मामले अग्रसारित होकर मध्यस्थता केन्द्र में प्राप्त हुए ।जिन्हें भिन्न-भिन्न मध्यस्थ को सुपुर्द किया गया।जिनमें कुल 16 मामलों में सफलता मिली और दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गए।


जिला निर्वाचन पदाधिकारी(नगरपालिका) -सह-उपायुक्त का कार्यालय, खूँटी (निर्वाचन शाखा)

निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन की सूचना

एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 (यथासंशोधित) के नियम 14 के अनुसार मतदाता सूची तैयार हो गई है और उसकी एक प्रति अधोहस्ताक्षरी कार्यालय/नगर पंचायत कार्यालय एवं संबंधित वार्ड कार्यालयों में भी मतदाता सूची आम जनों के निरीक्षण हेतु प्रत्येक कार्यालय दिवस में समय 11:00 बजे से 05:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। साथ ही उक्त मतदाता सूची जिले के वेबसाईट www.khunti.nic.in पर भी उपलब्ध है।

निर्वाचक नामावली तैयार किए जाने की अर्हक तिथि 01.10.2024 है। उक्त अर्हक तिथि के संदर्भ में नामावली में किसी नाम को सम्मिलित किए जाने के लिए कोई दावा या किसी नाम के सम्मिलित किये जाने के लिए कोई आक्षेप किया जाता है या किसी प्रविष्टि विशिष्टियों की वाबत कोई आक्षेप हो तो वह दावा/आक्षेप/आपत्ति दिनांक 20.03.2025 तक प्रपत्र–क(परिशिष्ट–1) एवं प्रपत्र–ख (परिशिष्ट–2) में अपना दावा/आपत्ति लिखित रूप में उपरोक्त कार्यालय/संबंधित पर्यवेक्षक को प्रस्तुत कर सकेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) –सह– उपायुक्त, खूँटी

PR 348566 (Election)24-25*D


# सीएमपीडीआई एवं भारत सेवाश्रम संघ के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के तहत रांची जिले के बुंडू और तमाड़ प्रखंड के ग्रामीणों की गंभीर स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारत सेवाश्रम संघ (बीएसएस), रांची को एक एम्बुलेंस उपलब्ध कराने हेतु समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया गया। सीएमपीडीआई ने इस परियोजना के लिए 15.08 लाख रुपए की निधि स्वीकृत किया है। सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) आरके महापात्रा और भारत सेवाश्रम संघ (बीएसएस) के सचिव स्वामी भूतेशानंद के बीच समझौता ज्ञापन (एमओए) का आदान-प्रदान किया गया।

इस मोबाइल मेडिकल यूनिट (एम्बुलेंस) के जुड़ने से इन दूरदराज के क्षेत्रों में अधिक से अधिक चिकित्सा शिविर आयोजित करने और ग्रामीणों को महत्वपूर्ण आपातकालीन चिकित्सा सेवा प्रदान करने में भारत सेवाश्रम संघ (बीएसएस) की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस अवसर पर सीएमपीडीआई (मुख्यालय) की एचआरडी/सीएसआर टीम और भारत सेवाश्रम संघ (बीएसएस) की टीम भी मौजूद थी।


कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची (भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड, राँची) कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा वीर बुधू भगत भवन, दुसरा तल्ला, लोहरदगा E-mail ID: -scolohardaga@gmail.com

आम-सूचना

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या 10 दिनांक 04.05.2023 के द्वारा राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में मृदा एवं जल संरक्षण योजना अन्तर्गत बंजर भूमि/राईस फैलो विकास उपयोजना अन्तर्गत पांच एकड़ से कम जल क्षेत्र वाले सरकारी/निजी तालाबों का जिर्णोद्वार/गहरीकरण एवं जलनिधि उपयोजना अन्तर्गत परकोलेशन टैंक निर्माण एवं डीप बोरिंग की योजना कार्यान्वयन हेतु स्वीकृति प्रदान की गई थी। विभागीय पूरक स्वीकृत्यादेश संख्या 105 दिनांक 30.03.2024 के द्वारा स्वीकृत योजना के विरूद्ध विपत्र की निकासी हेतु दिनांक 31.08.2024 तक में विपत्रों की निकासी हेतु स्वीकृति प्रदान की गई थी उक्त के आलोक में कुछ पानी पंचायतों के द्वारा योजना के विरूद्व विपत्रों की निकासी की गई, लेकिन लोहरदगा जिला अन्तर्गत सभी पानी पंचायतों के द्वारा ससमय विपत्र एवं काम समाप्त होने संबंधित सूचना नहीं दी गई। पुनः विभागीय पूरक आदेश संख्या 94 दिनांक 17.01.2025 के द्वारा उक्त योजना के पूर्ण करने हेतु कार्यहित में समेति के पी0 एल0 खाता में हस्तांतरित राशि के अवशेष दायित्वों को भुगतान करने तथा अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने हेतु उक्त योजना के कार्यान्वयन अवधि को मार्च 2025 (31.03.2025) तक विस्तारित किया गया है। विस्तारित अवधि तक राशि व्यय नहीं किये जाने की स्थिति में पी0 एल0 खाता में जमा अवशेष राशि को राजकोष में जमा करने का आदेश भी विभाग द्वारा निर्गत किया गया है।

अतः उक्त आदेश के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में मृदा एवं जल संरक्षण योजना अन्तर्गत बंजर भूमि/राईस फैलो विकास उपयोजना अन्तर्गत पांच एकड़ से कम जल क्षेत्र वाले सरकारी/निजी तालाबों का जिर्णोद्वार/गहरीकरण एवं जलनिधि उपयोजना अन्तर्गत परकोलेशन टैंक निर्माण एवं डीप बोरिंग की योजना के सभी पानी पंचायतों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.03.2025 तक निश्चित रूप से विपत्रों का दावा करना सुनिश्चित किया जाय अन्यथा उक्त आवधि बीत जाने या वित्तीय वर्ष 2024–25 (दिनांक 31.03.2025) के बाद कोई भी दावा विभाग, भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड, राँची एवं भूमि संरक्षण कार्यालय, लोहरदगा पर पानी पंचायतों का मान्य नहीं होगा। इसके लिए सीधेतौर पर संबंधित पानी पंचायत जिम्मेवार होंगें।

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पते पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्यालय का पता – भूमि संरक्षण कार्यालय लोहरदगा, वीर बुधू भगत भवन, दुसरा तल्ला, लोहरदगा, पिन कोड–835302, फोन नं0 – 7979050693

ह0/– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 348596 Lohardaga (24-25)_D


# चैत्र नवरात्र 30 से, हाथी पर आ रहीं हैं मां

## इस बार नवरात्रि नौ नहीं बल्कि आठ दिनों का होगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चैत्र नवरात्रि इस बार 30 मार्च से शुरू हो रहा है। चैत्र नवरात्रि का प्रारंभ चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है, जो 30 मार्च से होने वाली है। इस बार नवरात्रि नौ नहीं बल्कि आठ दिनों का होगा। वैदिक पंचांग के अनुसार, प्रतिपदा तिथि की शुरूआत 29 मार्च को शाम 4 बजकर 32 मिनट पर हो रही है, जो अगले दिन यानी 30 मार्च को दोपहर 12 बजकर 45 मिनट तक रहेगा। उदया तिथि के अनुसार, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि का मान्य 30 मार्च को होगा। कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त 30 मार्च को सुबह 06.13 से 10.22 बजे तक का है। वहीं दोपहर 12.01 से 12.50 बजे तक अभिजीत मुहूर्त है, जिसमें कलश स्थापित करना विशेष फलदायक होता है। वहीं रामनवमी 6 अप्रैल को होगा। चैत्र नवरात्रि मां दुर्गा की अलग-अलग रूप में उपासना की जाती है।



**हाथी पर आ रही हैं मां दुर्गा :** चैत्र नवरात्रि के साथ ही हिंदू नववर्ष भी शुरू हो जायेगा। धार्मिक मान्यताओं की मानें तो नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा पृथ्वीलोक पर आती हैं। उनका आगमन विशेष वाहनों से होता है। इस बार मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आ रही हैं, क्योंकि नवरात्रि रविवार से प्रारंभ हो रहा है। हाथी को भारतीय संस्कृति में शांति, स्मृति, और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। हाथी पर मां दुर्गा का आगमन शुभ संकेत माना जाता है। इससे धन-धान्य में वृद्धि होती है। साथ ही देश में शांति और समृद्धि का आगमन होगा। नवरात्रि की शुरूआत यदि रविवार या सोमवार से होता है तो मां दुर्गा का आगमन हाथी से होता है। यदि मंगलवार या शनिवार से होता है तो मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आती हैं। गुरुवार या शुक्रवार को यदि नवरात्रि की शुरूआत होती है तो माता रानी डोली पर सवार होकर आती हैं। वहीं अगर नवरात्रि की शुरूआत बुधवार को हो रही है तो मां दुर्गा का आगमन नौका से होता है।

**कलश स्थापना की विधि :** कलश स्थापना की विधि शुरू करने से पहले सूर्योदय से पहले उठें और स्नान करके साफ कपड़े पहनें. उसके बाद एक साफ स्थान पर लाल रंग का कपड़ा बिछाकर माता रानी की प्रतिमा स्थापित करें. इस कपड़े पर थोड़े चावल रखें. एक मिट्टी के पात्र में जौ बो दें. इस पात्र पर जल से भरा हुआ कलश स्थापित करें. कलश पर स्वास्तिक बनाकर इसपर कलावा बांधें. कलश में साबुत सुपारी, सिक्का और अक्षत डालकर अशोक के पत्ते रखें. एक नारियल लें और उस पर चुनरी लपेटकर कलावा से बांधें. इस नारियल को कलश के ऊपर पर रखते हुए देवी दुर्गा का आवाहन करें. इसके बाद दीप आदि जलाकर कलश की पूजा करें. नवरात्रि में देवी की पूजा के लिए सोना, चांदी, तांबा, पीतल या मिट्टी का कलश स्थापित किया जाता है।

### ऐसे करें कलश स्थापन

कलश को गलत दिशा में स्थापित करने से बचें। ईशान कोण (उत्तर-पूर्व) की दिशा में ही कलश को स्थापित किया जाना चाहिए। यह देवताओं की दिशा होती है। कलश का मुंह खुला नहीं रखें। इसे किसी ढक्कन से ढककर ही रखें। ढक्कन को चावलों से भर दें और उसके ठीक बीचोबीच नारियल रखें। कलश को स्थापित करने से पहले देवी मां के सामने अखंड ज्योति प्रज्वलित करें। कलश स्थापित करते वक्त साधक को अपना चेहरा पूर्व या उत्तर दिशा में ही रखना चाहिए। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। घटस्थापना का स्थल बाथरूम या किचन के आस-पास नहीं होना चाहिए। अगर पूजा स्थल के ऊपर कोई आलमारी या सामान रखने की जगह है तो उसे भी अच्छी तरह साफ कर लें।

# शहर में ड्रंक एंड ड्राइव मामलों पर सख्ती बरतें : मंजूनाथ भजन्त्री

सभी अधिकारी आम जनों की शिकायत को दूर करने के लिए संवेदनशील रहें : उपायुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि सभी अधिकारी आम जनों की शिकायत को दूर करने के लिए संवेदनशील रहें। उन्होंने सोमवार को आयोजित बैठक में जिला स्तरीय सभी वरीय अधिकारियों/ पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन आम जनों की शिकायत, विधि-व्यवस्था, सरकारी भूमि पर कब्जा, ड्रंक एंड ड्राइव, ध्वनि प्रदूषण, जन शिकायत कोषांग में आए शिकायतों का तेज गति से निष्पादन, भूमि विवाद, लंबित दाखिल खारिज एवं अन्य मामलों के त्वरित गति से निष्पादन को लेकर काफी गंभीर है। इसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपनी प्रतिबद्धता दिखानी होगी तथा सभी मामलों में संवेदनशील रहना होगा। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी से कहा कि शहर में ड्रंक एंड ड्राइव के मामले बहुत आ रहे हैं, जिसके कारण बहुत मौतें हो रही हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इसकी रोकथाम के लिए अभियान चलायें, ताकि इन मौतों को काफी हद तक कम किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी समय पर कार्यालय आयें एवं आम लोगों की शिकायतों को संजीदगी से सुनें।

### ध्वनि प्रदूषण की शिकायतों पर कार्रवाई का निर्देश

बैठक में उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि रांची शहर और आस-पास क्षेत्रों से शिकायत प्राप्त होती है, हि बियर बार, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल एवं अन्य जगहों में ध्वनि प्रदूषण के उल्लंघन बहुत होते हैं। इसपर माननीय उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पालन हर हाल में हो यह सुनिश्चित करें। ध्वनि प्रदूषण की शिकायत आमजन टॉल फ्री न.112 में कर सकते हैं। साथ नजदीकी पुलिस स्टेशन में जाकर अपनी शिकायत कर सकते हैं।

### अबुआ साथी में आये शिकायतों का करें निष्पादन

उपायुक्त ने कहा कि अबुआ साथी में आए शिकायतों का निष्पादन में तेजी लायें ताकि आम लोगों का विश्वास जिला प्रशासन में बना रहे। कार्यालयों में दलाल, बिचौलिया किसी भी परिस्थिति में ना आए यह सम्बंधित सभी अधिकारी सुनिश्चित रूप से ध्यान दें। ऐसे तत्वों पर जिला प्रशासन कानूनी कार्रवाई भी करेगा। आम जन भी ऐसी शिकायत को सीधे तौर पर जिला प्रशासन को अबुआ साथी में भी कर सकते हैं।

इसके अलावा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से कई तरह के भूमि संबंधित मामलें लगातार आते हैं। जिसको दूर करने को लेकर उपायुक्त द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए भूमि विवाद के मामलों को दूर करने के लिए सेल बनाने को लेकर चर्चा की। इसमें सीएनटी एक्ट उल्लंघन के मामले, सरकारी भूमि पर कब्जा, भूमि से जुड़े फर्जीवाडा जेसे मामलों का निष्पादन किया जायेगा।

## झारखंड जनाधिकार महासभा ने राज्य सरकार से की मांग

# पेसा विवाद : सरकार जेपीआरए में संशोधन बिना न बनाये नियमावली

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड जनाधिकार महासभा ने सोमवार को रांची प्रेस क्लब में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर राज्य सरकार से यह मांग की कि अबुआ राज की भावना के अनुसार पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 (पेसा) को पूरी तरह से लागू किया जाए। इसके लिए झारखंड पंचायत राज अधिनियम, 2001 (जेपीआरए) में संशोधन कर पेसा के सभी प्रावधानों को शामिल करने की आवश्यकता है। महासभा का कहना है कि पेसा की राज्य नियमावली के ड्राफ्ट में भी सुधार की आवश्यकता है। महासभा ने जेपीआरए में प्रस्तावित संशोधनों और नियमावली में सुधार के लिए एक ड्राफ्ट भी जारी किया। प्रेस कांफ्रेंस में महासभा के अलोका कुजूर, दिनेश मुर्मू, डोमका सोय, एलिना होरे, जॉर्ज मोनिपल्ली और रिया तुलिका पिंगुआ ने अपने विचार प्रस्तुत किए। महासभा का स्पष्ट कहना था कि झारखंड में पेसा कानून पहेली बनकर रह गया है। जब कभी भी इसे लागू करने की कवायद की जाती है तो यह विवाद की भेंट चढ़ जाता है। हालत यह है कि झारखंड विधानसभा ने 2001 में झारखंड पंचायती राज अधिनियम 2001 पारित किया था। जिसके तहत राज्य के सभी गैर अनुसूचित और अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायती व्यवस्था को सुदृढ़ करना था, मगर इसे आज तक पूर्ण रूप से लागू नहीं किया जा सका है।

महासभा ने कहा कि समय-समय पर पेसा एक्ट लागू करने को लेकर मांगें तेज होती रही और इस संदर्भ में न्यायालय के भी आदेश आते रहे हैं। राज्य सरकार ने 2023 में एक ड्राफ्ट नियमावली बनाई और लोगों से इस पर सुझाव मांगा गया।



### झारखंड जनाधिकार महासभा की दलील

झारखंड जनाधिकार महासभा ने वर्तमान नियमावली में पेसा और अबुआ राज के मूल भावना के अनुरूप अनेक खामियां बताते हुए जेपीआरए में आवश्यक संशोधन किए बगैर नियमावली नहीं बनाने की मांग की है। जनाधिकार महासभा का मानना है कि इसके जरिए ग्राम सभा मजबूत नहीं होगा, बल्कि कमजोर होगा।

करीब 2 साल बीतने के बाद पंचायती राज विभाग तैयार ड्राफ्ट पर आए 154 सुझावों पर काम करने में जुटा है। इसके बावजूद फाइनल ड्राफ्ट पब्लिकेशन से पहले इस पर विरोध के स्वर तेज हो गए हैं।

### नियमावली में संशोधन पर जोर

झारखंड आंदोलनकारी डेमका सोय कहते हैं कि पेसा के अनुसार ग्राम सभा आदिवासी भूमि का गलत तरीके के हस्तांतरण को रोकने और ऐसी भूमि वापस करवाने के लिए सक्षम है, लेकिन नियमावली में इस प्रक्रिया में निर्णायक उपायुक्त को बनाया गया है। इसे संशोधित कर ग्राम सभा को निर्णायक बनाया जाए और उपायुक्त को केवल कार्यान्वयन की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। इसके अलावा नियमावली में ग्राम सभा के लिए कुल सदस्यों के महज 1/3 की उपस्थिति का कोरम रखा गया है। यह सामूहिक निर्णय प्रक्रिया को कमजोर करता है। प्रस्तावित संशोधन में इसे कम से कम 50 प्रतिशत किया जाए। उन्होंने कहा कि विधानसभा बजट सत्र के दौरान 19 मार्च को सभी विधायकों से पेसा की मूल भावना को लागू करने का आग्रह किया जाएगा।

### नियमावली में खानापूर्ति न हो

वहीं सामाजिक आंदोलन से जुड़े जोर्ज मोनिपल्ली कहते हैं कि पेसा के तहत जो अधिकार ग्राम सभा को मिले हैं वह सही तरीके से लोगों को मिले, ना कि खानापूर्ति कर जैसे-तैसे दे दिया जाए। उन्होंने कहा कि बिना जेपीआरए में प्रावधान किए नियमावली बनाना कानूनी रूप से उचित नहीं होगा। क्योंकि इसके बाद जो कोई भी कोर्ट जाएगा तो न्यायालय इसे अमान्य कर देगा। महासभा का मानना है कि पेसा के अनुसार ग्राम सभा सर्वोपरि है। अगर किसी भी सरकारी अथवा गैर सरकारी इकाई द्वारा सामुदायिक स्वायतत्ता, सामुदायिक प्रबंधन, संस्कृति आदि का उल्लंघन होता है तो ग्राम सभा कार्रवाई के लिए सक्षम है, लेकिन यह बिंदु पूरी नियमावली में गौण है। नियमावली में वर्णित दो प्रकार की ग्राम सभा यथा ग्राम सभा और पारंपरिक ग्राम सभा का उल्लेख होने पर एतराज जताते हुए नियमावली में केवल ग्राम सभा शब्द का प्रयोग करने की मांग की है।

# गैरमजरूआ आम है सिरमटोली की जमीन : जिला प्रशासन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जिला भू-अर्जन पदाधिकारी कृष्ण कन्हैया राजहंस ने कहा कि सिरमटोली की जमीन की जांच-पड़ताल की गयी है और यह गैरमजरूआ आम जमीन है, जो सरकार की संपत्ति है। इसलिए मुआवजा की राशि नहीं दी गयी है। भू-अर्जन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोशल मीडिया पर जो भू-अर्जन की नोटिस तेजी से वायरल हो रही है, वह सत्य है और यह केंद्रीय सरना समिति के नाम पर वायरल हो रही है। इस दौरान केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि सोशल मीडिया पर जो नोटिस वायरल हो रही है, वह समिति को प्राप्त नहीं हुई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही नोटिफिकेशन में सिरमटोली रैयत केंद्रीय सरना समिति के नाम पर पैंतीस लाख तीस हजार पांच सौ सतहतर रुपये का मुआवजा निर्धारित किया गया है। रांची समाहरणालय जिला भू-अर्जन शाखा द्वारा जारी इस नोटिफिकेशन में लिखा है कि सिरमटोली चौक से लेकर राजेंद्र चौक तक 1.60 किमी एलीवेटेड कॉरिडोर पथ निर्माण परियोजना का उल्लेख है। भू-अर्जन वाद संख्या 46/2021-22 में उपरोक्त भूमि अर्जन वाद में मुख्य व्यक्ति समझा गया है। 21 जनवरी 2023 को सिरमटोली से संबंधित कागजात प्रस्तुत करने की बात कही गई थी और कागजात प्रस्तुत करने पर 35,30,577 रुपये का मुआवजा देने का निर्धारण किया गया था।

# आदिवासी संगठनों ने विधायकों की निकाली शव यात्रा

**सिरम टोली फ्लाईओवर में बने रैंप का विरोध**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** केन्द्रीय सरना स्थल सिरम टोली बचाओ मोर्चा के बैनर तले सोमवार को आदिवासी संगठनों के अगुवाओं एवं विभिन्न सरना समिति के सदस्यों और खोड़हा दल के द्वारा आदिवासी समाज ने 29 आदिवासी विधायकों एवं रांची विधानसभा विधायक सीपी सिंह और रांची लोकसभा सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की शव यात्रा सिरम टोली फ्लाईओवर रैंप से अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाली। शव यात्रा में सामाजिक अगुवा बाहा लिंडा ने सर मुडुवा कर सभी शवों का अंतिम संस्कार किया। सभी अगुवाओं ने कहा कि जल जंगल जमीन और आदिवासी हक अधिकार की बात करने वाली अबुवा सरकार आज के बाद से आदिवासी समाज के लिए मर चुकी है। फ्लाईओवर का रैंप अब भी नहीं हटा तो आंदोलन और भी तेज होगा। शव यात्रा के समय सभी आदिवासी समाज ने अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचे और अल्बर्ट एक्का चौक के तीन चक्कर लगाकर सभी शवों को रखकर शोक व्यक्त किया और आग लगा कर दहन किया। शव यात्रा में अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, चडरी सरना समिति, केन्द्रीय सरना समिति, आदिवासी जन परिषद, आदिवासी मूलवासी मंच, जय आदिवासी केन्द्रीय परिषद, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा, ग्राम सभा मधुकम, एदलहातु सरना समिति, न्यू गार्डेन सरना समिति सिरम टोली, बनिया टोली सरना समिति, ग्राम सभा पुरानी रांची, सरहुल नगर बरियातू, लेम सरना समिति, हातमा सरना समिति, नगड़ा टोली सरना समिति एवं सरना समिति के लोग थे।



### आदिवासी संगठनों ने 22 को रांची बंद किया ऐलान

**रांची।** सिरम टोली मेकॉन फ्लाई ओवर का रैंप हटाने को लेकर आदिवासी समाज का विरोध जारी है। आदिवासी समाज ने रैंप को हटाने की मांग की है। इसको लेकर विरोध-प्रदर्शन का कार्यक्रम तैयार किया गया है। 21 मार्च को मशाल जुलूस निकाला जाएगा। 22 मार्च को रांची बंद बुलाया गया है।

आदिवासी समाज का कहना है कि एक अप्रैल को सरहुल है। गांव, मोहल्ला, टोलों से निकलने वाली शोभायात्रा और जुलूस इस सरना स्थल पर पहुंचेगी। रैंप की वजह से सरहुल पर्व के दिन बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इस विरोध को देखते हुए काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## खबर एक नजर में

### कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के भाई को नहीं मिली औपबंधिक जमानत

**रांची।** गैंगस्टर अमन साहू के अंतिम संस्कार और अन्य क्रियाकर्म में शामिल होने के लिये उसके छोटे भाई आकाश साहू के द्वारा मांगी गई औपबंधिक जमानत याचिका खारिज हो गई है। बुधवार को एनआईए की विशेष कोर्ट ने एनआईए और आकाश साहू की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोमवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। मालूम हो कि मुठभेड़ में मारे गये गैंगस्टर अमन साहू के भाई आकाश साहू ने सिविल कोर्ट से औपबंधिक जमानत मांगी है। उसने एनआईए की विशेष कोर्ट में याचिका दाखिल कर 13 दिनों की औपबंधिक जमानत मांगी है। आकाश साहू फिलहाल होटवार जेल में बंद है।

### सभी कोर्ट में उपस्थित होंगे हाईकोर्ट के अधिवक्ता, एडवोकेट एसोसिएशन की जीबी में प्रस्ताव पारित

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के सभी अधिवक्ता सोमवार से चीफ जस्टिस समेत तीन जजों की कोर्ट में न्यायिक कार्य में हिस्सा लेंगे। यह प्रस्ताव सोमवार को हुई एडवोकेट एसोसिएशन की जनरल बॉडी (जीबी) की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में यह तय किया गया कि चीफ जस्टिस के अलावा जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस आर मुखोपाध्याय की कोर्ट में अब अधिवक्ता पूर्व की तरह उपस्थित होंगे। लेकिन हाईकोर्ट की कोलेजियम से झारखंड हाईकोर्ट के वकीलों के नाम जजों के लिए नहीं भेजने के निर्णय का विरोध जारी रहेगा। इन मामलों पर चर्चा के लिए एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली जायेगा और वहां राष्ट्रपति, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष, केंद्रीय कानून मंत्री, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस और कोलेजियम के सदस्यों से मुलाकात करेगा।

### विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम के लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिता की स्क्रीनिंग का आयोजन



**रांची।** डोरंडा महाविद्यालय में रांची नोडल स्तर पर जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम में भाग लेने वाले युवाओं का चयन किया गया। स्क्रीनिंग कार्यक्रम में युवाओं का चयन डोरंडा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राज कुमार शर्मा की अध्यक्षता में एवं आयोजन समिति से सदस्य सचिव जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार, कंचन मुंडा एवं गौरव अग्रवाल की निगरानी में किया गया। स्क्रीनिंग युवाओं द्वारा माय भारत पर अपलोड किए गए एक मिनट की वीडियो एवं आयु वर्ग के आधार पर किया गया। रांची नोडल स्तर के लिए चयनित युवाओ को ईमेल/कॉल/व्हाट्सप्प ग्रुप द्वारा सूचित कर दी जाएगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य रूप से, डॉ मलय भारती, डॉ शिल्पी सिंह, डॉ मिथिलेश कुमार एवं अमित कुमार उपस्थित थे।

# नगर निगम का सर्वर 10 दिन से ठप, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए लोग हो रहे परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम का सर्वर पिछले 10 दिनों से ठप पड़ा हुआ है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी हो रही है। जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोग रोज नगर निगम कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ निराशा ही हाथ लग रही है। स्थिति यह है कि न तो प्रमाण पत्र बन रहे हैं और न ही कोई स्पष्ट जानकारी दी जा रही है कि सर्वर कब तक ठीक होगा।

नगर निगम की इस लापरवाही से उन लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है, जिन्हें अस्पताल, स्कूल एडमिशन, पासपोर्ट या अन्य आवश्यक कार्यों के लिए तुरंत जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र की जरूरत है। लोग बार-बार निगम कार्यालय पहुंच रहे हैं, लेकिन वहां से उन्हें सिर्फ यही जवाब मिल रहा है कि सर्वर डाउन है, कब ठीक होगा, पता नहीं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर निगम की उदासीनता चरम पर है। कोई अधिकारी स्पष्ट जवाब नहीं दे रहा और आम जनता को किसी भी तरह की वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई जा रही। कई लोगों ने शिकायत की है कि अगर सरकारी तंत्र इतना लचर रहेगा, तो जनता अपनी समस्याओं का समाधान कहां तलाशेगी? प्रशासन को चाहिए कि इस गंभीर समस्या का तुरंत समाधान करे और आम जनता को राहत पहुंचाए।

# राज्य में सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ना चाहते हैं रघुवर दास और बाबूलाल : आलोक दूबे

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और बाबूलाल मरांडी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि गिरिडीह की घटना पर भाजपा के दो-दो पूर्व मुख्यमंत्री लोगों को भड़काकर सांप्रदायिक हिंसा को बढ़ावा देना चाह रहे हैं। आलोक कुमार दूबे ने कहा है कि हमारी सरकार में घटनास्थल पर विपक्ष के नेताओं को जाने की इजाजत दी जाती है,जबकि बीजेपी के शासन प्रदेशों में घटनास्थल पर जाने से विपक्ष को रोका जाता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि अगर विपक्ष के नेता घटनास्थल पर जा रहे हैं तो उनकी पहली कोशिश सामाजिक समरसता और सौहार्द्र बनाने की होनी चाहिए ना कि भड़काने की कोशिश होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सरकार की लोकप्रियता और धर्मनिरपेक्षता से डर गई है भाजपा और यह उसी घबराहट का परिणाम है कि झारखंड की लोकप्रिय सरकार को अस्थिर करने के लिए उलूल जलूल बयान बाजी कर रही है भाजपा। झारखंड में सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ कर सरकार को अस्थिर करने की चाल को समझती है । झारखंड की जनता और उनके किसी भी प्रयास को सफल नहीं होने देगी। आलोक कुमार दूबे ने कहा कि झारखंड में शासन कानून और संविधान के इकबाल से चलेगा ना कि धर्म के ठेकेदारों से चलेगा। कानून को ललकारने या कानून के साथ खिलवाड़ करने की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती।

## जनता दरबार में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सुनीं लोगों की समस्याएं

# दाखिल-खारिज के मामले को लंबित रखने पर रातू सीओ को फटकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** क्या बात है...? म्यूटेशन केस आपके लॉगिन में इतने दिनों से लंबित क्यों है...? दो से तीन दिनों के अंदर मामले को निष्पादित करें और इस मामले में आपको शो-कॉज किया जायेगा। जनता दरबार में दाखिल-खारिज के मामले को लंबित रखने की शिकायत पर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने रातू के सीओ को कुछ इस तरह फटकार लगायी। रातू प्रखण्ड के बिजुलिया के रहनेवाले उमेश कुमार ने पिछले साल नवंबर में म्यूटेशन के लिए आवेदन दिया था। सोमवार को भी उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री जनता दरबार में लोगों की समस्याओं से अवगत हो रहे थे। जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों की समस्याओं से अवगत होते हुए उन्होंने मामले के यथाशीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



**नगड़ी सीओ को जमीन पर अवैध कब्जा रुकवाने का निर्देश** : जनता दरबार में मंगरा पाहन द्वारा जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत की गयी। आवेदक ने बताया कि उनके पैतृक सह पहनई भूमि जो कि सामाजिक, धार्मिक एवं पारंपारिक व्यवस्था की भूमि है, उस पर फागु महतो द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। इस मामले में मंजूनाथ भजन्त्री ने नगड़ी अंचलाधिकारी को नियमानुसार उचित कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जे को यथाशीघ्र रुकवाने का निर्देश दिया। वहीं नामकुम अंचल के रहनेवाले संजय कुमार साहू द्वारा दाखिल-खारिज रद्द करने की शिकायत की गयी। आवेदक द्वारा बताया गया कि एक ही प्लॉट में अन्य जमाबंदी रैयतों का म्यूटेशन रद्द और एक का स्वीकृत किया गया है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने इस मामले में अपर समाहर्त्ता, रांची को जांच कर नियमानुसार उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

### हाई टेंशन बिजली तार हटवाने का आवेदन

तुपूदाना की रहनेवाली अमिता देवी द्वारा अपने घर के उपर से गुजरनेवाले बिजली के हाई टेंशन वायर को हटाने का आवदेन दिया गया। इस मामले में मंजूनाथ भजन्त्री ने नोडल पदाधिकारी जन शिकायत को बिजली विभाग के संबंधित पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर निष्पादन का निर्देश दिया गया।

### मंइयां सम्मान योजना का नहीं मिल रहा था लाभ, आवेदन में हुआ त्रुटि सुधार

खेलगांव थाना क्षेत्र की महिला मंईयां सम्मान योजना का लाभ नहीं मिलने के संबंध में आवेदन लेकर जनता दरबार पहुंची थीं। मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा मौके पर ही सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा को आवेदन में संभावित त्रुटि के जांच के निर्देश दिये। जिसके बाद महिला के आवेदन में आवश्यक सुधार किया गया। जनता दरबार में किशोरगंज, सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के रहनेवाले बद्री शर्मा द्वारा पहाड़ी मंदिर रांची में नाइट गार्ड की ड्यूटी के लिए पुन: बहाल करने का आवेदन दिया गया। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा एसडीएम, रांची को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निदेशित किया गया।

### 9430328080) पर दें जानकारी : डीसी

जनता दरबार में आये लोगों से उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में बिचौलिये दिखें तो इसकी जानकारी अबुआ साथी (9430328080) पर दें। सूचना देनेवालों की पहचान गुप्त रखते हुए बिचौलियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उपरोक्त के अलावा अन्य आवेदनों पर भी मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# घरों में पानी की घोर किल्लत और सड़क पर बह रहा पानी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में गर्मी की दस्तक के साथ ही पानी की किल्लत शुरू हो गयी है। वहीं सड़क पर पानी बहाया जा रहा है। यह नजारा वार्ड नगर 35 के प्रेम नगर पीपर टोली की है। यहां पेयजल विभाग की ओर से टंकी लगाया गया है। इस टंकी में बोरिंग से पानी पहुंचाया जाता है और फिर टंकी का पानी जमीन पर गिरना शुरू हो जाता है। इस कारण सड़क पर चलना दुभर हो गया है। एक ओर शहर के लोग पानी के लिए परेशान हैं। वहीं, दूसरी ओर पीपर टोली के लोग सड़क पर पानी के जमाव से परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने इसकी शितायत वार्ड पार्षद झरी लिंडा से भी की है परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। बताते चलें कि यह टंकी बिल्कुल अल्फा इंटरनेशनल स्कूल के किनारे है। स्कूली या मुहल्ले के बच्चे भी आसानी से टंकी पर चढ़ जाते हैं। इस कारण खुले में बना यह टंकी किसी बड़ी दुर्घटना को भी निमंत्रण दे रहा है।

### हल्के दर्जे की बारिश के बाद गर्मी से मिली राहत

**रांची।** होली के बाद राज्य में मौसम बदल गया। सोमवार को राज्य के कई हिस्सों में गरज के साथ छिटपूट बारिश हुई। रांची, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला- खरसावां समेत कई जिले शामिल हैं। कुछ जगहों पर तेज आंधी चली और ओलावृष्टि भी हुई। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार 23 मार्च तक मौसम बदला रहेगा। कहीं आंशिक रूप से तो कहीं गहरे बादल छायेंगे। बारिश के भी आसार रहेंगे। इस दौरान तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट देखी जा सकती है। सोमवार को रांची में छिटपूट और जमशेदपुर में 0.6 मिमी बारिश हुई।

पिछले 24 घंटे के दौरान की बात करें तो कहीं-कहीं पर गर्जन और आंधी के साथ बहुत हल्के दर्जे की वर्षा हुई, जबकि कहीं-कहीं पर उष्ण लहर के साथ भीषण उष्ण लहर की स्थिति भी देखी गयी। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस जमशेदपुर में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 16.9 डिग्री सेल्सियस गुमला में दर्ज किया गया।

# गर्मी की आहट, डीसी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पदधिकारियों से की बात, जाना पेयजल का हाल

## शहरी क्षेत्रों में पानी टैंकर का दर निर्धारित दर पर कराने का निर्देश, सभी पंचायतों के मुखिया से खराब पड़े चापानल की सूची मांगी गई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने सोमवार को गर्मी में पेयजल की समस्या को देखते हुए इसके निराकरण को लेकर सभी सम्बंधित पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की। यह बैठक समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित कांफ्रेंस कक्ष में की गयी। इस बैठक में अपर समाहर्ता रांची, रामनारायण सिंह, जिला पंचायत राज पदाधिकारी रांची, राजेश कुमार साव एवं सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रांची, रविशंकर मिश्रा उपस्थित थे।

**खराब पड़े चापानलों की मरम्मति जल्द से जल्द कराने का निर्देश :** बैठक में उपायुक्त द्वारा सम्बंधित सभी पदाधिकारियों को जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में खराब पड़े चापानलों की मरम्मति जल्द से जल्द कराने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त द्वारा गर्मी के मौसम में लोगों को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े इसे गंभीरता से देखते हुए रांची नगर निगम, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, पूर्वी एवं पश्चिमी, रांची को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए।

**शहरी क्षेत्रों में पानी टैंकर का दर निर्धारित दर पर कराने का निर्देश :** बैठक में उपायुक्त द्वारा शहरी क्षेत्रों में पानी टैंकर का दर निर्धारित दर पर कराने का निर्देश दिया गया। ताकि आम लोगों ज्यादा भुगतान न करना पड़े।

**गर्मी में पेय जल की समस्या न हो इसको लेकर कार्ययोजना पर चर्चा :** गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन अभी से ही कमर कस ली है, ताकि रांची शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेय जल की समस्या उत्पन्न न हो। इसको लेकर उपायुक्त द्वारा पूर्व में ही सम्बंधित सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश पूर्व में ही दे दिए गए थे। कई जगह में चापानल की मरम्मति कराई गई है, और बाकी जगहों में मरम्मति का कार्य किया जा रहा है। सभी पंचायतों के मुखिया से खराब पड़े चापानल की सूची मांगी गई।

### मुखिया से खराब चापनलों की सूचल मांगी गयी

बैठक में सभी पंचायतों के मुखिया से खराब पड़े चापानल की सूची मांगी गई, ताकि खराब पड़े चापानल की मरम्मति ससमय कराया जा सके। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को गर्मी में पेयजल की समस्या न हो। उपायुक्त द्वारा सभी सम्बंधित पदाधिकारियों से बैठक में पूछा की गर्मी में पेयजल की समस्या न हो इसको लेकर आपके द्वारा क्या कार्य योजना बनाई गई है, टैंकरों की मैपिंग कराई है, इन टैंकरों को कहाँ से पानी की आपूर्ति की जाएगी। इस पर विस्तार से जानकारी लेते हुए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश उनके द्वारा दिया गया। साथ उन्होंने कहा की जल मिशन योजना की शिकायत पर कार्रवाई करें एवं सभी सम्बंधित पदाधिकारी अभी से ही अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था देख ले। पिछले गर्मी में जहाँ चापानल सूख गया, वहाँ इस बार क्या व्यवस्था पेयजल के लिए किया गया है, यह अभी से ही सुनिश्चित कर ले। इसबार लोगों को पेयजल की कमी का सामना न करना पड़े इसपर विशेष ध्यान दे।

# बीआरपी-सीआरपी ने सरकार से मांगा अवर शिक्षा सेवा में 50 प्रतिशत सीट

## एसपीडी से मिला बीआरपी सीआरपी का डेलिगेशन, 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड प्रदेश बीआरपी सीआरपी एसएस संघ का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को अपनी लंबित समस्याओं के समाधान के लिए राज्य परियोजना निदेशक (एसपीडी) से मिलकर 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा। इसमें बीआरपी सीआरपी संविदा नियमावली 2024 में अंकित अनुकंपा के लाभ के लिए अभिलंब उचित निर्णय लेने एवं बीआरपी सीआरपी के लिए अवर शिक्षा सेवा में 50% पद आरक्षित करने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में केंद्रीय अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, । महासचिव नितिन कुमार,मीडिया प्रभारी रविंद्र कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष कुमार रोहित, कार्यालय सचिव कुमार सिकंदर एवं कमलकांत मेहता इत्यादि उपस्थित थे।

### बीआरपी सीआरपी की मांगें

- बीआरपी सीआरपी को अन्य परियोजना कर्मी की तरह परियोजना भत्ता, चिकित्सा भत्ता,आवास भत्ता महंगाई भत्ता एवं अर्जित अवकाश के साथ सामूहिक ग्रुप बीमा कराई जाए।
- बीआरपी सीआरपी के लिए गठित कल्याण कोष का लाभ के लिए अभिलंब नीति निर्धारण किया जाये।
- बीआरपी सीआरपी संविदा नियमावली 2024 में अंकित अनुकंपा के लाभ के लिए अविलंब उचित निर्णय लिया जाये।
- बीआरपी सीआरपी के लिए अवर शिक्षा सेवा में 50% पद आरक्षित किया जाये।
- बीआरपी सीआरपी संविदा नियमावली 2024 के अनुरूप मानदेय पारा शिक्षकों से अधिक भुगतेय हो इस निमित नियमावली में आवश्यक संशोधन की जाये।
- बीआरपी सीआरपी के कार्य सुगमता के लिए लैपटॉप/टैब उपलब्ध कराया जाये।
- परियोजना के रिक्त पदों पर बीआरपी सीआरपी को वरीयता देते हुए सीधी नियुक्ति की जाये।
- बीआरपी सीआरपी को इपीएफ कटौती का लाभ वर्ष 2015 से दिया जाये।
- बीआरपी सीआरपी के कार्य संस्कृति को देखते हुए डायट एवं जेसीआरटी के विभिन्न रिक्त पदों पर समायोजित किया जाये।
- बीआरपी सीआरपी की सेवा अवधि 62 वर्ष किया जाऐ तथा वित्त विभाग के अनुरूप वेतनमान निर्धारित किया जाये।

# मनीषा सिंह बनी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा महिला की कार्यकारी अध्यक्ष



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची प्रेस क्लब में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में मनीषा सिंह को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा महिला शाखा की कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। यह निर्णय संगठन के वरिष्ठ सदस्यों एवं पदाधिकारियों की सहमति से लिया गया।

मनीषा सिंह का चयन नारी सशक्तिकरण और क्षत्रिय समाज की महिलाओं के उत्थान में उनके योगदान को ध्यान में रखते हुए किया गया है। अपने अध्यक्षीय संबोधन में मनीषा सिंह ने कहा कि वह महिलाओं की शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए कार्य करेंगी। उन्होंने कहा, 'आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन अभी भी कई चुनौतियां बनी हुई हैं। हमारा प्रयास रहेगा कि क्षत्रिय समाज की महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और समाज में अपनी मजबूत पहचान स्थापित करें।

उन्होंने आगे कहा कि संगठन के माध्यम से महिलाओं को व्यवसायिक प्रशिक्षण, शिक्षा के अवसर और सामाजिक न्याय के लिए काम किया जाएगा। साथ ही, जरूरतमंद महिलाओं को सहयोग देने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस अवसर पर महासभा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मनीषा सिंह के नेतृत्व की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि उनके कार्यकाल में संगठन नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा की बैठक संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को संपन्न हुई। शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने बैठक की अध्यक्षता की। अगामी चुनाव के लिये निवर्तमान अध्यक्ष श्वेता भाला को चुनाव पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

कार्यकारिणी बैठक में अध्यक्षा विनिता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष सुमिता लाठ ,मीना टाईवाला, श्वेता भाला, ज्योति अग्रवाल , विनीता बिहानी ,किरण खेतान ,ममता बोहरा,कार्यकारिणी सदस्य रितु पोद्दार, कोमल पोद्दार, पूजा अग्रवाल, दीपिका मोतीका, चंद्रकला, आशा संथालिया , स्मिता अग्रवाल, दीपिका मोतीका,कविता जालान, पिंकी शर्मा, उपस्थित थी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

# 301 महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** गौशाला न्यास के हुटुप गौशाला धाम परिसर में सोमवार को कथा वाचक सुश्री संगीता किशोरी द्वारा नौ दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। पहले दिन की शुरूआत 301 महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। जिसने पूरे आयोजन में एक दिव्य और आध्यात्मिक माहौल का निर्माण किया।

महिलाएं रुक्का डैम से जल उठाकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए विशेष रूप से भक्तिरस से अभिभूत होकर हाथों में जल से भरे कलश लेकर सुमधुर भजनों का आनंद लेते हुए श्रद्धा और प्रेम के साथ कथा स्थल तक पहुंची। पूरा वातावरण श्री राम के जयकारों से गुंजायमान हो गया।

कथा की शुरूआत में संगीता किशोरी ने भगवान श्रीराम के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि श्रीराम न केवल एक महान योद्धा थे, बल्कि उनके जीवन में सत्य, धर्म, न्याय, और श्रद्धा का जो उदाहरण प्रस्तुत किया, वह आज भी मानवता के लिए एक प्रेरणा है। कार्यक्रम में संयोजक वासुदेव भाला, मुकेश काबरा, पुनीत पोद्दार, रतन जालान, प्रदीप राजगढ़िया,राम बांगड़, राम मंगल, उदय शर्मा राहुल सिंह, बनवारी लाल, विजय काबरा, अशोक सुधानी, अमित चौधरी, मनीष लोधा, आशीष भाला, गोवर्धन भाला, शत्रुघ्न गुप्ता, रवि नारसरिया, वेद बागला, विजय सरायका, संजय सर्राफ, अनिल कुमार, सहित अन्य सदस्य सहयोग कर रहे हैं। ये जानकारी कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

## खबर एक नजर में

### डोरंडा में धूम-धाम से निकाली जायेगी मंगलवारी शोभा यात्रा

**रांची।** डोरंडा में मंगलवार को धूम-धाम से शोभा यात्रा निकाली जायेगी। डोरंडा महावीर मंडल केंद्रीय समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार एवं मंत्री पप्पू वर्मा के नेतृत्व में पहली मंगलवारी शोभा यात्रा निकालने का फैसला लिया गया है। शोभा यात्रा मंगलवार को संध्या 7 बजे तीन जगह से शोभा यात्रा निकाली जायेगी। पहले शोभायात्रा घाघरा शांति रानी स्कूल होते हुये विद्युत बोर्ड कॉलोनी कुम्हार टोली, 56 सेठ होते हुये तुलसी चौक पहुंचेगी। दूसरी शोभा यात्रा मनी टोला,पत्थर रोड होते हुये भवानीपुर काली मंदिर रोड, कन्या पाठशाला, कसाई मोहल्ला होते हुये यूनुस चौक पहुंचेगी। तीसरी शोभा यात्रा एजी कॉलोनी, एजी मोड, मिस कोर्ट मैदान, कटहल कोचा, झंडा चौक, बाजार मोहल्ला में मिलन होगा। वहां से तुलसी चौक पहुंचकर घाघरा के जुलूस को लेते हुये शिव मंदिर महावीर मंदिर पहुंचेगी।

### सरहुल महापर्व : झारखंड में 3 दिवसीय राजकीय अवकाश की मांग

**रांची।** बिरसा विकास जनकल्याण समिति, मिसिर गोंदा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सरहुल महापर्व के लिए 3 दिवसीय राजकीय अवकाश घोषित करने की अपील की है। यह अवकाश 31 मार्च से 2 अप्रैल तक घोषित करने की मांग की गई है। इससे पहले सांसद सुखदेव भगत ने भी संसद में सरहुल महापर्व को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग की थी।

**सरहुल महापर्व का कार्यक्रम**

**31 मार्च 2025 (बुधवार):** उपवास रखा जाएगा और पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार केकड़ा-मछली पकड़ने की परंपरा निभाई जाएगी। शाम 7 बजे कांके डैम पार्क स्थित सरना स्थल में जल रखाई पूजा होगी।

**1 अप्रैल 2025 (गुरुवार):** सुबह 7 बजे सरना पूजा स्थल पर पूजा-अर्चना होगी। इसके बाद दोपहर 2 बजे मिसिर गोंदा से सिरमटोली सरना स्थल तक सरहुल शोभायात्रा निकाली जाएगी। **2 अप्रैल 2025 (शुक्रवार):** फूलखोंसी (पुष्प अर्पण) पूजा का आयोजन होगा।

### शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती का नागरिक अभिनंदन 20 मार्च को

रांची। द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का नागरिक अभिनंदन एवं प्रवचन आगामी 20 मार्च को हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन रांची में होगा। शंकराचार्य 18 मार्च को राउरकेला से सड़क मार्ग से शाम 5 बजे रांची पहुंचेंगे। बिरसा चौक में शंकराचार्य जी का अभिनंदन एवं स्वागत होगा। इसके बाद, मोटरसाइकिल के काफिलों के साथ अरगोड़ा चौक हरमू रोड होते हुए महाराजा अग्रसेन भवन में पधारेंगे, जहां उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा।

**शंकराचार्य जी अग्रसेन भवन में तीन दिनों तक प्रवास करेंगे :** शंकराचार्य जी महाराजा अग्रसेन भवन में तीन दिनों तक प्रवास करेंगे और धमार्लंबियों को आशीर्वचन देंगे। स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज 19 मार्च को भी कई जगहों का भ्रमण करेंगे। 20 मार्च को अपरा? 3 बजे जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का रांची के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा नागरिक अभिनंदन एवं स्वागत किया जाएगा।

### सरहुल शोभा यात्रा में आदिवासी अभियंता संघ लगायेगा सेवा शिविर

**रांची।** सरहुल शोभा यात्रा की तैयारी को लेकर आदिवासी अभियंता संघ की बैठक रविवार को रिंगरोड सुकुरहुटू में हुई। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त सचिव सह अधीक्षक अभियंता सोमर उरांव ने की। बैठक में एक अप्रैल को सरहुल पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही शोभा यात्रा निकालने पर भी सहमति बनी। इस दौरान हातमा सरना स्थल समेत सैकड़ों मोहल्ले से शोभा यात्रा निकाली जायेगी, जो कचहरी रोड, अल्बर्ट एक्का चौक और मेनरोड होते हुए सिरमटोली सरना स्थल पहुंचेगी, जिसमें लाखों सरना धर्मावलंबी शामिल होंगे। शोभायात्रा में शामिल होने वाले सभी खोड़हा मंडली के लिए कचहरी रोड स्थित जयपाल सिंह मुंडा मैदान के सामने आदिवासी अभियंता संघ एक भव्य पंडाल सेवा शिविर लगायेगा। इसके माध्यम से सरना धर्मावलंबियों का सम्मान किया जायेगा और श्रद्धालुओं के बीच शीतल पेयजल, चना और शरबत का वितरण किया जायेगा।

**पाहन और सामाजिक कार्यकर्ता होंगे सम्मानित :** सभी खोड़हा मंडली का नेतृत्व करने वाले पाहन, सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवियों को फूलों की माला और सरना अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया जायेगा।

**बैठक में शामिल सदस्य :** बैठक में दीपक गाड़ी, सुरेंद्र इंदवार, समीर लकड़ा, प्रेम बंधन कच्छप, सुभाष उरांव, कार्तिक उरांव, जयप्रकाश उरांव, कमलनाथ मुंडा, योगेश उरांव समेत अन्य सदस्य शामिल हुए।

### बंगैया मोड महावीर चौक में 6 अप्रैल को निकाला जायेगा रामनवमी का झंडा

**पाटन पलामू।** रामनवमी 6 अप्रैल को भगवान राम के जन्मदिन के रूप में मनाया मनाया जाएगा। इसी के उपलक्ष में नावाजयपुर थाना क्षेत्र के बंगैया मोड महावीर चौक पर वर्ष 2022 से लगातार झंडा मिलान मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। नावाजयपुर थाना क्षेत्र के पांच पंचायत के ग्रामीण एवं गणमान्य लोगों ने बैठक किया। बैठक में रामनवमी को लेकर नए कमेटी का गठन किया। जिसमें अध्यक्ष जगदीश पांडे, उपाध्यक्ष राम प्रवेश सिंह, सचिव मनोज प्रसाद, उपसचिव मिथिलेश कुमार चंद्रवंशी, उपेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष अजय यादव, उप कोषाध्यक्ष डॉ सुभाष प्रसाद, संरक्षक विनोद पांडे, जोगिंदर यादव, संयोजक अशोक राम, उप संयोजक नवल राम, व्यवस्थापक विनोद सिंह, मीडिया प्रभारी ब्रजेश कुमार, महासंरक्षक में पांचो पंचायत के मुखिया को सर्वसम्मति से चुना गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने निर्णय लिया कि रामनवमी पर्व इस बार हर्ष उल्लास व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा। कमेटी अध्यक्ष जगदीश पांडेय ने कहा कि पूर्व के भांति इस वर्ष भी पांचो पंचायत से झंडा निकाला जाएगा जिसका मिलान बंगैया मोड महावीर चौक पर किया जाएगा। साथ ही संध्या 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम दुगोला का आयोजन किया गया है। इस मौके पर नावाखास पंचायत के मुखिया मनोज कुमार, पूर्व मुखिया चंद्रदेव सिंह, पंचायत समिति अखिलेश यादव, संतोष प्रजापति, अवधेश मेहता एवं नागेंद्र प्रसाद एवं सभी जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# रमेश सिंह अध्यक्ष बजरंग वर्मा और युवराज पासवान कार्यकारी अध्यक्ष बने

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** श्री महावीर मंडल पूर्वी क्षेत्र की बैठक सोमवार को संतोष महतो की अध्यक्षता में कोकर में हुई। बैठक में पुराने कमेटी को भंग कर नई कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमें रमेश सिंह अध्यक्ष बजरंग वर्मा युवराज पासवान कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। बैठक में मुख्य संरक्षक सुप्रियो भप्ताचार्य, संजीव विजयवर्गीय, चंचल चटर्जी संयोजक राजू राम, संतोष महतो रंजन पासवान संरक्षक रवींद्र वर्मा,बसंत दास, अजय गुप्ता, अभय कुमार सिंह, अर्जुन यादव, अजय अग्रवाल, महेंद्र जायसवाल लोकेश खलखो, राजेश महत, अनिल महतो, सुनील साहू ,रंजन पासवान ,आदित्य विक्रम जायसवाल ,सुनील साहू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# बीएचयू की चार दिनी वार्षिकोत्सव काशी यात्रा में भाग लेने पहुंचे बीआईटीयंस

## अंग्रेजी स्लैम में अरुंधुती और हिंदी स्लैम कविता में अभय फर्स्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** बिड़ला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा (बीआईटी) की लिटरेरी सोसायटी ने सोमवार को आईआईटी बीएचयू वाराणसी के चार दिवसीय वार्षिकोत्सव काशीयात्रा में भाग लिया। देश के विभिन्न संस्थानों के छात्र इसमें हिस्सा लेने के लिए आते हैं। पहली प्रतियोगिता लेजेंड ऑफ सर स्पीक ए लॉट (अंग्रेजी स्लैम कविता) में अरुंधुती मुखर्जी ने प्रथम स्थान और आदित्य रॉय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, मधुरिमा (हिंदी स्लैम कविता) में अभय त्रिपाठी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे स्क्रिप्टरस, व्हाट्स द वर्ड, लेजेंड ऑफ सर, बैटलफ्रंट,जस्ट ए मिनट,तर्क संगत,किस्सागोई, शिपव्रेक, हिंद हिंदी हिंदुस्तान, आशुभाषण और मेला क्विज का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागी आदित्य,अरुंधुती, अलीशा,एरीना,सुमित,अभय, सुधाशु,सार्थक, जातिन और अर्जुन ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। निर्णायकों को छात्रों के जोशपूर्ण प्रदर्शन ने मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रतिभा और उत्साह की सराहना करते हुए निर्णायकों ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# रातू: शराब कारोबारी पर बच्ची को जहर देने का आरोप, शिकायत दर्ज

- थाने में लिखित शिकायत
- पुलिस कर रही है तफ्तीश


जावा को नष्ट करती पुलिस।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के पाली में महुआ शराब कारोबारी की ओर से 11 मार्च को दिन के 10 बजे गांव के चार साल की पल्लवी कुमारी को जहर देकर मारने का प्रयास करने की बात सामने आयी है। मामले को लेकर उसकी मां अंजु उरांव ने 16 मार्च को रातू थाने में गांव के ही बलराम साहू, उसकी पत्नी गांगी देवी व भतीजी रोली कुमारी के खिलाफ लिखित शिकायत की है। अंजु ने साहू परिवार पर जाति सूचक गाली देकर अपमानित किये जाने का भी आरोप लगाया है। फिलहाल पीड़िता मांडर अस्पताल में भर्ती है। वह जिंदगी और मौत से जूझ रही है। चिकित्सकों के मुताबिक, वह खतरे से बाहर है। पुलिस तफ्तीश में जुट गयी है।

**महुआ जावा किया नष्ट**

अंजु उरांव से अर्जी मिलने के बाद हरकत में आयी पुलिस ने रविवार की शाम आरोपी के खेत में छिपाकर रखे भारी मात्रा में महुआ जावा को नष्ट कर दिया। आरोपित दंपति फरार बताये जा रहे हैं। उसके घर दबिश के मद्देनजर अन्य शराब कारोबारियों के पर उखड़ गये हैं। इधर, ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है।

## झिरी की शराब दुकान में शरारती तत्वों ने की लूटपाट

# जानलेवा हमले में मैनेजर और दो कर्मचारी घायल

- 13 मार्च रात की है घटना
- पुलिस कर रही जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** झिरी के आनंदनगर स्थित कंपोजिट शराब की दुकान में 13 मार्च की रात 8:45 बजे शरारती तत्वों की ओर से हॉकी स्टिक और हरवे-हथियार से किये गये जानलेवा हमले और लूटपाट में पलामू पाटन के सिरमा निवासी और मैनेजर राहुल प्रसाद व दो अन्य कर्मचारी घायल हो गये हैं। घायलों में बादल सिंह और प्रकाश सिंह शामिल हैं। मामले को लेकर राहुल प्रसाद ने रातू थाने में तीन नामजद समेत 10-15 अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। इसमें शाहिल गुप्ता, रवि सिंह व राजा प्रमुख हैं।

पुलिस न केवल घटना की जांच, बल्कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी भी कर रही है।

हालांकि, अब तक किसी के पकड़े जाने की सूचना नहीं है। बताते चलें, कि दुकान में हमले की यह दूसरी घटना है।

**स्कार्पियो से आये थे हमलावर**

उनके जाने के बाद राहुल, दुकान का ग्रील खोलकर बाथरूम जा रहा था। ब्लैक स्कार्पियो में सवार होकर शाहिल, लाठी व हॉकी स्टिक लेकर रवि सिंह, राजा व 10-15 युवकों के साथ दुकान पर आये और अंदर से बादल को खींचकर बाहर निकाल मारपीट करने लगे। इससे वह बेहोश होकर गिर गया। राहुल के साथ भी मारपीट की गयी। इस बीच प्रकाश ने दुकान का ग्रिल बंद करना चाहा। लेकिन, उसे अंदर ही मारकर गिरा दिया गया और काउंटर से सेल के रुपये लूट सभी फरार हो गये।

**जानें क्या है मामला**

शाहिल गुप्ता, रवि व राजा के साथ हॉकी स्टिक लेकर दुकान पर आया और एक बोतल गोलफर शॉट ब्रांड का दारू मांगा। बादल ने 500 एमएल के दो बोतल काउंटर में लाकर रखा और पैसे की मांग की। इस पर शाहिल ने गाली-गलौज की और रुपये देने से इंकार करते हुये हॉकी को ग्रील के अंदर घुसाते हुये कर्मचारी पर हमला कर दिया। तीनों ने शाहिल के हाथ से स्टिक छिन ली। इसके बाद वह दिखा देने की धमकी देकर वहां से चले गये।

स्पीड न्यूज

### श्राद्धकर्म में शामिल हुए आजसू नेता सुदेश महतो



**राहे।** भाजपा के मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो के श्राद्ध कर्म में पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो उपस्थित होकर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिये। स्व० चितरंजन महतो के परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया। दुख के घड़ी में परिजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिये।मौके पर क्षेत्रीय प्रभारी संजय सिद्धार्थ, प्रखंड अध्यक्ष रंगबहादुर महतो, हलधर पाण्डेय, धनंजय महतो, राजेश्वर महतो, सुभाष महतो, प्रमोद लाल, हरेश महतो, लखीमणि देवी आदि मौजूद थे।

### चोरो ने वायरिंग और स्टाक के कापर तार चुराए,मामला दर्ज

**नामकुम।** टाटीसिलवे थानाक्षेत्र के मिश्राटोली में अज्ञात चोरो ने निलकंठ मिश्रा के नवनिर्मित मकान के खिडकी का ग्रिल तोडकर लगभग दो लाख रूप्ये मूल्य के बिजली के कापर के तार चुरा लिए। मामले में पीडित श्री, मिश्रा ने टाटीसिलवे थाना में अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। श्री, मिश्ररा ने बताया कि वे अपने पुष्तैनी पुराने मकान में रहकर नया मकान बनवा रहे है। नवनिर्मित मकान में वे सुबह शाम मुआयना करने जाते है। गुरूवार शाम जब वे नए मकान में पहुंचे तो देखा की खिडकी की ग्रिल का ग्रिल टुटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो वायरिंग किए हुए और स्टाक में रखे गए सारे कापर के तार गायब हैं। थानेदार रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस ने पीडित के ब्यान पर प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**नामकुम।** खरसीदाग ओपी क्षेत्र के कोचबोंग दुलमी टंगरा के रहनेवाले सुधीर मुंडा टोप्पो उम्र 24 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही ओपी प्रभारी भवेश कुमार मौके पर पहुंचे और शव को उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भिजवाया। ओपी प्रभारी ने बताया कि सुधीर किराए के मकान में रहता था घटना की जानकारी उसके परिजनों को दे दी गयी है।

# विधायक सुरेश कुमार बैठा ने क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** खलारी प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने दौरा कर विभिन्न विकास योजनाओं के कार्यो का शिलान्यास किया। जिनमें प्रमुख रूप से बुकबुका पंचायत में मुख्य पथ से प्रगति नगर तक पीसीसी सड़क, महावीर नगर में शमशान घाट में शेड निर्माण, मायापुर पंचायत अंतर्गत बरेड़ा स्कूल में शौचालय निर्माण, मायापुर में पेबर ब्लॉक सड़क का निर्माण सहित अन्य निर्माण योजनाएं शामिल है। अपने दौरे के क्रम में विधायक सुरेश कुमार बैठा डकरा स्थित उत्तरी करणपुरा श्रमिक महाविद्यालय का औचक निरीक्षण भी किया। जिसके बाद खलारी डीएसपी आवास के समीप बन रहे पार्क एवं खलारी पीएचसी अस्पताल का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया और हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। वहीं दौरे के क्रम मुख्य रूप से रांची जिला कांग्रेस महामंत्री राजेश सिंह मिंटू, विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक, प्रखण्ड अध्यक्ष साबीर अंसारी, कांग्रेस प्रदेश सचिव इंदिरा देवी, तनवीर आलम, विक्की सिंह, बाबू खान, जावेद अंसारी, रमेश चौहान, भोला यादव, रोशन लाल सुरेंद्र यादव, मोनू सिंह, बबलू सिंह, संजय राम, राजा केशरी, शशि मुंडा, ओम प्रकाश यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

# टीएसपीसी संगठन की धमकी के बाद क्रशर संचालकों में हडकंप

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के गुंजा स्थित क्रशर संचालाकों को टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के नाम से फिर एक बाद धमकी दी जा रही है। संगठन के विशालजी नाम से गुंजा के एक क्रशर संचालक के मोबाइल पर फोन आया था। अनजान नंबर देखकर संचालक द्वारा फोन नही उठाने पर उसके मोबाइल पर धमकी भरा मैसेज भेजा गया। बाद में दोबारा फोन आने पर जब रिसिव किया गया, तो धमकी देते हुए 50 हजार रूपए की मांग की गई। नही देने पर जान से मारने व वाहनों को जला देने की धमकी दी गई। क्रशर के प्रबंधक लालदेव यादव द्वारा ओरमांझी थाना में मामला दर्ज कराया गया है। मामला दर्ज होने व धमकी देने वाले का मोबाइल नंबर के अधार पर के पुलिस द्वारा आरोपी का पता भी लगा लिया गया है। वहीं पुलिस द्वारा आरोपी के घर में छापेमारी भी की गई, लेकिन पकड़ा नही गया। बताया गया कि आरोपी को पुलिस की कार्रवायी की जानकारी होने व पकड़े जाने की डर से उसने कोर्ट में सरेंडर भी कर दिया है। इससे पूर्व गुंजा क्रशर मंडी में ही उग्रवादियों द्वारा पोकलेन मशीन व हाईवा जलाने की घटना का अंजाम दी गई थी। जिसपर कार्रवायी करते हुए पुलिस द्वारा घटना के आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। इधर उग्रवादी संगठन द्वारा इस प्रकार की मैसेज व धमकी देने की घटना से क्षेत्र केक्रशर व्यवसायी काफी डरे व चिंतित हैं।

खबर एक नजर में

### खलारी के जामा मस्जिद में रमजान के मौके पर चल रहे नमाज ए तरावीह का समापन

**खलारी।** खलारी के जामा मस्जिद में रमजान के मौके पर चल रहे नमाज ए तरावीह का रविवार की रात को समापन किया गया।खलारी जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज नेहाल अख्तर के द्वारा मुकम्मल तरावीह पढ़ाई गई।जानकारी के अनुसार शानिवार 01 मार्च की रात से रमजान का चांद दिखने के साथ ही जामा मस्जिद में नमाजे तरावीह की शुरूआत की गई थी, जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए। जामा मस्जिद में पूरे खलारी क्षेत्र के लोग शामिल हुए जिनमें एसीसी कॉलोनी, जी टाइप, ईराक मोहल्ला, महावीर नगर, मस्जिद मोहल्ला के लोगों के लिए प्रत्येक वर्ष जामा मस्जिद मे तरावीह की नमाज आयोजित की जाती है। तरावीह के समापन पर मिलाद उन नबी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रमजान महीने में तरावीह की नमाज की विशेषता पर प्रकाश डाला गया।इस मौके पर नात शरीफ व तकरीर भी पेश किया गया। अंत मे क्षेत्र एवं राज्य की अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई। इस मौके पर जामा मस्जिद के सदर गुलाम रसूल अंसारी व सेक्रेट्री फैजुद्दीन सिद्दीकी कैशियर साबिर अंसारी जामा मस्जिद के मोएजिन अब्दुल मनान एवं मो जाकिर अंसारी इनके अलावा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### बैंक से 50 हजार निकाल कर अकेले जा रही महिला से रुपये छीन कर अपराधी फरार

**चान्हो।** बिजुपाड़ा चौक के निकट बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच से सोमवार दोपहर एक बजे पैसा निकाल कर बाजार जा रही एक महिला से चोर उचक्को ने 50 हजार रूपया छीन कर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार करकट गांव निवासी अनिमा मिंज पति सुनील ने बैंक से 50 हजार रुपया निकाली थी और उस पैसे को अपने हैण्ड बैग मे रख कर चौक की तरफ पैदल जा रही थी। इसी दौरान हुटार बाजार रोड के निकट ब्लू रंग की बाइक में दो उच्चके हेलमेट लगाकर पहुंचे और बैग को छीन कर चान्हो की ओर फरार हो गए। बैग छिनाने के बाद महिला ने शोर भी मचाया पर तब तक बैग छीनने वाले फरार हो चुके थे। बाद में आसपास के लोगों की मदद से अनिमा थाना पहुंची और मामला दर्ज कराया। अनिमा के अनुसार वह घर बनवा रही है और उसी के ईट का पैसा देने के लिए बैंक से पैसा निकाली थी।जिस बैग को उच्चकों ने छीना है उस बैग में छिनतई की शिकार महिला का मोबाइल भी था। महिला द्वारा मामले की लिखित शिकायत चान्हो पुलिस को की गई है। पुलिस उचक्कों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। इस बिच महिला के बताए निशांदेही पर रोड मे लगे सारे सीसी टीवी खंगाल रही है।

### ओरमांझी में गोदम से लाखों की सामान चोरी

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के हुटुप स्थित एक टेंट हाउस के गोदम से अज्ञात चोरों द्वारा लाखों की सामना की चोरी कर ली गई है। बताय गया कि हेहल रांची निवासी टेंट हाउस संचालक यषवंतलाल सत्यार्थी हुटुप स्थित रानी सती राइस मिल को खरिद कर उसमें टेंट हाउस का सामान रखने का गोदम बना दिया है। अज्ञात चोरों द्वारा वेटिलेटर तोड़ कर गोदम में रखे लाखों रूपए की टेंट हाउस के एलिमुनियम का कई सामान चुरा कर ले गए। सचालक द्वारा ओरमांझी थाना में मामला दर्ज कराने के बाद ओरमांझी थाना पुलिस चोरों का पता लगाने व पकड़ने का प्रयास की जा रही है।

### इटकी ईदगाह के फर्श ढलाई का कार्य शुरू


ईदगाह के फर्श का ढलाई करते लोग।

**इटकी।** इटकी ईदगाह के फर्श ढलाई का कार्य सोमवार को शुरू हुआ। करीब 18 हजार स्क्वायर फीट फर्श ढलाई का कार्य करीब तीन से चार दिनों में पूरा किया जाएगा। ईदगाह कमेटी के हाजी मोईनुद्दीन ने बताया कि फर्श को चार भागों में बांट कर ढलाई किया जा रहा है। सोमवार को एक भाग का ढलाई किया गया है। फर्श ढलाई तीन से चार दिन में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि फर्श बन जाने से ईदगाह में ईद की नमाज पढ़ने में अब कोई दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने बताया की इटकी ईदगाह के सुंदरीकरण कार्य में करीब तीस लाख रुपये खर्च होंगे।

### विधायक मद से पीसीसी पथ का शिलान्यास

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के ठाकुरगांव चापाटोली में सोमवार को विधायक मद से पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया। गांव के बजरंग बली चबूतरा से बन्धन उरांव के घर तक 300 फीट बनने वाले सड़क का शिलान्यास विधायक सुरेश कुमार बैठा ने किया। मौके पर विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सड़कों, नालियो का निर्माण शीघ्र कराया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रखंड व अंचल कार्यालय में ग्रामीणों के कार्यों में लापरवाही बरतने की शिकायत मिलने पर सख्त कारवाई किया जायेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, शमीम बड़ेहार, शिवशंकर उरांव, सरवर आलम समेत अन्य मौजूद थे।

### विद्यासागर पब्लिक स्कूल के छात्र आदर्श कुमार धान का आईडिया इंस्पायर अवार्ड मानक में चयन

**बेड़ो।** विद्यासागर पब्लिक स्कूल बेड़ो के सत्र 2024-25 में कक्षा 7 के विद्यार्थी आदर्श कुमार धान के आइडिया का चयन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा आयोजित इंस्पायर अवार्ड मानक में हुआ है। ज्ञात हो कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रत्येक वर्ष देशभर के सभी विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के बीच नए अविष्कार हेतु इंस्पायर अवार्ड मानक के नाम से एक प्रतियोगिता कराई जाती है। जिसमें चयनित छात्रों को उनके बैंक खाते में उक्त मंत्रालय की ओर से ?10000 पुरस्कार स्वरूप प्राप्त होते हैं। उक्त राशि के प्रयोग से चयनित छात्र को अपने आइडिया का एक मॉडल जिला स्तर पर प्रस्तुत करना होता है यदि उसमें भी उनका चयन हो तो उसे 50000 प्रोत्साहन स्वरूप प्राप्त होते हैं तथा अगले श्रेणी के लिए पुन: चयन प्रक्रिया से गुजरना होता है। अंत में देशभर से 100 मॉडलों का अंतिम चयन होता है जिन्हें धरातल पर उतारने के लिए संबंधित सरकारी विभागों में ट्रांसफर कर दिया जाता है तथा उक्त मॉडल बनाने वाले छात्रों को प्रधानमंत्री से मिलने का अवसर भी प्राप्त होता है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक ललन सिंह ने बताया कि आदर्श कुमार धान बेड़ो के जरिया गांव का रहने वाला है और उसने राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित आइडिया प्रस्तुत किया है। जिसका अब वह मॉडल बनाकर जिला स्तर पर प्रस्तुत करेगा।

# बांसुरी वादक मनरखन बड़ाइक रांची में झारखंड विभूति से सम्मानित


मनरखन बड़ाइक को झारखंड विभूति से सम्मानित करते हुए।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के डुमरदोन गांव निवासी सह झारखंड के प्रसिद्ध बांसुरी वादक मनरखन बड़ाइक को झारखंड विभूति से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें छोटानागपुर सांस्कृतिक संघ के तत्वाव धान में गत 12 मार्च को जेके सेलिब्रेशन डिबडीह रांची में आयोजित वार्षिक समारोह में दिया गया। जिसमें महिला खिलाड़ियों के साथ साथ सामाजिक व सांस्कृतिक क्षेत्र में योगदान देने वालों को झारखंड विभूति सम्मान प्रदान किया गया। मनरखन बड़ाइक ने बताया कि 1996 से 1999 लगातार तीन वर्षों तक उन्होंने विदेशों में भी अपनी कला का प्रदर्शन किया है। उन्होंने लोकगीतों के अलावे भगवती मां दुर्गा के लोक धुनों का लोगों को रसपान कराया है। इधर कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने बांसुरी वादक मनरखन बड़ाइक की कला की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। वहीं मौके पर पद्मश्री मुकुंद नायक, महावीर नायक, मनपूरन नायक समेत दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता व संस्कृतिकर्मी आदि मौजूद थे।

# ज्ञानयज्ञ को ले कर ओरमांझी में कलश यात्रा


कलश यात्रा में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के हुटुप गोशाला धाम परिसर ओरमांझी में आयोजित नौ दिवासीय श्रीराम कथा ज्ञानयज्ञ को लेकर सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई। आसपास गांव के कलश यात्रा में शामिल 251 महिलाएं हुटुप धाम परिसर से स्वर्णरेखा जलाशय तक गई। वहीं से मेत्रोच्चारण के साथ विधिवत कलश में जलभर कर कार्यक्रम स्थल पहुंची। इस दौरान ढोल नगाड़े के साथ झंडा लिए लोग भगवान श्रीराम व हनुमान की जयकारा लगा रहे थें। बाद में कथा वाचक संगीता किशोरी द्वारा संगीतमय श्रीराम कथा सुनाया गया। श्रीराम कथा का रसपान करने के लिए काफी संख्या में महिलाए उपस्थित थें। वहीं कलश यात्र व रामकथा में कार्यक्रम संयोजक बासुदेव भाला, मुकेश काबरा ने बताया नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन दोपहर तीन से छह बजे तक 25 मार्च तक प्रतिदिन होगा। कार्यक्रम में पुनित पोद्दार, प्रदीप राजगड़िया, रतन जलान, उदय शर्मा, विपिन भाला, गोवर्द्धन भाला, राम बांगड़, अशोक सोढ़ानी, संजय सर्राफ, नीरज भट्ट सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शामिल थें।


श्रीराम कथा का रसपान कराती संगीता किशोरी।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा पहुंचे जोरार, मृतक के परिजनों से मिले

खबर मन्त्र संवाददाता


मृतक के परिजनों से घटना की जानकारी लेते अर्जुन मुण्डा।

**नामकुम।** सोमवार को पूर्व के न्द्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा नामकुम के जोरार पहुंचे। इस दौरान वे होली के दिन हुई हिंसक झड़प में मारे गए जोरार के सोनू मुण्डा के परिजनों से मिलकर घटना की पूरी जानकारी ली और अपनी संवेदना जतायी। श्री, मुण्डा ने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रशासन को सारे मसले पर निष्पक्षता के साथ जांच कर यह सुनिष्चित करना चाहिए कि जो पीड़ित परिवार है उन्हें न्याय मिले। भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृति न हो इसपर पुलिस प्रशासन सजग होकर काम करें। उन्होंने अपने स्तर से भी वरीय पदाधिकारियों से बातचीत कर पीडित परिवार को न्याय दिलाने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, सुनील फकीरा कच्छप, विनय महतो धीरज, रीना सांगा, प्रमोद सिंह, सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर का 20वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया


कलश यात्रा में शामिल महिलाएं व अन्य।

**इटकी।** इटकी प्रखंड के कुंदी गांव स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर का सोमवार को 20वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर हिन्दू नवयुवक संघ कुंदी के नेतृत्व में सैकड़ो महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गयी। वहीं पंडित शत्रुधन पांडे के नेतृत्व में पूजा अर्चना की गई। 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन और भंडारा का भी आयोजन हुआ। इससे पूर्व कलश यात्रा की शुरूआत मंदिर प्रांगण से की गयी। महिलाएं माथे पर कलश रखकर गांव के किनारे स्थित नदी पहुंची वहां कलश में जल भरकर पुनः मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया गया। कार्यक्रम में जिप सदस्य रीना देवी, प्रमुख किरण उरांव, एएसआई हेंब्रोम, किशोर गोप, बिंदेश्वर गोप, जगदीश गोप, राकेश गोप, मोहित गोप, बासु गोप, सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे।

# अब्दुल्ला अंसारी ने दुघर्टना में मृतक के परिवार को किया आर्थिक सहयोग



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** एनके एरिया की पूणाडीह परियोजना में कुछ दिन पूर्व छोटे वाहन के चपेट में आने से कुटकी निवासी विसुन महतो की मृत्यु हो गई थी। सोमवार को मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने मृतक के घर जाकर परिवार वालों से मिल कर संवेदना व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया। साथ ही अब्दुल्ला ने परिजन को 50 हजार रुपए देकर आर्थिक सहयोग किया। विसून महतो की दो बेटी और एक बेटा है। उनका परिवार बहुत गरीब है जिसे देखते हुए अब्दुल्ला अंसारी ने विशुन महतो की पत्नी को क्षेत्र में काम कर रही प्राइवेट कंपनी में लगाने का भरोसा दिलाया ताकि मृतक के परिवार का भरण पोषण हो सके।

# जेनरिक फैमिली फाउंडेशन की नयी कार्यकारिणी का गठन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिल्ली।** जेनरिक फैमिली फाउंडेशन ने अपने सत्र 2025-2028 के लिए नवनिर्वाचित 9 पदाधिकारियों की घोषणा की।सभी पदाधिकारियों की सूची और उनके पद सर्वसम्मति से चुना गया जिसमें पैट्रनः मेसर्स सुखदा ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर्स (रांची) झ मनीष कुमार वर्मा अध्यक्षः मेसर्स अंजनी मेडिकल एंड सर्जिकल (रामगढ़) झ शैलेंद्र कुमार सिंह सचिवः सत्यम मेडिकल एजेंसी (रांची) झ सत्येंद्र कुमार उपाध्यक्षः बी० आर० फार्मा (बरहरवा) झ बसंत कुमार महतो संयुक्त सचिवः कृष्णा फार्मा (खूंटी) झ रवि प्रकाश कोषाध्यक्षः गौतम फार्मा (रांची) झ विनीत कुमार जैन चेयरमैन, प्रबंधन परिषदः जय भवानी मेडिकल एजेंसी (गढ़वा) झ मनीष कुमार कश्यप चेयरमैन, सामाजिक और मीडिया कार्यः अभय मेडिकल एजेंसी (सिल्ली) झअभय कुमार मांझी चेयरमैन, कंपनी कार्यः प्राथना एजेंसी (रांची) झउमेश कुमार साथ ही जेनरिक फैमिली फाउंडेशन के कार्य और उद्देश्य को लेकर जेनरिक फैमिली फाउंडेशन स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता बढ़ाने और दवाइयों को सभी के लिए किफायती बनाने के लिए कार्यरत एक संगठन है। बताते चले कि यह संगठन सामाजिक और आर्थिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा क्षेत्र में गुणवत्ता और सेवाओं का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है।कार्यकारिणी की मुख्य विशेषताएं यह है कि संगठन की सभी गतिविधियों को सुचारू और प्रभावी ढंग से संचालित करना।सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यावसायिक क्षेत्र में सकारात्मक योगदान देना।

संगठन के उद्देश्यों और मान्यताओं को मजबूती प्रदान करना।यह नई कार्यकारिणी फाउंडेशन की प्रगति और उद्देश्य-पूर्ति के लिए अपने प्रयासों को प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है।

# जानलेवा प्रदूषण

दुनिया के सबसे प्रदूषित बीस शहरों में तेरह शहर भारत के हैं। लेकिन ऐसी खबरें विदेशी निवेश व विदेशी पर्यटकों की सोच को जरूर नकारात्मक बना सकती हैं। उल्लेखनीय है कि स्विस वायु गुणवत्ता प्रौद्योगिकी कंपनी आई.क्यू. एअर द्वारा जारी वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2024 बताती है कि दिल्ली वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी बनी हुई है। गंभीर चिंता इस बात की है कि भारत दुनिया का पांचवां सबसे ज्यादा प्रदूषित देश बना है। उल्लेखनीय बात यह है कि वर्ष 2023 में भारत तीसरे स्थान पर था। लेकिन इस रिपोर्ट में सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि देश का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर दिल्ली नहीं बल्कि मेघालय का बनीर्हाट लिस्ट में टॉप पर है। देश के तेरह शहरों का शीर्ष बीस प्रदूषित में शुमार होना परेशान करने वाला है। आई.क्यू. एअर द्वारा जारी वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2024 में भारत में पीएम 2.5 सांद्रता में सात फीसदी की गिरावट देखी। जो वर्ष 2023 में 54.5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर थी और फिलहाल 50.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है।एक अनुमान के अनुसार वायु प्रदूषण से औसतन व्यक्ति का जीवन 5.2 साल कम हो रहा है, जो स्थिति की गंभीरता का ही परिचायक है। गत वर्ष प्रकाशित लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ अध्ययन के अनुसार प्रदूषण की वजह से वर्ष 2009 से 2019 के बीच हर साल पंद्रह लाख मौतें हुई हैं। देशव्यापी प्रदूषण में पीएम 2.5 की घातकता को लेकर कई अध्ययन सामने आए हैं। दरअसल, 2.5 माइक्रोन से छोटे वायु प्रदूषण कण हमारे फेफड़ों और रक्तप्रवाह में सेंध लगाते हैं, जिससे श्वसन तंत्र को नुकसान पहुंचता है, जिसके चलते सांस लेने में दिक्कत होती है। साथ ही हृदय रोग और कैंसर का खतरा भी बढ़ सकता है। यह नीति-नियंताओं की नाकामी और जनमानस की लापरवाही व उदासीनता को ही दशार्ता है।

## आज का राशिफल

**मेष :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-1-4-6

**वृष :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-5-7

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-3-6-7

**कर्क :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें। शुभांक-4-6-8

**सिंह :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ? के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-8-9

**कन्या :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-4-7-9

**तुला :** पूर्व में किये कार्यो से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-9

**धनु :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

**मकर :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रह। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-3-5-7

**कुंभ :** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-9-9

**मीन :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-7


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय

लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।

( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# हिन्दू धर्म, उपवास और प्रधानमंत्री मोदी : पॉडकास्ट संवाद

**विश्व** भर में कहीं भी, किसी भी कौने में हिन्दू होकर जीवन जीने के मायने क्या हैं, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर से बहुत स्पष्ट तरीके से व्याख्यायित कर दिया है। उन्होंने दुनिया को समझाया है कि कैसे एक हिन्दू अपने जीवन में सर्वसमावेशी है। वास्तव में जो आज हिन्दू दृष्टि पर किसी न किसी रूप में दोष मढ़ने का कार्य कर रहे हैं, उन्हें चाहिए कि वे एक बार अवश्य प्रधानमंत्री मोदी के लेक्स फ्रिडमैन के साथ हुए पॉडकास्ट संवाद को सुने। निश्चित ही उनके जितने भी भ्रम हिन्दू धर्म और इससे जुड़ी परंपराओं को लेकर हैं वह दूर हो जाएंगे।

वस्तुतः प्रधानमंत्री मोदी उच्चतम न्यायालय का संदर्भ देकर समझाते हैं कि हिंदू धर्म कोई पूजा-पाठ पद्धति का नाम नहीं है, यह तो वे ऑफ लाइफ अर्थात ₹जीने का ढंग₹ या ₹तरीका₹ है। जैसे किसी व्यक्ति की जीवनशैली उसकी आदतों और रोजमर्रा की गतिविधियों का समुच्चय है, ठीक वैसे ही भारत में जन्मा यह सनातन हिन्दू धर्म है। प्रधानमंत्री मोदी यहां कहते हैं कि हिन्दू धर्म से जुड़े शास्त्र यह कई तरह से समझाते हैं कि कैसे शरीर, मन, बुद्धि, आत्मा के माध्यम से मनुष्यत्व को ऊंचाइयों पर ले जाया जा सकता है। इसके लिए हिन्दू धर्म कुछ रास्ते और परंपरागत व्यवस्थाओं के माध्यम से स्वयं को नित्य प्रकाशित करते रहने का मार्ग भी बताता है। जिसमें से एक उपवास भी है।

लेक्स फ्रिडमैन, ने जब प्रधानमंत्री मोदी से उपवास के बारे में जानना चाहा, तब उन्होंने सहज रूप से बताया कि आखिर हिन्दू धर्म में उपवास के मायने क्या हैं। वैसे उपवास को लेकर चरक संहिता में कहा गया है -

'दोषः कदाचित कुप्यन्ति, जिता लंघन पचनेया।

जिता संशोधनहेतुर, न तेषां पुनरुद्धभव।।'

अर्थात, हम केवल अपने शरीर का विषहरण करके अपने सभी दोषों (वात, पित्त और कफ) को संतुलित कर सकते हैं। अगर पाचन क्रिया ठीक रहेगी और हम समय-समय पर उपवास करते रहेंगे, तो हम हमेशा स्वस्थ रहेंगे। वास्तव में यह स्वस्थ रहना शरीर तक सीमित नहीं, यह हमारी इंद्रियों और मन से भी जुड़ा हुआ है, जिसका कि निहितार्थ श्रीमद् भगवद्गीता के दूसरे अध्याय के 59वें श्लोक में स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया है- 'विषया विनिवर्तन्ते निराहारस्य देहिनः रसवर्जं रसोऽप्यस्य परं दृष्ट्वा निवर्तते'। तात्पर्य कि निराहार मनुष्य के विषय दूर हो जाते हैं, साधक इंद्रियों को अपने भोग की



वस्तुओं से रोक सकता है, लेकिन वस्तुओं के स्वाद की भावना बनी रहती है। हालाँकि, यह स्वाद भी उन लोगों के लिए समाप्त हो जाता है, जिन्हें सर्वोच्च शक्ति का एहसास होता है। इसलिए अपने संवाद में प्रधानमंत्री मोदी उपवास पर व्यापक संवाद करते हैं।



-डॉ मयंक

> वर्षा ऋतु में एक समय ही भोजन करना है। यानी 24 घंटों में एक समय। मोदी बता रहे हैं कि वो जून मध्य से इसका आरंभ करते हैं और फिर दिवाली का करीब-करीब नवंबर माह आ जाता है। लगभग चार से साढ़े चार महीनों तक यह चातुर्मास की परंपरा चलती है। जिसमें वे चौबिस घंटे में एक बार भोजन लेते हैं। फिर नवरात्रि आती है, जो पूरे देश में दुर्गा पूजा का उत्सव है, शक्ति उपासना का उत्सव है, वो नौ दिन का होता है।

उनके अनुसार उपवास जीवन को अंतर बाह्य दोनों प्रकार के अनुशासन के लिए बहुत ही उपकारक है। यह जीवन को गढ़ने में भी काम आता है। जब आप उपवास करते हैं, तो आपकी जितनी इंद्रियाँ हैं, खासकर के सुगंध की हो, स्पर्श की हो, स्वाद की हो। ये सभी बहुत जागरुक हो जाती हैं। दूसरा; उपवास, आपके विचार प्रभाव को ये बहुत ही तीक्ष्णता देते हैं, नयापन देते हैं। प्रधानमंत्री कह रहे हैं, कि यह एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है। उनके लिए उपवास एक उपासना है, जो उन्हें बाहर से अंदर की यात्रा और अंदर से होते हुए बाहर, संपूर्ण ब्रह्माण्ड की यात्रा कराती है। यह एक अद्भुत अनुभूति है।

लेक्स फ्रिडमैन ओर अधिक पूछे जाने पर प्रधानमंत्री मोदी उन्हें हिन्दू धर्म की चातुर्मास उपवास व्यवस्था के बारे में बताते हैं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि हमारे यहाँ चातुर्मास की परंपरा है। जब वर्षा ऋतु होती है। तो हम जानते हैं मनुष्य की पाचन शक्ति काफी कम हो जाती है।

इसलिए वर्षा ऋतु में एक समय ही भोजन करना है। यानी 24 घंटों में एक समय। मोदी बता रहे हैं कि वो जून मध्य से इसका आरंभ करते हैं और फिर दिवाली का करीब-करीब नवंबर माह आ जाता है। लगभग चार से साढ़े चार महीनों तक यह चातुर्मास की परंपरा चलती है। जिसमें वे चौबिस घंटे में एक बार भोजन लेते हैं। फिर नवरात्रि आती है, जो पूरे देश में दुर्गा पूजा का उत्सव है, शक्ति उपासना का उत्सव है, वो नौ दिन का होता है। दूसरा एक मार्च-अप्रैल महीने में नवरात्रि पुनः आती है, जिसे ₹चैत्र नवरात्रि₹ कहते हैं। तब फिर से नौ दिन मैं उपवास करता हूँ। फिर वे आगे स्पष्ट करते हैं कि वास्तव में उपवास प्रत्येक व्यक्ति का अपना निजी मामला है, इसलिए हमारे यहां हिन्दू परंपरा में कोई इसकी पब्लिसिटी वगैरह नहीं करता। यह उपवास रखनेवाले एवं इसके महत्व को समझनेवाले प्रत्येक के जीवन का एक सामान्य हिस्सा है।

यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मेडिटेशन के माध्यम से बहुत सरल ढंग से सनातन हिन्दू धर्म की परंपरा में नाद ब्रह्म के महत्व को भी प्रतिपादित करते दिखे। वे अपनी हिमालयन लाइफ को याद करते बता देते हैं कि कैसे एक संत ने उन्हें एक बर्तन में एक-एक गिरती पानी की बूंद और उसकी टपक-टपक की ध्वनि से सिखाया कि तुम कुछ मत करो, सिर्फ इसी की आवाज सुनो, कोई और आवाज तुमको सुनाई नहीं देनी चाहिए। कितने ही पक्षी बोलते हों, हवा की आवाज आती हो, कुछ नहीं, तुम इस पानी की जो बूंद बर्तन में गिरती हैं, उसे सुनों और अंदर तक अपने रोम-रोम में महसूस करो। यहीं से प्रधानमंत्री मोदी की ध्यान यात्रा आरंभ हो जाती है। कोई मंत्र नहीं, सिर्फ टप-टप की ध्वनि और इस तरह से उस नाद-ब्रह्म से मोदी अपना नाता जोड़ने में सफल हो जाते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां अपनी बातचीत में कुछ मंत्रों का जिक्र भी करते हैं और हिन्दू धर्म को जीनेवाले प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में उसे पूर्णता का अनुभव करा देते हैं। उन्होंने कहा- ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदम पूर्णात्पूर्णमुदच्यते। यानी पूरे जीवन को एक सर्कल के अंदर उस (ब्रह्म) ने रखा हुआ है। पूर्णता ही सर्वस्व है, पूर्णता प्राप्त करने का विषय है। उसी प्रकार से हमारे यहां (हिन्दू परंपरा में) कल्याण की बात कही गई है, सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः। यानी सबका भला हो, सबका सुख हो, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भाग भवेत। अतः इन सभी मंत्रों में भी लोगों के सुख की बात है, लोगों के आरोग्य का बात है और फिर करें क्या ? ॐ शांतिः, शांतिः, शांतिः।

भारत में डेवलप हुए हैं, वो हजारों सालों की ऋषियों की साधना से निकले हुए हैं। लेकिन वे जीवन तत्व से जुड़े हुए हैं। वैज्ञानिक तरीके से रखे हुए हैं। वास्वत में यही भारत है, जिसके बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सभी को बहुत सहजता से व्यापक अर्थों में समझाने का प्रयास किया है।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### शिक्षा का अर्थ

शिक्षा का अर्थ केवल एक निश्चित पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों तक पहुंचाना नहीं होता, बल्कि नैतिकता का पाठ भी पढ़ाना होता है। भारतीय शिक्षा पद्धति का आधार नैतिक चरित्र ही रहा है। ज्ञान में किया गया निवेश सर्वश्रेष्ठ होता है। शिक्षा व्यक्ति में निहित प्रतिभा को निखारती है। शिक्षा जीवन की तैयारी नहीं, बल्कि स्वयं ही जीवन है।

**-अनूप कुमार, रांची**

### किसानों की नाराजगी

भारतीय किसान यूनियन और पंजाब सरकार के बीच टकराव का उल्लेख है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान किसानों की मांगों के प्रति सहानुभूति रखते हुए भी भारतीय किसान यूनियन की बैठक छोड़कर चले गए। इसके बाद किसान यूनियन ने आंदोलन का ऐलान किया, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा हुई। पंजाब सरकार को हड़ताली कर्मचारियों की समस्याओं को सहानुभूति से हल करना चाहिए। **- रवि, रांची**

## ट्वीट

**हमारी** समृद्ध संस्कृति और परंपरा हमें प्रकृति का सम्मान और उसका संरक्षण करना सिखाती है। अभिमान है हमें हमारी महान विरासत पर।

नेमरा में बाहा पर्व के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुआ और जाहेरथान में पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना की।

जोहार बाहा बोंगा!

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

**नेमरा** स्थित हमारे पैतृक निवास में हेमन्त जी संग बाहा पर्व के पावन अवसर पर शामिल होकर प्रकृति और संस्कृति का आशीर्वाद प्राप्त किया।

**- कल्पना मुर्मू सोरेन, विधायक, गांडेय**

# कांग्रेस गठबंधन शासित राज्यों में तुष्टीकरण की स्पर्धा

**रमेश शर्मा**

राजनीति

**कांग्रेस** और उनके गठबंधन वाली विभिन्न सरकारों में हिन्दू हितों को सीमित करके मुस्लिम तुष्टीकरण की मानों कोई स्पर्धा चल रही है। मुस्लिम तुष्टीकरण की दिशा में एक सरकार कोई घोषणा करती है तो दूसरी सरकार उसका अनुसरण करते हुये और नई सौगात दौड़कर नया इतिहास बना रही है। इसे हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, कर्नाटक, केरल आदि सरकारों की घोषणाओं से समझा जा सकता हैं। वास्?तव में मुस्लिम तुष्टीकरण की यह स्पर्धा देश के नौ प्रदेशों में चल रही है। इनमें कांग्रेस अथवा उनके गठबंधन दलों की सरकारें हैं। इनमें कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश , तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाड और झारखंड प्रमुख हैं। ये सरकारें दोनों प्रकार से तुष्टीकरण कर रही हैं। एक ओर मुस्लिम हितों का संवर्धन और दूसरी ओर हिन्दू हितों का शोषण। इसके लिए हिमाचल प्रदेश सरकार का नया निर्णय सामने आया है ।

हिमाचल प्रदेश सरकार ने अल्पसंख्यक कल्याण का बजट तो बढ़ाया लेकिन सरकार की दो योजनाओं का व्यय मंदिर ट्रस्ट के कंधे पर डाल दिया है। हिमाचल प्रदेश ही नहीं देशभर के अधिकांश मंदिरों ट्रस्ट के संचालन पर राज्य सरकारों का नियंत्रण होता है। यह हिमाचल प्रदेश में भी है। हिमाचल सरकार ने इसी का लाभ उठाया है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी बड़े मंदिरों को पत्र लिखकर दो योजनाओं में आर्थिक सहायता मांगी है। इस पत्र के साथ ही मंदिर ट्रस्ट से जुड़े अधिकारियों ने सूची बनाकर इन मंदिरों से प्राप्त होने वाली कुल राशि का आकलन कर लिया है। इससे कई कदम आगे अब कर्नाटक सरकार ने अपने बजट में मुस्लिम समाज को सशक्त बनाने के लिए घोषणाओं की झड़ी लगा दी है। कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के पास वित्त विभाग भी है। उन्होने पिछले दिनों वर्ष 2025-26 केलिये अपनी सरकार का बजट प्रस्तुत किया।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपने बजट में मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए एक दो नहीं कुल तेरह योजनाओं की घोषणा की हैं। इसमें सबसे बड़ी घोषणा है सरकारी ठेकों में मुस्लिम ठेकेदारों को चार प्रतिशत आरक्षण देना। इस निर्णय के साथ ही अब कर्नाटक में शासकीय, अर्ध शासकीय निर्माण कार्य के ठेकों में चार प्रतिशत कार्य मुस्लिम ठेकेदारों को ही दिये जायेंगे। अब तक विभिन्न राज्य सरकारों ने सरकारी नौकरियों में तो मुसलमानों को आरक्षण का प्रावधान किया है। लेकिन ठेकों में आरक्षण देने की घोषणा करने वाला कर्नाटक पहला राज्य बन गया है। सरकारी ठेकों में मुस्लिम आरक्षण की घोषणा के साथ कर्नाटक में इमामों को छह हजार रुपये मासिक भत्ता देने, मुस्लिम लड़कियों के लिए 15 नए महिला महाविद्यालय खोलने की घोषणा भी की है । ये नये महाविद्यालयों का निर्माण वक्फ की जमीन पर होगा। लेकिन इनके निर्माण कार्य पर पूरा पैसा सरकार लगाएगी। इनके संचालन में बक्फ बोर्ड की भूमिका प्रमुख होगी।

तुष्टीकरण की अन्य घोषणाओं में अल्पसंख्यक समाज के सामूहिक विवाह आयोजित करने वाले अशासकीय संगठनों को प्रति जोड़े पचास हजार रुपये की राशि देने, 250 मौलाना आजाद मॉडल इंग्लिश मीडियम स्कूल में चरणबद्ध तरीके से प्री-प्राइमरी से पूर्व विश्वविद्यालय कक्षाएं शुरू करने, उर्दू माध्यम की शिक्षा देने वाले सौ विद्यालयों को अनुदान के रूप में सौ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

इस योजना पर कुल चार सौ करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है। इसमें सौ करोड़ की राशि इस वर्ष के लिए है। कर्नाटक के विभिन्न नगरों में अल्पसंख्यक समाज केलिये अलग कॉलोनियों का विकास होगा। इस मद पर एक हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है।

वक्फ संपत्तियों और कब्रिस्तानों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सरकार 150 करोड़ रुपये व्यय करेगी। मुस्लिम सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 50 लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में नए आईटीआई कॉलेज की स्थापना की जाएगी ताकि मुस्लिम समाज के बच्चों का ₹स्किल डेवलपमेंट हो सके। इनमें मुस्लिम छात्रों के लिए 50 प्रतिशत शुल्क की छूट दी जाएगी। इसके अतिरिक्त उलाल नगर में मुस्लिम लड़कियों के लिए आवासीय महाविद्यालय की स्थापना की जाएगी। जो मुस्लिम छात्र विदेश जाकर पढ़ना चाहते हैं उनके लिए छात्रवृत्ति में वृद्धि की जायेगी। बेंगलुरु नगर के हज भवन का विस्तार किया जायेगा।

# ख्याति की बैसाखी बनता साहित्य में चौर्य कर्म

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

साहित्य

साहित्यिक चोरी आज बड़ी चुनौती बन गई है, जहां एक लेखक के विचारों, शब्दों या रचनाओं पर दूसरे लेखक द्वारा उचित स्वीकृति के बिना दावा किया जाता है। यह कृत्य न केवल साहित्यिक नैतिकता का उल्लंघन करता है बल्कि सच्चे लेखक की मौलिकता और रचनात्मकता को भी कमजोर करता है। कॉपी-पेस्ट करने का मुद्दा हिंदी साहित्य में तेजी से प्रचलित हो रहा है, खासकर इस डिजिटल युग में, जहां लेख, कविताएं और कहानियां ऑनलाइन आसानी से उपलब्ध हैं। साहित्यिक चोरी में किसी और के साहित्य को बिना श्रेय दिए लेना या उसमें मामूली बदलाव करके उसे अपना बताकर पेश करना शामिल है। यह व्यवहार मूल लेखकों के अधिकारों का उल्लंघन करता है और रचनात्मकता और मौलिकता को दबाता है। कुछ व्यक्ति इस हद तक चले जाते हैं कि वे दूसरों के साहित्य को अपना बता देते हैं। साहित्यिक चोरी के एक रूप में कहानी के पात्रों को बदलना और उसे मूल रचना के रूप में विपणन करना शामिल है। इस कुकृत्य में ऐसे लोग भी हैं जो स्थापित लेखकों की प्रसिद्ध कृतियों को अपनी कृति के रूप में प्रस्तुत करते हैं, तथा अक्सर साहित्यिक क्षेत्र में मान्यता और प्रसिद्धि पाने की कोशिश करते हैं।

साहित्यिक चोरी तब होती है जब कोई व्यक्ति किसी दूसरे लेखक के शब्दों को बिना अनुमति या उचित श्रेय दिए अपने शब्दों के रूप में प्रस्तुत करता है। इसमें वे स्थितियां भी शामिल हैं जहाँ कोई लेखक बिना उचित उद्धरण के अपने पहले से प्रकाशित साहित्यिक काम का पुनः उपयोग करता है। इसके अतिरिक्त, यदि कोई व्यक्ति मूल विचारों और संरचना को बरकरार रखते हुए किसी दूसरे की सामग्री में मामूली बदलाव करता है, तो उसे भी साहित्यिक चोरी माना जाता है। यह समस्या विभिन्न समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में प्रचलित है, और दुर्भाग्य से, यह आज भी जारी है। साहित्यिक चोरी के कई रूप हैं, और यहां तक कि दोहराव को भी रचनात्मक चोरी के रूप में देखा जा सकता है। उदाहरण के लिए, कई हिंदी लेखक होली या दिवाली जैसे त्योहारों के दौरान विभिन्न प्रकाशनों में अपनी रचनाएं पुनः प्रकाशित करते हैं। एक मजबूत समीक्षा संस्कृति की कमी ने साहित्यिक चोरी को साहित्य का एक परेशान करने वाला पहलू बना दिया है। आजकल, कोई भी किसी रचना को उसे बिना किसी जांच के प्रकाशित करवा सकता है, जिससे ऐसी स्थिति बन जाती है जहां मूल लेखक ठगे रह जाते हैं। 'निजी' पाठ्यक्रमों के लिए प्रसिद्ध लेखकों की कृतियां लेना और उन्हें अपने नाम से प्रकाशित करना आम बात हो गई है।

इस व्यवहार को खत्म करने के लिए केवल आलोचना ही अपर्याप्त लगती है। साहित्यिक चोरी सिर्फ नए लेखकों या प्रसिद्धि चाहने वालों की ही बैसाखी नहीं है, यहां तक कि स्थापित हिंदी लेखक भी दूसरों की रचनाओं में थोड़ा-बहुत बदलाव करके उन्हें अपना बता देते हैं। साहित्यिक चचाओं में साहित्यिक चोरी के कई उदाहरण सामने आए हैं, जिनमें कुछ लेखकों पर प्रसिद्ध पुस्तकों के अंशों को अपनी रचनाओं में शामिल करने का आरोप लगाया गया है, जिससे अंततः उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है।

किसी अन्य लेखक के काम या विचारों का उपयोग करते समय, उचित श्रेय देना आवश्यक है। अपने स्वयं के विचारों और शैली को व्यक्त करके मौलिक लेखन को अपनाएं, यह सुनिश्चित करें कि हिंदी साहित्य में नए दृष्टिकोण और रचनात्मकता पनपे। दूसरों के काम की अनजाने में नकल करने से बचें। हिंदी लेखकों को अपनी बौद्धिक संपदा की रक्षा के लिए अपनी रचनाओं के लिए कॉपीराइट सुरक्षित करना चाहिए। साहित्यिक नैतिकता को बनाए रखें, और लेखकों और पाठकों दोनों को मौलिकता की वकालत करते हुए साहित्यिक चोरी के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। साहित्यिक चोरी के खिलाफ लड़ाई में आलोचक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अफसोस की बात है कि प्रकाशन उद्योग में कई संपादक साहित्य की बारीकियों को पूरी तरह से नहीं समझ पाते हैं।

ऐतिहासिक संदर्भ की समझ की यह कमी इस मुद्दे की विडंबना को और बढ़ा देती है। मौलिक साहित्यिक कृतियों का प्रभावी ढंग से मूल्यांकन करने के लिए, स्तंभों या पत्रिकाओं के संपादक के रूप में काम करने वाले किसी भी व्यक्ति के पास साहित्य में मजबूत आधार और ज्ञान होना चाहिए। हिंदी साहित्य में साहित्यिक चोरी और कॉपी-पेस्ट की बढ़ती समस्या चिंताजनक है, लेकिन इससे निपटने के लिए प्रभावी उपाय किए जा सकते हैं। साहित्य की विशिष्टता को बनाए रखने और लेखकों के अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूकता को बढ़ावा देना और नैतिक मानकों का पालन करना आवश्यक है। साहित्यिक कृतियों में मौलिकता सुनिश्चित करके हम हिंदी साहित्य के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

साहित्यिक चोरी लेखकों की ईमानदारी को कमजोर करती है और साहित्यिक रचनाओं की प्रमाणिकता को कम करती है। साहित्यिक दुनिया में नवाचार को बढ़ावा देने और स्वतंत्र अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए मौलिकता को संरक्षित करना महत्वपूर्ण है। इसलिए, सभी लेखकों को नैतिक प्रथाओं को बनाए रखते हुए अपने काम को रचनात्मक और मौलिक बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। हरियाणा में इस मुद्दे पर बहस छिड़ी हुई है। हाल ही में एक ख्यातिनाम लेखक पर यह आरोप लगा है।

## स्पीड न्यूज

### झारखंड सेवा समिति के तीसरी बार अध्यक्ष बने अमित सिन्हा



**रामगढ़।** झारखंड सेवा समिति की वार्षिक आम सभा रविवार को उपाध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता के आवासीय हुयी। सर्वसम्मति से अमित कुमार सिन्हा को लगातार तीसरी बार समिति का अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद पदाधिकारियों और सदस्यों ने स्वागत किया। सिन्हा ने कहा कि झारखंड सेवा समिति लगातार समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा करती आई है और आनेवाले समय में भी समिति समाज के जरूरतमंद लगन की सेवा करती रहेगी। कहा की अब संगठन का सशक्त बनाने का कार्य किया जाएगा। हर माह समिति की कम से कम एक बैठक होगी। संगठन से नए सदस्यों को जोड़कर इसका विस्तार किया जायेगा। बैठक में समाज में अलग पहचान बनाने के लिए झारखंड सेवा समिति की सम्मानित सदस्य शीतल सिंह, सुशीला देवी तथा सोनी कुमारी व डॉक्टर सागर कुमार को सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद ने किया।

### रोटरी क्लब ने किया होली मिलन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** होली के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा रविवार शाम सौंदा बस्ती स्थित योग आश्रम में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर और मुंह मीठा कराके होली की खुशियां बांटी। रोटेरियन प्रवीण शर्मा ने कहा कि हमारे सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश लेकर आता है। हमसभी को सारे पर्व-त्योहार मिल-जुलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए। उन्होंने क्षेत्रवासियों को रंग और उमंगों का त्योहार होली की बधाई देते हुए यह पर्व भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। श्री शर्मा ने सबों को इस त्योहार की संस्कृति और परंपरा से परिचित कराते हुए रंगों की तरह जीवन में भी सकारात्मकता और खुशियों के प्रसार का संदेश दिया। समारोह में रोटेरियन परमजीत सिंह धामी, डॉ. एनके सिंह, मदन मोहन झा, नरेन्द्र कौर, प्रवीण शर्मा, सुषमा शर्मा, श्रीकांत गुप्ता, चन्द्रकला देवी, अजय गोयल, बबीता गोयल, अशोक शर्मा, मंजू शर्मा, राम किशोर प्रसाद, अंजलि, समरेन्द्र साह, रश्मि साह, चंद्रशेखर अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, गजानंद प्रसाद, अशोक अग्रवाल, सुनील प्रसाद, वीकू, विकास आदि शामिल थे।

### भुरकुंडा में शोभायात्रा व कीर्तन आज



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा गुरुद्वारा का भव्य नवनिर्माण होने के अवसर पर गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी शोभायात्रा एवं नगर-कीर्तन रिवर साइड गुरुद्वारा से 18 मार्च मंगलवार को सुबह 9 बजे निकाली जायेगी। जो भुरकुंडा गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा तक निकलेगी। इसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा मंच एवं रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा संयुक्त रूप से बिरसा चौक भुरकुंडा में सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया जायेगा। साथ ही जलपान की व्यवस्था की जायेगी। वहीं भुरकुंडा गुरुद्वारा का भव्य नवनिर्माण होने के अवसर पर 19 मार्च बुधवार को सुबह 9 बजे से श्री अखंड-पाठ साहिब का शुभारंभ होगा। जबकि श्री अखंड-पाठ के समापन के बाद 21 मार्च शुक्रवार को नवनिर्मित भव्य गुरुद्वारा का उद्घाटन किया जायेगा। उक्त जानकारी श्री गुरु सिंह सभा भुरकुंडा गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी ने दी।

### एस्पायर में शिक्षकों ने खेली होली



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर और रिभर साईड भुरकुंडा स्थित एस्पायर कोचिंग सेंटर के शिक्षकों ने जमकर होली खेली। शिक्षकों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर और मुंह मीठा कराकर होली की बधाई दी। शिक्षकों ने एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का भी जमकर लुत्फ उठाया। संस्था के निदेशक रत्नेश कुमार ने कहा कि होली भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। हमारे सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश लेकर आता है। हमसभी को सारे पर्व-त्योहार मिल-जुलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए। उन्होंने सबों को इस त्योहार की संस्कृति और परंपरा से परिचित कराते हुए रंगों की तरह जीवन में भी सकारात्मकता और खुशियों के प्रसार का संदेश दिया। मौके पर निदेशक रत्नेश कुमार, शिक्षक नितेश सिंह, चंदन कुमार, राकेश सिंह, संजीत कुमार, सचिन, राहुल, विक्रांत, अमित, सुमित, रजत, पियूष, लव, कुश, बृजेश, नीरज सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

### प्रतिमा खंडित करने वाला गिरफ्तार

**कुजू।** कुजू पूर्वी पंचायत के पूर्व मुखिया अशोक कुमार ने कुजू कोलियरी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में स्थापित भगवान कार्तिकय की प्रतिमा को खंडित करने को लेकर कुजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि 15 मार्च दोपहर 3 बजे कुजू कोलियरी निवासी विजय करमाली उर्फ कल्लू पिता फुलेश्वर करमाली नशे की हालत में मंदिर में स्थापित भगवान कार्तिकय की प्रतिमा को खंडित कर दिया। जिससे क्षेत्र के ग्रामीण काफी आहत है। इधर पुलिस ने छानबीन करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

# नशा व अपराधियों के खौफ के साये में कोर्रा

## स्थानीय निवासियों ने पुलिस की निष्क्रियता पर उठाये सवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** रविवार का एक सुनसान शाम। जबरा तालाब के शांत पानी में हलचल मची, जब किसी ने उसमें एक शव तैरता देखा। चंद मिनटों में अफरा-तफरी मच गई, पुलिस पहुंची, और तालाब से बाहर निकाला गया एक युवक का निर्जीव शरीर। कौन था वो? किसने उसकी जान ली या क्या उसने खुद ही मौत को गले लगाया? हर तरफ बस एक ही सवाल–हत्या या आत्महत्या?

जानकारी के मुताबिक मृतक सोनू कुमार पिता हरी साव मिसरौल, खगैया गांव तेलिया डीह का रहने वाला था और हजारीबाग के कृष्णापुरी स्थित लॉज में रहकर पढ़ाई करता था। वह जबरा स्थित इंटर साइंस कॉलेज का छात्र था। 13मार्च को उसे किसी ने एडमिट कार्ड लेने के नाम पर बुलाया था जिसके बाद से वो लापता था। उसके पिता ने इसे साफ तौर पर हत्या करार दिया, जबकि प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि एक युवक और युवती बाइक से तालाब की ओर आए थे। इसके बाद क्या हुआ, किसी को नहीं पता। स्थानीय लोगों का कहना है कि शव की हालत देख यह स्पष्ट है कि उसे मारा गया और फिर तालाब में फेंक दिया गया। पुलिस अब इस गुत्थी को सुलझाने में जुटी है।

**नशे के कारोबार ने बढ़ाई चिंता :** कोर्रा अब सिर्फ एक थाना क्षेत्र नहीं, बल्कि अपराधियों की शरणस्थली बनता जा रहा है। नशे का कारोबार हर गली में पसर चुका है, और पैसे के लालच में कई युवा खुद ड्रग्स सप्लायर बन रहे हैं। इस भयावह स्थिति ने स्थानीय निवासियों को झकझोर कर रख दिया है। अब सवाल उठता है–क्या पुलिस इसे रोक पाएगी? क्या प्रशासन सख्त कदम उठाएगा? या फिर कोर्रा का अंधेरा और गहरा होता जाएगा? जवाब जो भी हो, लेकिन अगर जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो हजारीबाग का यह इलाका अपराधियों के कब्जे में चला जाएगा, जहां हर दिन कोई न कोई लाश तालाब से बरामद होगी और हम सिर्फ सवाल पूछते रह जाएंगे... ₹हत्या या आत्महत्या?

**केस स्टडी 1.** रेखा भारती की संदिग्ध मौतः दो दिन पहले मटवारी कृष्णापुरी गली नंबर 4 में एक युवती अचेत अवस्था में मिली थी, जिसकी बाद में मौत हो गई।

**केस स्टडी 2.** ब्राम्बे हाउस के पास शव बरामदः कुछ दिन पहले जबरा इलाके के ब्राम्बे हाउस के पास भी एक युवक का शव मिला था।

**केस स्टडी 3.** कट्टा लेकर रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तारः 9 मार्च को कन्हरी पहाड़ के पास एक आरोपी मनीष कुमार साव को देसी कट्टा के साथ पकड़ा गया था, जो पार्किंग के नाम पर रंगदारी वसूल रहा था।

**केस स्टडी 4.** मोबाइल छिनतई में तीन गिरफ्तारः 4 मार्च को मोबाइल छिनने वाले तीन आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े थे।

**केस स्टडी 5.** 12 लाख की जेवरात चोरी : 22 फरवरी को दीपूगढ़ा डीएफओ कॉलोनी के एक बंद घर से 12 लाख रुपये के जेवरात चोरी कर लिए गए थे।

# रामगढ़ जिले में 13 अवैध भूमिगत खदानें ध्वस्त

- कोतरे वन भूमि क्षेत्र में 13 रैट-होल खदानों को किया ध्वस्त
- प्रत्येक वर्ष 54,000 टन कोयले की हो रही थी चोरी

## अवैध खनन के खिलाफ जारी रहेगी कार्रवाई : प्रशासन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में प्रशासन ने अवैध कोयला खनन माफिया पर अब तक की सबसे बड़ी चोट की है। 27 फरवरी से 10 मार्च, 2025 तक चले इस विशेष अभियान में 13 अवैध भूमिगत खदानों को लगभग 3,000 किलोग्राम विस्फोटकों का उपयोग कर खदान के सुरंगों और प्रवेश द्वारों को ध्वस्त कर दिया गया, ताकि अवैध खनन पूरी तरह रोका जा सके।

**माफियाओं को बड़ा झटका :** रामगढ़ जिले के मांडू ब्लॉक में प्रशासन, पुलिस, वन विभाग और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड और एमडीओ कंपनी केबीपीएमपीएल की संयुक्त टीमों ने इन अवैध भूमिगत खदानों को ध्वस्त करने में अपनी भूमिका निभाई। खनन माफिया इन संकरी रैट-होल सुरंगों का उपयोग कर अवैध रूप से कोयला निकालता था। जिला प्रशासन और पुलिस अधीक्षक की देखरेख में इन सभी खदानों को विस्फोट कर ध्वस्त कर दिया गया। विस्फोट से पहले स्थानीय लोगों को लाउडस्पीकर से सतर्क किया गया। प्रशासन ने सुरक्षा प्राथमिकता रखते हुए यह सुनिश्चित किया कि कोई जनहानि न हो। ऑपरेशन पूरी तरह सुरक्षित और सफल रहा। पिछले 40 वर्षों में रामगढ़ जिले के कोतरे के इन अवैध खदानों से करीब 1.5 से 2 मिलियन टन कोयला अवैध रूप से निकाला गया, जिससे सरकार को भारी राजस्व नुकसान हुआ। रामगढ़ जिला प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि यह अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक अवैध भूमिगत खदानों को पूरी तरह बंद नहीं कर दिया जाता। रामगढ़ की यह इतिहास में सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है, जिसने अवैध कोयला खनन के पूरे नेटवर्क को हिला कर रख दिया है। यह ऑपरेशन अवैध खनन पर लगाम लगाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुआ है।

### डिजिटिल युग में कंप्यूटर शिक्षा महत्वपूर्ण : प्रसाद

**रजरप्पा।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में सोमवार को कोल इंडिया लिमिटेड, रजरप्पा क्षेत्र के द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत प्रदत्त आधुनिक और हाई-कॉनफि गरेशन कंप्यूटर सेट का उदघाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रबंधक, रजरप्पा क्षेत्र कल्याणजी प्रसाद, विद्यालय के कोषाध्यक्ष सह नोडल अधिकारी (सीएसआर) आशीष झा, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) मनोज कुमार, स्टाफ अधिकारी (सिविल) विमल कुमार एवं विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके किया गया। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने अतिथियों का परिचय कराया। उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्प- गुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदानकर स्वागत किया गया।विद्यालय के भैया बहनों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य उमेश प्रसाद, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ और सीसीएल के अधिकारी, श्रम संगठन प्रतिनिधिगण अनिल प्रसाद, चंदेश्वर सिंह, रविन्द्र वर्मा, किशोरी प्रसाद, आरपी सिंह, प्रदीप आदि उपस्थित थे। लैब में नवीनतम तकनीक के हाई-कॉनफि गरेशन कंप्यूटर सेट स्थापित किए गए हैं।

## जायसवाल ने कोनार, तिलैया डैम के विस्थापितों और सिंचाई का मामला लोकसभा में उठाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने क्षेत्र से जुड़े जनहित के मुद्दों को लोकसभा में प्रमुखता से उठाया। बजट सत्र के दौरान सोमवार को उन्होंने कोनार और तिलैया डैम से विस्थापित लोगों के पुनर्वास और कोनार सिंचाई परियोजना को पूर्ण कराने की मांग की। सांसद ने लोकसभा में कहा कि तिलैया और कोनार डैम का निर्माण 1955 में हुआ था, जिससे हजारों लोग विस्थापित हुए। इनमें हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चौपारण, बरही, विष्णुगढ़ और चंदवारा के कई गांवों के लोग शामिल हैं, जिनका अब तक पुनर्वास नहीं हुआ। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि विस्थापितों को अविलंब पुनर्स्थापित किया जाए। इसके साथ ही, उन्होंने कोनार डैम की सिंचाई परियोजना को लेकर भी चिंता जताई। यह परियोजना 1978 में शुरू हुई थी, लेकिन 50 साल बाद भी पूरी नहीं हो पाई है और किसी भी गांव को सिंचाई का लाभ नहीं मिला। इस योजना के तहत 85 गांवों को पानी और 63,000 एकड़ भूमि को सिंचाई सुविधा मिलने की योजना थी, जो अब तक लंबित है। सांसद जायसवाल ने सरकार से मांग की कि कोनार सिंचाई परियोजना को जल्द पूरा किया जाए, यहां हाइडल पावर प्लांट लगाया जाए और पर्यटन को विकसित किया जाए ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके।

## पीओ को एजेकेएसएस ने सौंपा ज्ञापन



**कुजू।** 10 सूत्री मांग को लेकर कुजू कोलियरी परियोजना पदाधिकारी को अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ द्वारा सौंपे गये पत्र के आलोक में सोमवार को कुजू कोलियरी में बैठक हुई। बैठक में सौंपे गये मांग पत्र को पुनः दोहराते हुए 13 दिन का बकाया वेतन भुगतान करने, समय पर कर्मचारियो का प्रमोशन करने, स्कूल बस व एंबुलेंस की सुविधा प्रदान करने, रोंग डिगनेशन में कार्य करने वाले कर्मचारियों को ऑथराईजेशन देने, फिल्टर प्लांट में लाइट की सुविधा, केओसीपी में लाईट लगाने, अवैध खनन पर रोक लगाने, श्री राम चौक से लेकर कुजू कोलियरी तक सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने, कुजू कोलियरी के बंद पड़े खदान को पुनः चालू कराने की बात कही गयी। जिसपर परियोजना पदाधिकारी अभिमन्यु सिंह ने सभी मांगों पर साकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। कहा कि संघ के द्वारा सौंपे गये मांग पत्र वरीय प्रबंधन के पास प्रेषित कर दिया जायेगा। बैठक में पर्सनल मैनेजर रॉबर्ट शांडिल, कोलियरी मैनेजर गोविंद साहू के अलावे अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के महामंत्री सतीश सिन्हा, क्षेत्रीय सचिव राम भजनलाल महतो, कुजू कोलियरी सचिव तेजनाथ महतो, दामोदर महतो, दिलीप कुमार, मनोज कुमार, रोहित रंजन, संजय कुमार बैठा, रंजीत राम, सनी कुमार शामिल थे।

# करोड़ों की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**सैकड़ों निवेशक थाना पहुंचे और पैसे की वापसी की मांग करने लगे**

## ओम ट्रेडिंग का फरार सह-संचालक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** ओम ट्रेडिंग के नाम पर निवेशकों से करोड़ों की ठगी कर फरार हुए सह-संचालक रंजीत प्रजापति को मुफस्सिल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि सरगना संजय प्रजापति अभी भी फरार है। जैसे ही यह खबर फैली, सैकड़ों निवेशक थाना पहुंच गए और अपने पैसे की वापसी की मांग करने लगे। पुलिस ने उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया।

गौरतलब है कि संजय प्रजापति समेत रंजीत प्रजापति, सुजित प्रजापति, बिनोद प्रजापति और अन्य के खिलाफ कई थानों में निवेशकों ने धोखाधड़ी के मामले दर्ज करवाए थे। इन लोगों ने एक आकर्षक निवेश योजना दिखाकर 10 महीनों में रकम दोगुनी करने का वादा किया था। 100% गारंटी का झांसा देकर



रंजीत प्रजापति ( फाइल फोटो ) ।

निवेशकों से लगभग 200 करोड़ रुपये ठग लिए और फरार हो गए थे।

पीड़ितों की मानें तो इस ठगी का शिकार न केवल हजारीबाग, रामगढ़ और चतरा के लोग हुए हैं, बल्कि बिहार के कई निवेशकों ने भी अपनी मेहनत की कमाई गंवाई है। आरोपियों ने निवेशकों के पैसों को शेयर बाजार और प्रॉपर्टी में लगाया था। कई लोगों ने ग्रुप बनाकर निवेश किया था, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और ज्यादा



मुफस्सिल थाना पहुंचे सैकड़ों निवेशक।

प्रभावित हुई। मुफस्सिल थाना में ओम ट्रेडिंग के खिलाफ आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। रंजीत प्रजापति की गिरफ्तारी के बाद निवेशकों को उम्मीद है कि वे अपनी गाढ़ी कमाई वापस पा सकेंगे। पुलिस अब इस घोटाले से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## एक नजर में

### हजारीबाग में रामनवमी महासमिति अध्यक्ष के लिए सात में से तीन उम्मीदवारों ने नाम ली वापस



हजारीबाग। होली के समापन के साथ ही हजारीबाग में ऐतिहासिक रामनवमी की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में रविवार को बड़ा अखाड़ा में महासमिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता महंत विजयानंद दास ने की थी। बैठक में महासमिति अध्यक्ष पद के लिए कुल सात उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की थी। सोमवार को बैठक करके तीन लोगों ने नाम वापस ले ली। जिसमे महासमिति के पूर्व अध्यक्ष जीतू यादव, अजय कुमार दास और दीप नारायण प्रकाश शामिल है। इस तरह से महासमिति अध्यक्ष पद के दौड़ में चार लोग रह गए है । जिसमे विशाल वाल्मीकि झ डमरू, दिलीप यादव झ गदा, मीत यादव झ शंख व बसंत यादव झ ओम चिन्ह के साथ मैदान में डटे है। शुक्रवार या शनिवार को मतदान की संभावना है, जिसमें अखाड़ों के प्रतिनिधि अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। ज्ञात हो कि हजारीबाग की रामनवमी झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश में प्रसिद्ध है। यहां करीब 120 अखाड़े रामनवमी जुलूस में भाग लेते हैं, जो नवमी, दशमी और एकादशी तक लगभग 36 घंटे तक सड़कों पर उत्सव का माहौल बनाए रखते हैं। इसके अलावा, होली के बाद पड़ने वाले सभी मंगलवार को 'मंगला जुलूस' निकाला जाता है, जो भव्यता का प्रतीक होता है। महासमिति प्रशासन और अखाड़ों के बीच समन्वय स्थापित कर पर्व को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने की जिम्मेदारी निभाती है। अब देखना दिलचस्प होगा कि महासमिति के अध्यक्ष पद की यह चुनावी जंग किसके पक्ष में जाती है और कौन बनेगा रामनवमी महासमिति का नया अध्यक्ष।

### ऊंचाघाना में चैती दुर्गा पूजा समिति गठित

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के जोबर पंचायत अंतर्गत ऊंचाघाना ग्राम में चैती दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में रामनवमी त्योहार को प्रेम, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पर विचार–विमर्श किया गया। मेले के सफल आयोजन के लिए समिति का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में कपिल देव कुमार, उपाध्यक्ष अभिजीत कुमार, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार महतो, सचिव भास्कर कुमार महतो, उप सचिव नागेंद्र कुमार महतो और संयोजक रामेश्वर महतो को मनोनीत किया गया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि पूजा के सभी कार्यक्रमों को पारंपरिक और भव्य तरीके से संपन्न किया जाएगा। बैठक में विशेश्वर महतो, सुभाष कुमार, बसंत कुमार, संतोष कुमार, सचिन कुमार, जानकी महतो, विनोद महतो, चंद्रशेखर महतो, दामोदर महतो, लोकनाथ महतो समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने अपने–अपने स्तर से सहयोग देने का आश्वासन दिया। समिति के गठन के साथ ही कार्ययोजना तैयार की गई, ताकि चैती दुर्गा पूजा का आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो सके। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने त्योहार को शांतिपूर्ण और उल्लासपूर्ण तरीके से मनाने का संकल्प लिया।

### गंगादोहर में रामनवमी पूजा समिति का पुनर्गठन

**बड़कागांव।** प्रखंड के ग्राम गंगादोहर में रामनवमी पूजा समिति की बैठक हुई, इसकी अध्यक्षता बालमुकुंद प्रसाद ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी रामनवमी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान आकर्षक झांकी प्रस्तुत की जाएगी, जिसे बंगाल के कलाकार तैयार करेंगे। झांकी का प्रदर्शन गंगादोहर से लेकर हरली मेला टांड़ तक किया जाएगा। पूजा के अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर के भजन संध्या कार्यक्रम होगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति का पुनर्गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद, संरक्षक सुरेश प्रसाद, मीडिया प्रभारी नंदकिशोर मेहता, सचिव पवन कुमार, कोषाध्यक्ष महेंद्र महतो और पुजारी कृष्ण कौशल को मनोनीत किया गया। इसके अलावा, निगरानी समिति में राजु कुमार, प्रवीण कुमार, अजीत कुमार, सुबोध कुमार, रोबिन कुमार, चिंतामणि कुमार, रवि कुमार, प्रेम महतो, अरविंद कुमार, रंजन कुमार, राज कुमार, योगेंद्र महतो, राम प्रसाद, बालदेव कुमार और दयानंद महतो को शामिल किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।


### मंगला शोभा यात्रा के अध्यक्ष बने सत्यजीत

**बड़कागांव।** बड़कागांव चौक में मंगला शोभा यात्रा को धूमधाम से मनाने के लिए रामभक्तों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से सत्यजीत विद्या अलंकार उर्फ मंटू को अध्यक्ष और इंगलेश सोनी को सचिव चुना गया। ललन कुमार कोषाध्यक्ष, शुभम विश्वकर्मा उपाध्यक्ष, प्रमोद सोनी उप सचिव, तथा पिंटू गुप्ता को संयोजक नियुक्त किया गया।बैठक में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, रामसेवक सोनी, रामनवमी महासमिति अध्यक्ष विवेक सोनी, पूर्व अध्यक्ष बिंदु दांगी, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, पंसस रितेश ठाकुर समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष हुलास प्रसाद दांगी, भाजपा युवा जिला मीडिया प्रभारी शिबू मेहता, सुरेश राणा, संजय राम भुइयाँ, बैजनाथ महतो, अन्नू विश्वकर्मा, रवि पासवान, सुभाष राणा, वकील महतो सहित कई अन्य सदस्यों को समिति में मनोनीत किया गया। बैठक में मंगला शोभा यात्रा की भव्यता, सुरक्षा और समुचित व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। शोभायात्रा को आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। सदस्यों ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

### भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल की बैठक संपन्न

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ के बीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कार्यकारी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने की, जबकि संचालन महामंत्री सुनील कुमार मिश्रा ने किया। बैठक में जिला प्रभारी इंद्रनारायण कुशवाहा और सहयोगी मधुसूदन प्रसाद, डोमन प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष के चयन के लिए रायशुमारी की गई, जिसमें गौतम भारती, रवि पाण्डेय, राजेश सोनी और अशोक कुमार के नाम सामने आए। सभी बूथ अध्यक्षों ने मंत्रणा के बाद गौतम भारती के नाम पर सहमति जताई। इसके बाद प्रभारी इंद्रनारायण कुशवाहा व अन्य पदाधिकारियों ने उनके नाम का प्रस्ताव जिला को भेज दिया। संभावित 18–19 मार्च तक मंडल अध्यक्ष की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। बैठक में प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा, रविंद्र कुमार बर्णवाल, राजेंद्र प्रसाद साव, जीवन सोनी, बबलू सोनी, दीपक कुमार रजक, कन्हाई यादव, नीतीश कुमार बरनवाल, राजू श्रीवास्तव समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक में संगठन को मजबूत करने, कार्यक्रमों और पार्टी की रणनीतियों पर भी चर्चा की गई।

### इंसानियत का पैगाम देता है रमजान : आजाद



भुरकुंडा (रामगढ़)। मजहब–ए–इस्लाम और रमजान के इंसानियत का पैगाम का जिक्र करते हुए आजाद अंसारी ने कहा कि शरीयत–ए–इस्लाम में गरीब पड़ोसी, गरीब रिश्तेदारों, दूसरे गरीब और यतीमों अर्थात सभी प्रकार के गरीब को पूरे वर्ष ख्याल रखने का आदेश दिया गया है। उनके खाना, कपड़ा और तालीम जैसे बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद देने का आदेश दिया गया है। पूरे वर्ष इस आदेश को पूरा करने का कोशिश तो किया जाती है। विशेष रूप में रमजान के महीना में हर मुसलमान इस व्यवहार में उतरने की कोशिश करता है। ऐसे कहा जाए की यह एक ऐसा महीना है जब मुसलमान उपर्युक्त आदेश का अनिवार्य रूप से पालन करते नजर आते हैं। अल्लाह ताला की जानिब से हर एक मालिक के निशाब (जकात देने योग्य व्यक्ति) को जकात अदा करने का आदेश दिया गया है, और इस आदेश को कड़ाई से पालन करने को कहा गया है।



# एतिहासिक इमारतों को गोद लेने का प्रचलन

बहुत कम भारतीय ही इससे असहमत होंगे कि भारतीय ऐतिहासिक स्मारकों की यात्रा से जुड़ा अनुभव असुविधाजनक होता है। एशिया के अन्य देशों में पर्यटकों को जो बुनियादी सुविधाएं आसानी से मिल जाती हैं वे भारत में नदारद होती हैं। लचर निगरानी होने से इन पुरानी इमारतों की दीवारें भी बदरंग रहती हैं। ऐतिहासिक इमारतों एवं पर्यटक स्थलों की सही देखभाल के लिए पर्यटन मंत्रालय एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) के पास पर्याप्त फंड नहीं होने की समस्या साफ नजर आती है। घरेलू पर्यटकों के लिए टिकटों का मूल्य काफी कम रखने की बाध्यता ही जरूरी फंड के अभाव के लिए जिम्मेदार है। इस कमी को दूर करने के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण में कॉर्पोरेट क्षेत्र को भागीदार बनाने का फैसला किया। इसने 2016 में ही कॉर्पोरेट घरानों से ऐतिहासिक इमारतों को 'गोद' लेने का न्योता दिया ताकि उनकी सही तरह से देखभाल की जा सके। दिल्ली के लोदी गार्डन स्थित स्मारकों और जंतर मंतर से लेकर महाबलीपुरम के मंदिरों और वारंगल किले की देखभाल के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कई कंपनियां आगे आईं। पर्यटन मंत्रालय को अपना यह फैसला कुछ हद तक सफल होता दिखा तो उसने गत वर्ष सितंबर में 'स्मारक मित्र' योजना के दायरे में निजी क्षेत्र को लाने का भी फैसला कर लिया। इस योजना के तहत पहला अनुबंध डालमिया भारत समूह को मिला है। डालमिया अगले पांच वर्षों तक दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला को गोद लेगा। लेकिन जनमानस में लाल किले के प्रति खास लगाव को देखते हुए सरकार का यह फैसला विवादों में आ गया है। लोगों को लग रहा है कि जिस ऐतिहासिक इमारत के प्राचीर से प्रधानमंत्री स्वतंत्रता दिवस पर पूरे देश को संबोधित करते हैं, उस 'राष्ट्रीय' स्मारक की एक निजी कंपनी द्वारा 'ब्रांडिंग' करना खासा असुविधाजनक है। भारत के अग्रणी पर्यटक स्थल ताजमहल की देखभाल के अनुबंध के लिए भी आईटीसी और जीएमआर के बीच मुकाबला चल रहा है। देखभाल के लिए तैयार सहमति पत्र का गहराई से अध्ययन करने पर पता चलता है कि इमारतों के संरक्षण एवं संवर्द्धन का काम अब भी एएसआई ही करेगा जबकि संबद्ध कंपनी बुनियादी एवं उन्नत सुविधाएं प्रदान करेगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालयों के अलावा एएसआई के सदस्यों वाली एक निगरानी समिति इन स्मारकों पर मुहैया कराई जा रही सुविधाओं पर नजर रखेगी। स्मारक की कानूनी हैसियत और उसके विकास का दायित्व भी एएसआई में ही निहित रहेगा।

भले ही अनुबंध की शर्तें देखने में स्वीकार्य लगती हैं लेकिन इसमें शंका की पर्याप्त गुंजाइश है। स्मारकों की सुंदरता को बनाए रखना ऐसी ही एक आशंका है। अभी तक ऐतिहासिक स्थानों की देखरेख का जिम्मा उठा रही सार्वजनिक इकाइयों ने अपनी ब्रांडिंग से परहेज ही किया है। सवाल है कि क्या निजी कंपनियां भी ऐसा ही रवैया अपनाएंगी जबकि ब्रांडिंग उनके प्रतिस्पर्द्धी भाव का अहम हिस्सा है। इमारतों की देखभाल का इन कंपनियों के पास कोई अनुभव नहीं होने से ऐसा हो पाना और भी मुश्किल हो सकता है। इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है कि लाल किले के इर्दगिर्द संबंधित कंपनी के बैनर-पोस्टर नजर आने लगें और इसका पुरातात्विक गौरव कहीं क्षीण न हो जाए। स्मारक मित्र योजना में किए जाने व्यय को कंपनी के सामाजिक दायित्व (सीएसआर) का हिस्सा बनाए जाने से प्रचार-प्रसार की आशंका और अधिक लग रही है। सवाल है कि क्या पर्यटन मंत्रालय पुरानी इमारतों के संरक्षण में महारत रखने वाली एजेंसियों पर भरोसा नहीं कर सकता था? काफी कुछ इस पर निर्भर करेगा कि यह समझौता किस तरह अमल में लाया जाता है?

## कैमरे की नजर में



राजधानी के मेकॉन चौराहे पर बदहाल स्ट्रीट लाईट। तस्वीरः अजय सानी



पतझड़ का दौर और बढ़ती गर्मी में वृक्षों पर नये पत्ते का इंतजार।



गर्मी से बेहाल महिला सब्जी विक्रेता सब्जियों के बीच नींद के गिरफ्त में । तस्वीरः जीवीएस शास्त्री

# वेटिकन सिटी : दुनिया का सबसे छोटा देश पर हर कदम पवित्रता का अहसास



### वेटिकन सिटी

**वेटिकन सिटी,** दुनिया का सबसे छोटा देश, रोम के दिल में स्थित है और धार्मिक, सांस्कृतिक, और ऐतिहासिक दृष्टि से अद्वितीय है। यहां स्थित सेंट पीटर्स बैसिलिका और पोप का निवास स्थल लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। हर कदम पर पवित्रता का अनुभव होता है, जहां आस्था और कला का अद्वितीय संगम देखने को मिलता है। यह स्थल न केवल धार्मिक महत्ता रखता है, बल्कि दुनिया के सबसे समृद्ध और प्रभावशाली स्थानों में भी शामिल है।

इटली की राजधानी रोम में यूरोप के मशहूर फव्वारों में से एक ट्रेवी फाउंटेन के सामने कोई सेल्फी क्लिक करने में, तो कोई विशाल हौदी में सिक्के उछाल-उछाल कर फेंकने में लगा रहता है। बोलचाल और राष्ट्रीय भाषा इटेलियन है, अंग्रेजी कम ही समझते हैं, इसलिए इशारों से समझ आया है कि दाएं हाथ से बायें कंधे के ऊपर से उछाल कर सिक्का फेंकने वाला एक रोज रोम जरूर लौट कर आता है।

### सिटी की सैर

गलियों से यूं तफरीह करते-कराते आधे घंटे की पैदल दूरी तय कर कब वेटिकन सिटी पहुंच जाते हैं, पता ही नहीं चलता। यह शहर नहीं, पूरा देश है- महज 17 वर्ग मील में फैला दुनिया का सबसे छोटा देश है! पोप ही इसके राजा है। टिबर नदी के एक किनारे रोम है, तो दूसरे किनारे वेटिकन सिटी। यह साल 1377 से ईसाई धर्मगुरु पोप का निवास है।

### सबसे बड़ा चर्च

वेटिकन परिसर पहाड़ी पर है। रोमन कैथोलिक चर्च के धर्मगुरु पोप यहीं रहते हैं। आधे हिस्से में हेरिटेज इमारतें हैं। इनमें सेंट पीटर्स बैसीलिका सबसे विशाल और शानदार है। इसके बीचोंबीच सेंट पीटर्स स्क्वेयर है। खास दिनों पर, लोगों का हुजूम पोप के दर्शन और आशीर्वाद लेने उमड़ता है। पेंटिंग्स और प्रतिमाएं सजा वेटिकन सिटी का सबसे बड़ा अट्रेक्शन ही नहीं, रोमन कैथोलिक ईसाइयों का दुनिया का सबसे बड़ा चर्च भी है। ऊपर नीले रंग का विशाल गुम्बद शोभित है, ऐन नीचे सेंट पीटर की कब्र है। यहीं एक पावन द्वार है, जिसे ह्यपोर्टा सेंटाह्न कहते हैं। इतनी भव्य है कि इसे बनने में 176 साल लग गए।

### राजनीतिक और सामाजिक स्वरूप

सैर कराते-कराते गाइड बताने लगा, वेटिकन सिटी में न लोकतंत्र है, न ही राजा का राज। पोप ही सर्वोच्च है, और बताया, ह्यन खेती-बाड़ी होती है, न ही कोई उद्योग है। फिर भी, छोटा-सा देश दुनिया के सबसे अमीर देशों में शुमार है।ह्व बावजूद इसके हर धार्मिक स्थल की तरह इधर-उधर सड़कों पर भिखारी नजर आते हैं। वरना यूरोप के अन्य देशों में गरीब हैं, लेकिन कोई यूं सरेआम भीख मांगता नहीं दिखता। अमूमन दूसरे यूरोप के देशों में भिखारी कलात्मक ढंग से सज-संवर या कुछ कलाकारी दिखा कर गुजर-बसर करते हैं।

### सिटी की विशेषताएं

हर यूरोपीय देश की तरह यहां भी घूमने का असली मजा तो पैदल ही है। कुदरती खूबसूरती हमेशा शबाब पर रहती है, मौसम खुशगवार। रंग-बिरंगे फूलों से सजी स्ट्रीट शॉप्स दिलकश हैं। बीच-बीच में फुर्र-फुर्र उड़ती गौरैया और सफेद कबूतर प्यारे लगते हैं। सड़कों पर बड़ी आलीशान कारें नहीं, छोटी-छोटी कारें ही दौड़ती हैं। महंगी बाइक्स जरूर दिखाई देती हैं। रोज हजारों सैलानी आने के बावजूद सड़कों और फुटपाथों की साफ-सफाई देख मन खुश हो जाता है। चप्पा-चप्पा एकदम सेफ है। गाइड ने बताया, ह्य1929 से यह अलग देश है, रोम की गोद में होने के चलते इटली ही सुरक्षा मुहैया कराता है। इसकी अपनी पुलिस और फौज नहीं है। पोप की सुरक्षा का जिम्मा स्विट्जरलैंड का है।ह्व

### निषिद्धताएं और संस्कृति

पवित्रता बरकरार रखने के लिए वेटिकन सिटी में सिगरेट पीने पर पूरी तरह रोक है। जगह-जगह ह्यसिगरेट पीना सख्त मना हैह्व के बोर्ड लगे हैं। वैसे, चप्पा-चप्पा एकदम सेफ है। सड़कों और फुटपॉथों की साफ-सफाई देख-देख मन खुश होता है। अपने देश की तरह यहां भी टूरिस्ट प्लेस के ईद-गिर्द स्टॉलों पर सामान दुगुना-तिगुना महंगा मिलता है।

### जनसंख्या और जीवनशैली

आबादी एक हजार से कम है। ज्यादातर लोग पादरी, सरकारी अफसर और सुरक्षाकर्मी हैं। पुलिसकर्मी और मेट्रो-बस ड्राइवर बांके नौजवान हैं, खूब हैंडसम। अनुशासित देश होने के बावजूद जेब्रा क्रॉसिंग पर ट्रैफिक बमुश्किल रुकता है। आगे बढ़कर सीटी बजाते सड़क पार कर लें, तो कर लें। बाकी यूरोप से यहां एक और फर्क है कि उन देशों के नलों और होटलों के बाथरूम तक का पानी पीने लायक होता है, लेकिन यहां बोतल बंद फिल्टर वॉटर ही पीने की हिदायत दी जाती है।

### आधारभूत सेवाएं

इसका अपना रेलवे स्टेशन, रेडियो-टीवी, बैंक और अखबार तो हैं, लेकिन करेंसी यूरो ही है। अपने डाक टिकट भी जारी करता है। पोस्टल सिस्टम इटली से बेहतर बताते हैं। डाक घरों में सैलानियों का जमघट रहता है। ई-मेल, व्हाट्सएप वगैरह के जमाने में सैलानी अपने-अपने घर के पते पर पोस्ट कार्ड डालते हैं। घूम-फिर कर सैलानी घर लौटते हैं तो डिलीवर कार्ड पर सबसे छोटे देश की सरकारी मोहर लगी देख, सहेज कर रख लेते हैं।

## विरासत का सवाल



# एडाप्ट ए हैरिटेज स्कीम क्या है?

सरकार की 'एडॉप्ट ए हेरिटेज' स्कीम के तहत लाल किला को डालमिया ग्रुप ने पांच साल के कॉन्ट्रेक्ट पर गोद लिया है। डालमिया ग्रुप लाल किले पर हर साल करीब 5 करोड़ रुपए खर्च करेगा। इसमें लाल किले पर सुविधाएं को बढ़ाने और उसके सुंदरीकरण पर काम किया जाएगा। 'एडॉप्ट ए हेरिटेज' स्कीम राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने पिछले साल पर्यटन दिवस के मौके पर शुरू की थी। 'एडॉप्ट ए हेरिटेज' स्कीम के तहत सरकार निजी कंपनियों को धरोहर को गोद लेने और उन्हें संभालने के लिए आमंत्रित करती है। अब इसी के तहत पांच साल तक लाल किले के रखरखाव की जम्मिेदारी डालमिया ग्रुप को मिली है। भारत सरकार ने डालमिया ग्रुप से लाल किला और कडपा जिले के गंडीकोटा किले (आंध्र प्रदेश) को लेकर एमओयू साइन किया है। इस एमओयू के तहत अब डालमिया ग्रुप लाल किले में सुविधाएं बढ़ाने का काम करेगा। जिसमें लोगों के आने जाने, शुद्ध पेयजल, साफ सफाई, सिर्वलांस सस्टिम, पर्यटकों के लिए आरामदायक कुर्सियां और उनको बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का काम शामिल है। इसके अलावा दिव्यांगों के लिए सुविधाएं बढ़ाने का काम भी होगा।

डालमिया ग्रुप का कहना है कि, उनके द्वारा लाल किले पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे। इसके साथ ही पर्यटकों की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दिया जाएगा. इसके लिए यहां लाइट और साउंड शो का नियमित तौर पर आयोजन किया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन भी किया जाएगा। कंपनी का कहना है कि वो लाल किले को रात में देखने लायक भी बनाएगा। इसके लिए यहां लाइटों का प्रबंध किया जाएगा और उसी हिसाब से इसकी साज सज्जा की जाएगी।

इसके अलावा ताजमहल की देखरेख के लिए दो कंपनियां सामने आई हैं। इन दो कंपनियों में एक आईटीसी है तो दूसरा जीएमआर ग्रुप है। अब देखना है इन दोनों में से किसी ताजमहल को गोद लेने का मौका मिलता है।

क्या है 'एडॉप्ट ए हेरिटेज' स्कीम?

'एडॉप्ट ए हेरिटेज' योजना पिछले साल सितंबर में शुरू की गई थी। पर्यटन दिवस के मौके पर राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने इसकी शुरुआत की थी। इसके तहत ऐतिहासिक इमारतों के रखरखाव के लिए 'मोनुमेंट्स मत्रि' चुने जाते हैं। अभी इस योजना में देश के 100 के करीब ऐतिहासिक इमारतों को शामिल किया गया है। जिसमें ताजमहल, चत्तिौड़गढ़ का किला, महरौली पुरातत्व पार्क जैसी धरोहर शामिल हैं।

### सवाल यह भी है।

क्या यह नया निजीकरण का दौर है जब हम अपने धरोहर को बचाने के लिए निजीकरण पर देश में बहस को जन्म दे रहें है। निश्चित ही इस बात को लेकर एक नये अनुभव का इंतजार किया जाना चाहिए और इस नीतिगत फैसले के अच्छे परिणाम के रुप में महसूस किया जाए ऐसी समझ होनी चाहिए। विरोध के लिए विरोध के बजाए हमारे देश के इन धरोहरों को रख रखाव अच्छे और विश्व स्तरीय ढंग से हो सके, लालफीताशाही से वो बच जाए तो निश्चित सरकार के इस कदम को सराहनीय माना जाएगा।तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने ट्वीट किया, ''मोदी सरकार हमारे ऐतिहासिक लाल किला की देखरेख क्यों नहीं सकती है? लाल किला हमारे राष्ट्र का प्रतीक है. यह वह जगह है, जहां स्वतंत्रता दिवस के दिन तिरंगा लहराया जाता है. इसको पट्टे पर क्यों दिया गया? यह हमारे इतिहास का दुखद और काला दिन है

अपनी धरोहर, अपनी पहचान₹ (एडॉप्ट ए हेरिटेज) प्रोजेक्ट के तहत लालकिला पहली ऐतिहासिक इमारत बन गई है, जिसे गोद लिया गया है। 77 साल पुरानी डालमिया ग्रुप ने इंडिगो एयरलाइंस व जीएमआर भारत को पीछे छोड़ते हुए यह कॉन्ट्रैक्ट जीता है। इसी के साथ डालमिया रख-रखाव की जिम्मेदारी ली है। यह कॉन्ट्रैक्ट 5 सालों के लिए हैं। डालमिया ग्रुप को यह कॉन्ट्रैक्ट 25 करोड़ रुपये में मिला है। एडॉप्ट ए हेरिटेज₹प्रोजेक्ट राष्ट्रपति द्वारा 17 सितंबर 2017 को लागू किया गया था। इसके बाद कई कंपनियों ने ऐतिहासिक इमारतों को गोद लेने की इच्छा जताई थी। इसी के तहत 24 अप्रैल को डालमिया ग्रुप ने यह डील साइन की।

कांग्रेस पार्टी ने अपने ट्विटर हैंडल पर ट्वीट कर बीजेपी पर निशाना साधते हुए एक पोल पोस्ट किया है, जिसमें उसने लोगों की राय मांगी है कि बीजेपी अगली कौन सी ऐतिहासिक इमारत को लीज पर देगी। इस ट्वीट में कांग्रेस ने जो विकल्प दिये हैं, वह इस प्रकार हैं- पार्लियामेंट, लोक कल्याण मार्ग, सुप्रीम कोर्ट शामिल हैं। वहीं लेखक और इतिहासकार विलियम डेलरिम्पिल ने भी सरकार के फैसले पर सवाल उठाते हुए ट्वीट किया कि एतिहासिक इमारतों की देख-रेख, रख-रखाव के लिए और भी बेहतर तरीके हो सकते थे। पिछले साल सितंबर में एडॉप्ट ए हेरीटेज स्कीम लॉन्च की थी। पूरे देश में 100 ऐतिहासिक इमारतों को इसके लिए चुना गया है। इन इमारतों में आगरा का ताजमहल, कोणार्क का सूर्य मंदिर और कांगड़ा फोर्ट जैसी ऐतिहासिक धरोहर हैं।

# ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



बोधि सोसाइटी जमशेदपुर की स्थापना 5 जुलाई, 2001 को हुई थी। यह एक सामाजिक संस्था है जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्य करती है। बोधि सोसाइटी का उद्देश्य शिक्षा, सामाजिक कल्याण, और व्यक्तिगत विकास के क्षेत्र में कार्य करना है। यह संस्था विशेष रूप से बच्चों और युवाओं के लिए शिक्षा के अवसर प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करती है, ताकि वे अपने जीवन को बेहतर बना सकें और समाज में योगदान दे सकें।

# मानगो नगर निगम के हाथों में दें मानगो पेयजल परियोजना को : सरयू राय

## विधायक राय ने किया रात्रिकालीन औचक निरीक्षण

**ध्यान न दिया गया तो बर्बाद हो जायेगी पेयजल परियोजना**



उपेंद्र सिंह मस्तान एवं अन्य के साथ योजन का विजिट करते विधायक सरयू राय।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मानगो पेयजल परियोजना की स्थिति सुधारने और यहां के सभी घरों तक पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार की रात जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय और उनके जनसुविधा प्रतिनिधियों ने मानगो पेयजल परियोजना का औचक निरीक्षण किया। रात साढ़े 11 बजे से लेकर ढाई बजे तक चले इस निरीक्षण में इंटक वेल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और तमाम टंकियों के पास जाकर यह देखा गया कि सिस्टम किस तरीके से काम कर रहा है। ये सब देखने के बाद राय ने एक प्रस्ताव दिया कि मानगो पेयजल परियोजना को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से लेकर नगर विभाग विकास को दे दिया जाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि मानगो नगर निगम इस परियोजना को चलाएगा तो कम से कम नगर निगम की जिम्मेदारी तो तय होगी। राय मंगलवार को रांची में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव और नगर विकास विभाग के सचिव से इस मुद्दे पर बात करेंगे। सरयू राय ने बताया कि चार घंटे के नाइट डोमिनेशन में उन्हें बेहद निराशा हुई। जिस उद्देश्य से यह महत्वाकांक्षी पेयजल परियोजना स्थापित की गई थी, उसमें लगातार गिरावट आ रही है। कई गंभीर किस्म की कमियां दिखीं। पूरे देश में पेयजल परियोजनाओं की कार्यप्रणाली में उत्तरोत्तर सुधार हो रहा है और झारखंड में जमशेदपुर में बीते 6 साल में इस परियोजना के संचालन में भारी गिरावट दिखी। राय ने बताया कि इंटक वेल में जितने पंप लगे हैं, सभी काम नहीं कर रहे हैं। इंटक वेल के पास 6 पंप स्थापित होने चाहिए और हर पंप 375 हार्स पावर का होना चाहिए। लेकिन वहां चालू स्थिति में मात्र तीन ही पंप दिखे। जहां इंटक वेल से पानी जाता है वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में और उसकी सफाई होती है, वहां की व्यवस्था भी बेहद लचर है। कुछ भी सिस्टेमेटिक नहीं दिखा। उन्होंने बताया कि जब र वाटर जाएगा तो उसमें कितनी फिटकरी डालेंगे, कितनी ब्लीचिंग पाउडर डालेंगे, कितनी हाइपो डालेंगे, इसकी कोई व्यवस्था नहीं है। वहां के सारे पंप काम नहीं कर रहे हैं। यहां 150 हार्स पावर के तीन पंप लगाने का प्रावधान है लेकिन वहां एक पंपसेट पूर्णतः बंद है। पानी साफ नहीं हो रहा है। सिस्टम यह बनाया गया है कि एक टंकी भर जाएगी तो दूसरी टंकी भरेगी, दूसरी भर जाएगी तो तीसरी भरेगी।

**पंपहाउस चलाने वाला गायब :** रात 12 बजे पृथ्वी पार्क के पास जो नई पानी की टंकी बनी है, वहां भी श्री राय और उनकी टीम पहुंची थी। वहां का पंपहाउस चलाने वाला ताला मार कर कहीं निकला हुआ था। दूसरा, उस टंकी के बारे में यह बताया गया कि उसका डिजाइन इस तरीके से किया गया है कि वहां लगा पंप तो 100 एचपी का है लेकिन वह पूरी क्षमता के साथ पानी नहीं फेंकता टंकी में। 15 से 16 घंटों में भी टंकी नहीं भर पाती।

**सिस्टम की विफलता :** परियोजना को चलाने में सिस्टम की विफलता सामने आ चुकी है। बालीगुमा में भी पानी का संकट है। एनएचएआई को 20 लाख रुपये किस तरीके से दिये जाएंगे कि वह सड़क काट कर पानी का प्रवाह बस्तियों में कराए। पिछले दो महीने से इस पर बात ही हो रही है। आज तक कुछ हुआ नहीं। विभाग का कहना है कि एनएचएआई को ठेकेदार एडवांस में दे दें। बिल दे दें। हम उसे पेमेंट कर देंगे। ठेकेदार कहता है कि हम क्यों दें। विभाग दे दें। जो काम कराना हो कराए हमसे। हम लोगों ने यही निष्कर्ष निकाला कि जो एमजीएम की पुराने पाइपलाइन वाली टंकी है, वहां से ही पानी आप इसको भी दे दें। निगम 20 लाख रुपये एनएचएआई को दे दे ताकि बालीगुमा इलाके में पेयजल की व्यवस्था हो सके। टंकियों में पानी पहुंचाने के लिए, कम क्षमता के पंप लगाए गये हैं। इन पंपों में भी आधे बराबर खराब ही रहते हैं।

सरयू राय ने बताया कि क्षेत्र में भी ऐसे बहुत सारे स्थान हैं, जहां पाइपलाइन तो बिछा दी गई है लेकिन मेन लाइन से जोड़ा ही नहीं गया है। नतीजतन जवाहरनगर के रोड नंबर 14 में पाइपलाइन तो बिछा दी गई पर कनेक्शन नहीं हुआ। संत कुटिया के पास मुख्य सड़क को काट कर कनेक्शन जोड़ना है लेकिन वह भी नहीं हुआ।

# दिन भर में मात्र एक बार ही लगे पार्किंग चार्ज और दिन में हो भारी वाहनों पर रोक

## एसयूसीआई ने डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन कर उठाये कई जन मुद्दें





प्रदर्शन करते एसयूसीआई के नेतागण व कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अरसे बाद जनता के मुद्दों को लेकर कोई राजनीतिक दल ने सोमवार को डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन किया। यह राजनीतिक दल है सोसलिस्ट यूनिटीइ सेंटर ऑफ इंडिया (कम्यूनिस्ट) यानी एसयूसीआई जो वामपंथी दल है। एसयूसीआई ने जोरदार प्रदर्शन के पश्चात डीसी को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र पर ध्यान दिया जाए तो कथित बड़े राजनीतिक दलों ने इन मुद्दों से खुद को दरकिनार कर रखा है। डीसी को सौंपे गए मांग पत्र में एसयूसीआई ने कहा है कि इस राज्य में सरकार, केन्द्र सरकार की ही तर्ज पर उदारीकरण, भूमंडलीकरण की नीतियों पर चल रही है। राज्य की आम गरीब जनता की सूचि न लेकर सिर्फ पूंजीपतियों की हितों की रक्षा की जा रही है। विकास योजनाएं जरूरतमंद लोगों तक नहीं पहुंच रही है। भयावह बेरोजगारी फैल रही है। इसका विनाशकारी प्रभाव आज हम सबों के आंखों के सामने है। राज्य में अपराध, आत्महत्या, नशाखोरी, का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ी है। राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी लोग तरस रहे हैं। आपसे हमारा विनम्र निवेदन है कि अविलंब हुन समस्याओं के समाधान हेतू पहल करें और नीचे दिये गये हमारी मांगों पर आवश्यक कार्यवाई करें। प्रदर्शन का नेतृत्व सुमित रॉय, पनमोली,धीरेन भांड और मलय आदि कर रहे थे।

**एसयूसीआई की मांगें**

1. सभी तरह की सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि 5000 रुपया किया जाए।
2. पीएम आवास/अबुआ आवास का प्राक्कलन राशि कम से कम 4 लाख रुपया किया जाए
3. राशन कार्ड से वंचित परिवारों के लिए अविलंब राशन कार्ड बनवाया जाए तथा छूटे हुए परिवार के सदस्यों का नाम राशन कार्ड में एक समय सीमा के अंदर एंट्री की जाए
4. घाटशिला अनुमंडल अस्पताल में अविलम्ब स्वीकृत सभी पदों पर बहाली सुनिश्चित किया जाए तथा चिकित्सा व्यवस्था को दुरूस्त किया जाए
5. जमशेदपुर शहर में दिन के समय भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाएं फ्लाइओवर निर्माण प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा किया जाए
6. जमशेदपुर में पार्किंग वसूली में मनमानी अब सभी हदों को पार कर रही है। जहां-तहां, जितना जी चाहे,जितनी बार चाहे पार्किंग वसूली ली जा रही है। पूरे दिन में एक ही बार पार्किंग फी ली जाए और ऑथोराइज्ड व्यक्ति जिसके पास आइडेंटिटी कार्ड हो, उन्हीं के द्वारा पार्किंग वसूली की जाए
7. मंईया सम्मान योजना में व्याप्त गड़बड़ी में अविलम्ब सुधार लाया जाए तथा छुटे हुए मंईया का एंट्री शुरू किया जाए
8. मनरेगा के तहत प्रतिदिन 500 रुपया मजदूरी और साल में 200 दिन का काम सुनिश्चित करें
9. सभी किसानों का खतियान अविलम्ब ऑनलाइन किया जाए, आदि कई मांगे है

## स्पीड न्यूज

### अपराधी भानु माझी सहयोगी पकौड़ी के साथ गिरफ्तार

जमशेदपुर। एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कदमा थाना अन्तर्गत खुदी बगान में कुख्यात अपराधी भानु माझी एवं उसके एक सहयोगी राकेश मंडल उर्फ पकौड़ी को 2 पिस्टल, 1 मैगजीन, 2 देशी कट्टा, 8 जिन्दा गोली के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### तेरह वर्ष बाद एसबीआइ में तोड़-फोड़ के आरोप से बरी हुए भाजपाई

जमशेदपुर। लगभग 13 वर्ष पूर्व 2012 में भारतीय जनता पार्टी के भारत बंद कार्यक्रम के दौरान स्टेट बैंक आफ इंडिया मानगो शाखा में तोड़फोड़ करने एवं सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में सात भाजपा नेताओं जिसमें मुख्य रूप से विकास सिंह, गुंजन यादव, राजेश सिंह, मनोज सिंह, सुनील सिंह, सूरज नारायण और टोनी सिंह को अभियुक्त बनाया गया था। तेरह साल तक चले मामले में अधिवक्ता मलकीत सिंह एवं मनप्रीत सिंह ने भाजपाइयों का पक्ष रखते हुए निर्दोष बताया था। दूसरी ओर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मानगो शाखा के तात्कालिक मैनेजर एवं मानगो थाना के तात्कालिक थानेदार की गवाही हुई थी जिसमें उन लोगों ने केवल पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह की ही पहचान किया था। अभियुक्तों का पक्ष रखते हुए अधिवक्ता मलकीत सिंह ने कहा की सभी के ऊपर लगाए गए सारे आरोप बेबुनियाद है ये लोग केवल बंदी के दौरान बैंक के बाहर से भारतीय बंद का समर्थन करते हुए बैंक के पास से गुजर रहे थे न्यायालय को पुख्ता साक्ष्य नहीं मिल पाने के कारण प्रथम न्यायिक दंडाधिकारी अरविंद कुमार ने सभी को बरी कर दिया जबकि एक अभियुक्त टोनी सिंह की कुछ माह पूर्व हत्या हो गई है, जिसके चलते उसे मामले से अलग कर दिया गया था।

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

गम्हरिया। आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के सतबहिनी झिरागांव में एक पेड़ से लटके हुए व्यक्ति का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान तपन कुमार महतो (45) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से पटमदा के पालसबनी का रहनेवाला था। धिरागंज में रहकर औद्योगिक क्षेत्र स्थित किसी कंपनी में दैनिक मजदूरी का काम करता था। स्थानीय लोगों के अनुसार, वह नशे का आदि था और कई कई दिनों तक घर नहीं आता था। बीते रविवार की रात भी वह घर नहीं आया था। सोमवार की सुबह उसका शव नीम के पेड़ से झूलता मिला। मृतक की एक बेटी थी जिसकी शादी हो चुकी है। उसके अलावा एक बेटा है जो पढ़ाई करता है। मामला हत्या या आत्महत्या का है, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### चौरसिया समाज गम्हरिया इकाई का होली मिलन संपन्न

गम्हरिया। चौरसिया परिवार, गम्हरिया की ओर से साईं आंचल अपार्टमेंट में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ सदस्य नरेश मंडल ने किया जबकि मंच का संचालन चौरसिया परिवार जमशेदपुर के सचिव कुमुद भगत द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में चौरसिया परिवार जमशेदपुर के अध्यक्ष सरदेव प्रसाद शामिल हुए। सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी। मौके पर समाज के गम्हरिया इकाई के अध्यक्ष कैलाश चौरसिया, महामंत्री मदन मोदी, प्रदीप कुमार व कई चौरसिया बंधु उपस्थित थे।

### 'अखंड ज्योति कलश रथ' रवाना

जमशेदपुर। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने सोमवार को गायत्री शक्तिपीठ अखंड ज्योति कलश रथ को अपने निवास स्थान से रवाना किया। रथ ने पूरे बिष्टुपुर का भ्रमण किया। राय ने मां गायत्री की पूजा भी की। इस अवसर पर नीरू सिंह, अमृता मिश्रा, रिक्की कौशरी, अमित, आदित्य मुखर्जी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी राजनीतिक दलों के साथ डीसी करेंगे बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भारत के चुनाव आयोग के निदेश पर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल द्वारा समाहरणालय सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक किया गया। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मतदाता सूची त्रुटिरहित हो, प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना, सुधार करना आदि का काम निरंतर चलता रहता है। उन्होने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि अपने अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ निरंतर सम्पर्क में रहें तथा अपने बूथ लेवल एजेंट अथवा कार्यकर्ता के माध्यम से मतदाता सूची के अपडेशन में अपेक्षित सहयोग करें। बैठक में एडीएम अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, एडीसी भागीरथ प्रसाद, निदेशक एनईपी संतोष गर्ग, राहुल आनंद, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# आंधी-तूफान के बीच बारिश, गर्मी से मिली राहत

खबर मन्त्र टीम





**जमशेदपुर/जादूगोड़ा।** मंगलवार की देर शाम बारिश के साथ आये तूफान ने जमशेदपुर और आस-पास के क्षेत्रों में जहां गर्मी से निजात दिलाने का काम किया तो कई जगह पेड़ गिर गए। सबसे ज्यादा तबाही ग्रामीण क्षेत्र में हुई है। जादूगोड़ा क्षेत्र व उसके आस ऋ पास के क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है। इधर तेज आंधी में बहकर आए पत्थर ने जादूगोड़ा के डाककर्मी अनिल मुंडा का सर फट गया।आनन फानन में उसे यूसिल अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाबत बताया जाता है कि जादूगोड़ा डाक कर्मी अपनी साइकिल से ग्वालकाटा पंचायत अंतर्गत अपने गांव बूटगोडा जा रहा था ।रास्ते ने नौरंग मार्केट के नजदीक उड़ कर आई पत्थर ने उसके सिर पर जा गिरा जिससे वह घायल हो गया। इसी तरह यूसिल कलोनी से सटे धर्म डीह गांव में भी तबाही का मंजर देखने को मिला व लकड़ी के बिजली पोल उखड़ गई व रात भर दुरुस्त करने में लगे रहे। पानी टंकी का ढक्कन, कई घरों के एस्बेस्टस की छत व मंदिर को भी नुकसान पहुंचाया। हाल में लगे बिजली के सीमेंट पोल भी उखड़ गए। इसके अतिरिक्त जादूगोड़ा से सटे गांव धीरोल पंचायत के नूतन डीह, बागो में भी तबाही हैं। यहां गाव के ही सोनेश्वर सरदार, राजेश सरदार, पुकरु सरदार,विष्णु सरदार रिंगू सरदार को एस्बेस्टस की छत तूफान में उजड़ गए व ग्रामीण खुले आसान के नीचे रहने को विवश है। तूफान ने यूसिल अस्पताल की रौनक ही खत्म कर दी।

अस्पताल में शोभा के लिए रखे गमले टूट कर इधर उधर बिखर गए। दर्जनों पेड़ उखड़ कर आवागम ठप कर दिया।

# पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने सैनिक की गिरफ्तारी के खिलाफ डीसी और एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने छुट्टी पर आए सेना के जवान हवलदार सूरज राय के साथ जुगसलाई थाना द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के खिलाफ उपायुक्त एवम् वरीय पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया एवं सेना के जवान को तत्काल प्रभाव से रिहा करने एवं दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग रखी। इस अवसर पर माननीय सांसद प्रतिनिधि संजीव भी उपस्थित रहे। मामले कि गंभीरता को देखते हुए सेना एवं पुलिस प्रशासन के वरीय अधिकारी भी जमशेदपुर का दौरा करने पहुंचे। जिला प्रशासन ने सभी पूर्व सैनिकों एवं सेना को आश्वस्त किया है कि वे इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करेंगे और सैनिक एवं सेना के गरिमा की रक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारीयों के साथ सैकड़ो की संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित थे। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद झारखंड के प्रांतीय महामंत्री सिद्धनाथ सिंह, उपाध्यक्ष राजेश के पांडे, विनय यादव, जितेंद्र सिंह सत्येंद्र कुमार सिंह राजीव सिंह मनोज कुमार सिंह अनुपम शर्मा संजय सिंह संतोष सिंह अनिल सिन्हा के एन सिंह हरे श्याम पांडे हरी सिंह उमेश शर्मा डीएन सिंह किशोर प्रसाद पुरी किशोर कुमार निर्मल कुमार सर वर्मा,'सुखविंदर सिंह' एवं अन्य।

# बालीगुमा में मानगो नगर निगम और सीओ ऑफिस बनाने का विरोध





खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** ग्राम सभा बालीगुमा और गोड़गोड़ा के संयुक्त तत्वाधान में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रस्तावित मानगो नगर निगम कार्यालय एवं मानगो अंचल कार्यालय निर्माण के विरोध में जन आक्रोश रैली प्रदर्शन किया गया। इस रैली में आदिवासियों ने पारंपरिक हरवे हथियार तीर धनुष और वाद्य यंत्र के साथ रैली के शक्ल में पहुंचे। ग्रामीणों का दावा है कि यह स्थल में बालीगुमा तथा गोड़गांडा के ग्रामीण पूर्वज काल से ही पारम्परिक शमशान घाट (माड़घाटी) जमीन एवं संथालों के पवित्र धार्मिक स्थल बिंदू चांदान जाहेर गाढ़ के रूप में व्यवहार करते है।

# सिंहभूम चैम्बर का होली मिलन समारोह हुआ रंगारंग कार्यक्रमों से सराबोर

**चैम्बर सदस्यों एवं उनके परिवारजनों ने उठाये रंगारंग सांस्कृतिक कार्यकम के बीच स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद**

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली के अवसर पर होली मिलन का आयोजन नरभेराम हंसराज स्कूल के परिसर, बिस्टुपुर में गत सोमवार की शाम सम्पन्न हुआ। होली के उपलक्ष्य में चैम्बर के द्वारा होली मिलन को भव्य रूप में आयोजित किया गया। यह जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित किशोर कौशल, एसएसपी पूर्वी सिंहभूम एवं विशिष्ट अतिथि नकुल कमानी, वरिष्ठ उधमी ने कहा, यह होली मिलन चैम्बर सदस्यों उनके परिवारजनों को हर्षोल्लास के साथ एक सूत्र में बांधता है। चैम्बर के द्वारा किया गया यह आयोजन एक अच्छी परंपरा है अपने सांस्कृतिक धरोहरों को संजोने का। चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि चैम्बर कि यह परंपरा रही है कि बड़े त्योहारों जैसे दीवाली, होली के पश्चात चैम्बर सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों को एक स्थान पर एकत्रित कर ऐसे पर्व त्योहारों का आनंद उठाये। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल गोल्डी एवं सचिव सुरेश शर्मा लिपु ने बताया कि इस बार होली मिलन में सदस्यों के मनोरंजन के लिये शहर के कलाकारों को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन हेतु आमंत्रित किया गया था एवं लजीज व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष अनिल मोदी, अधिवक्ता राजीव अग्रवाल, पुनीत कांवटिया, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सचिव भरत मकानी, अंशुल रिंगसिया, बिनोद शर्मा, सुरेश शर्मा लिप्पु, कोषाध्यक्ष अनिल रिंगसिया, कौशिक मोदी, मनोज गोयल, उमेश खीरवाल, रोहित अग्रवाल, अश्विनी अग्रवाल, आनंद चौधरी, अनंत मोहनका, शुभम सेन, दीपक चेतानी, आकाश मोदी, विनीत अग्रवाल, पीयूष गोयल, रोहित काबरा, प्रीतम जैन, संजय शर्मा, सन्नी संघी, मंटू अग्रवाल, अजय भालोटिया, अशोक गोयल, पीयूष गोयल, मोहित मुनका इत्यादि ने भूमिका निभाई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मुरलीधर केडिया, ए के श्रीवास्तव, निर्मल काबरा, उमेश कांवटिया के अलावा शहर के गणमान्य लोग राज पारीक, जगदीश खंडेलवाल, कैलाश सरायवाला, सतीश सिंह, स्मिता पारीक एवं सदस्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### सांसद जोबा माझी ने संविदा एवं आउटसोर्स श्रमिकों की छंटनी का मामला संसद में उठाया



चक्रधरपुर। सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने सोमवार को अतारांकित प्रश्न के माध्यम से झारखंड में संविदा एवं आउटसोर्स श्रमिकों की छंटनी का मामला संसद में उठाया। सांसद जोबा माझी ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय से जानकारी मांगी कि रोजगार उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धताओं के बावजूद पिछले दस वर्षों के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं निजी क्षेत्रों में संविदा एवं आउटसोर्स पर कार्यरत कितने श्रमिकों की छंटनी की गई। उन्होंने पूछा कि क्या सरकार ने इस तथ्य पर गौर किया है कि झारखंड में स्थित बोकारो स्टील प्लांट, सेल सीमेंट, कोयला एवं परिवहन कंपनियों में छंटनी के कारण बड़े पैमाने पर बेरोजगारी पैदा हुई है, जो आदिवासी बहुल झारखंड के लिए अच्छा संकेत नहीं है। साथ ही पूछा कि क्या सरकार ऐसी कंपनियों को श्रम कानूनों का सख्ती से पालन करने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश देने का विचार रखती है। सांसद के प्रश्न के उत्तर में श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा है कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों में छंटनी से संबंधित मामले औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (आईडी अधिनियम) के प्रावधानों द्वारा शासित होते हैं। औद्योगिक विवाद अधिनियम के अनुसार, 100 या उससे अधिक व्यक्तियों को रोजगार देने वाले प्रतिष्ठानों को बंद करने, छंटनी या ले-अफ करने से पहले उपयुक्त सरकार की पूर्व अनुमति लेनी आवश्यक है। औद्योगिक विवाद अधिनियम में छंटनी और छंटनी किए गए श्रमिकों को मुआवजे के अधिकार का भी प्रावधान है और इसमें छंटनी किए गए श्रमिकों को फिर से रोजगार देने का प्रावधान है। श्रम विषय समवर्ती सूची में आता है। औद्योगिक संबंध अधिनियम में निर्धारित अपने-अपने अधिकार क्षेत्र के आधार पर, केंद्र और राज्य सरकारें श्रमिकों की समस्याओं के समाधान और उनके हितों की रक्षा के लिए कार्रवाई करती हैं। स्टील अथरिटी अफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दस वर्षों के दौरान झारखंड में सीधे तौर पर नियुक्त ठेका मजदूरों और दैनिक वेतनभोगी मजदूरों की छंटनी नहीं की गई है।

### माटकु तथा तेतला में हेल्थ कम कम्युनिटी पार्क बनेगा



पोटका। विधायक संजीव सरदार के पहल पर प्रखंड के तेंतला पंचायत के तेंतला( रिसोर्ट के पास) तथा माटकू पंचायत के तिलाईडीह चौक में हेल्थ कम कम्युनिटी पार्क का निर्माण किया जाएगा। इस संबंध में विधायक द्वारा निदेशक पंचायती राज, झारखंड सरकार को पत्र प्रेषित कर अनुशंसा किया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों विशेषकर वृद्धजनों, महिलाओं, बच्चों व युवाओं के लिए एक स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वास्थ्यप्रद वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे पार्कों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह न केवल लोगों के शारीरिक व मानसिक विकास को बढ़ावा देगा बल्कि सामुदायिक मेलजोल, सामाजिक समरसता को भी सशक्त बनाएगा। विधायक के अनुशंसा पर पंचायती राज विभाग द्वारा जिला परिषद पूर्वी सिंहभूम के कार्यपालक अधिकारी सह डीडीसी को निर्देश पर डीडीसी ने जमीन उपलब्ध कराने हेतु सीओ पोटका को आवश्यक निर्देश दिया। निर्देश के आलोक में पोटका की अंचलाधिकारी निकीता बाला ने सोमवार को तेंतला और तिलाईडीह चौक पहुंचकर जमीन का सीमांकन कराया एवं इस संबंध में प्रतिवेदन सौंपा है। ग्रामीण क्षेत्र तेंतला और तिलाईडीह में हेल्थ कम कम्युनिटी सेंटर निर्माण होने से नागरिकों को वाकिंग, मनोरंजन सहित अन्य सुविधाएं मिलेंगी। ऐसे ही दो हेल्थ कम कम्युनिटी पार्क निर्माण की अनुशंसा जमशेदपुर प्रखंड के कीताडीह व बागबेड़ा के लिए भी विधायक द्वारा किया गया है।

### डॉ यमुना तिवारी रचित काव्य संकलन लोकार्पित





जमशेदपुर। सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलनध्तुलसी भवन द्वारा संस्थान के मानस सभागार में साहित्य समिति, तुलसी भवन के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ यमुना तिवारी 'व्यथित' के चयनित त्वरित कविताओं का संकलन 'समय के साक्षी शब्द' का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तुलसी भवन के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मुनका तथा संचालन साहित्य समिति की उपाध्यक्ष डॉ वीणा पाण्डेय 'भारती' ने की। मुख्य अतिथि के रुप में रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ जंग बहादुर पाण्डेय उपस्थित रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रुप में अरका जैन विवि के निदेशक डॉ अंगद तिवारी, टाटा मोटर्स के पूर्व उपमहाप्रबंधक डॉ चन्देश्वर खां तथा तुलसी भवन के न्यासी अरुण कुमार तिवारी मंचासीन रहे। सरस्वती वंदना डॉ रागिनी भूषण ने प्रस्तुत किया। स्वागत वक्तव्य तुलसी भवन के मानद महासचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी ने दिया। लोकार्पित पुस्तक पर पाठकीय प्रतिक्रिया वसंत जमशेदपुरी ने प्रस्तुत किया। पुस्तक प्रकाशन के वित्त पोषक कन्हैया लाल अग्रवाल को लोकार्पण के पश्चात पुस्तक समर्पित की गई। इसके बाद रचनाकार का परिचय कैलाश नाथ शर्मा 'गाजीपुरी' एवं कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन तुलसी भवन कार्यकारिणी के प्रसन्न वदन मेहता द्वारा दी गई।

### साकची में भारतीय एकता मंच का होली मिलन कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित



जमशेदपुर। भारतीय एकता मंच द्वारा साकची आम बागान मैदान में आयोजित होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। मंच के अध्यक्ष परविंदर सिंह के नेतृत्व में होली लोक गीत संगीत रंग गुलाल के साथ उमंग उत्साह के साथ शहर के नेता, समाज सेवी एवं गणमान्य अतिथि गण उपस्थित हुए और होली का आनन्द लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष सरदार ज्योति सिंह माथारू, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद सिंह, गौ रक्षा समिति के उपाध्यक्ष राजू गिरी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, रविंद्र कुमार झा, विजय खान, अजय सिंह, रामाश्रय प्रसाद, राकेशेश्वर पांडे, रघुनाथ पांडे, समाजसेवी अविनाश सिंह राजा, सेंट्रल गुरुद्वारा के प्रधान भगवान सिंह, सरदार शैलेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह मस्तान, राजकुमार सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिंहा, पार्षद परितोष सिंह, संजीव श्रीवास्तव, प्रिंस सिंह, साकची गुरुद्वारा के प्रधान निशान सिंह, अजमेरी खान, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता महावीर मुर्मू, गोल्डी तिवारी, बबन राय, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नलिनी सिंह, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू, कांग्रेस ओबीसी सेल के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, विनोद राम के अलावा कई सामाजिक हस्तियों ने भाग लिया। होली मिलन समारोह में अबीर गुलाल उड़े और लोगों ने मस्ती के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भारतीय एकता मंच के अध्यक्ष परविंदर सिंह, प्रकाश लाल, विक्की चौधरी, आनंद प्रसाद, मुन्ना तिवारी, विश्वदीप डे, राजेश श्रीवास्तव, कौशल प्रधान और संस्था के संस्थापक शाहनवाज आलम जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# हार्दिक ने खोला राज कहा, मुंबई इंडियंस की वो ताकत जो उसे जिता देगी आइपीएल 2025

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार और हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाले हार्दिक पंड्या आईपीएल 2025 में दूसरी बार मुंबई इंडियंस (एमआई) की कप्तानी संभालने जा रहे हैं। हार्दिक इस साल रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा जैसे खिलाड़ियों से सजी टीम को लीड करेंगे। पिछले सीजन ये टीम आखिरी स्थान पर रही थी. बड़ी बात ये है कि पिछले सीजन में खुद पंड्या को अपने फैंस का समर्थन नहीं मिला था। उन्हें स्टेडियम में हूटिंग का सामना करना पड़ा, लेकिन इस बार पूरी कहानी बदल गई है। पंड्या ने एक इंटरव्यू में बताया कि कैसे इस बार उनकी टीम बेहद ताकतवर है और उन्होंने किस मोर्चे पर सबसे ज्यादा काम किया है?

**मुंबई इंडियंस की ताकत है गेंदबाजी :** हार्दिक पंड्या ने टककी रणनीति पर कहा कि इस सीजन टीम ने गेंदबाजी पर खास ध्यान दिया है। उन्होंने कहा, जिन खिलाड़ियों को हमने चुना है, वं हमारी योजना का हिस्सा थे। इस साल हमारा मकसद एक मजबूत गेंदबाजी यूनिट तैयार करना था, क्योंकि वानखेड़े एक चुनौतीपूर्ण मैदान है। आईपीएल में मुंबई, खासकर वानखेड़े में खेलना मुश्किल हो सकता है क्योंकि यहां पिच पर काफी रन बनते हैं। हम ऐसे गेंदबाज चाहते थे जिनके पास अनुभव, गति और स्विंग और बाउंस पैदा करने की काबिलियत हो। स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए हार्दिक ने कहा, इस बार हमने एक अनुभवी टीम तैयार की है–ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने हाई लेवल पर काफी क्रिकेट खेला है। ये अपने आप में रोमांचक है। अब हमारे लिए अहम है कि हम एक टीम के रूप में एकजुट हों और अपनी योजनाओं को मैदान पर उतारें। अगर हम ऐसा करते हैं, तो हमारे पास कुछ बहुत अच्छे दिन होंगे।



आईपीएल 2025 सीजन हार्दिक पंड्या के लिए बेहद खास होने वाला है। दरअसल पिछले सीजन में हार्दिक को मुंबई इंडियंस के प्रशंसकों की तरफ से काफी विरोध झेलना पड़ा था, जब उन्होंने पांच बार आईपीएल जीतने वाले कप्तान रोहित शर्मा की जगह ली थी। वानखेड़े स्टेडियम में प्रशंसकों ने उन्हें बू किया था. लेकिन दो महीने बाद जब हार्दिक ने भारत को टी20 वर्ल्ड कप जिताया, तो वहीफैंस उनके लिए खुशी से झूमे। इस बदलाव पर बात करते हुए हार्दिक ने कहा, मैं लगातार आगे बढ़ता रहा, और जब सारी मेहनत रंग लाई, तो ये किसी सपने से कम नहीं था. वो 6 महीने का दौर, जब हमने वर्ल्ड कप जीता और फिर जब मैं वापस लौटा, तो मुझे जो प्यार और समर्थन मिला–ये मेरे लिए पूरी तरह से एक नई शुरूआत थी। अब हार्दिक को मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर भी बड़ा प्यार मिलने वाला है।

## विराट कोहली ने शुरू की आइपीएल की तैयारी, नेट्स पर जमकर बहाया पसीना

नयी दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल 2025 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। आईपीएल के आगामी सत्र की शुरूआत 22 मार्च से हो रही है जिसका पहला मुकाबला आरसीबी और गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच खेला जाएगा। पहले मैच से पूर्व कोहली ने तैयारियां की और बंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर बल्लेबाजी करते नजर आए। कोहली ने नेट्स पर थ्रोडाउन विशेषज्ञ के साथ अभ्यास किया। आरसीबी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें कोहली बल्लेबाजी करते दिख रहे हैं। इस दौरान कोहली ने कुछ शानदार शॉट्स खेले।

कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को खिताबी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी और उनकी नजरें आईपीएल में भी यही फॉर्म बरकरार रखने की होगी। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद कोहली कुछ दिन के ब्रेक पर थे इसलिए वह आरसीबी के साथ देरी से जुड़े। आरसीबी की नजरें एक बार फिर कोहली पर टिकी हुई होंगी जो अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में उतरेगी। फाफ डुप्लेसिस के टीम से जाने के बाद चर्चा थी कि कोहली एक बार फिर से आरसीबी की कमान संभाल सकते हैं, लेकिन फ्रेंचाइजी ने पाटीदार पर भरोसा जताया था। कोहली ने 2021 में आरसीबी का कप्तान पद छोड़ा था और उन्होंने दोबारा फिर यह जिम्मेदारी संभालने की दिलचस्पी नहीं जताई।



## टीम बदलाव के दौर से निपटने में सक्षम : मेहदी



एजेंसी

**ढाका।** बंगलादेश के दाएं हाथ के बल्लेबाज मेहदी हसन मिराज का मानना है कि टीम में पर्याप्त अनुभवी खिलाड़ी है और वे प्रमुख वरिष्ठ खिलाड़ियों के हाल ही में संन्यास लेने के बाद चल रहे बदलाव के दौर से उबरने में सक्षम है। शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मेहदी ने कहा, ह्यफिलहाल टीम में छह से सात खिलाड़ी ऐसे हैं जो सात से 10 साल से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्हें अब नया नहीं कहा जा सकता। यह एक प्रक्रिया है। हमें अभी फैसला लेना चाहिए और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए। विश्वकप में अभी दो से ढाई साल का समय है, इसलिए हमें तुरंत टीम तैयार करनी होगी।

उन्होंने कहा, ह्यचयन में निरंतरता महत्वपूर्ण है। टूनार्मेंट से दो या तीन महीने पहले ही तैयारी शुरू करना बहुत मुश्किल होगा। मुशफिकुर भाई (रहमान) और पिछली पीढ़ी के अन्य खिलाड़ियों ने सात से आठ वर्ष तक टीम की सेवा की है और बंगलादेश क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। अब, हम भी लंबे समय से यहां हैं। हमारा लक्ष्य बंगलादेश क्रिकेट को अगले स्तर तक ले जाना होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि पिछली पीढ़ी ने एक अच्छी आधारशिला रखी है। अब हमारा काम टीम को और आगे ले जाना है।

### हॉकी: राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में 36 सदस्यीय दल करेगा अभ्यास

**नयी दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सोमवार से 28 मार्च तक चलने वाले राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में 36 सदस्यीय हॉकी खिलाड़ी अभ्यास करेंगे। राष्ट्रीय वार्षिक पुरस्कार समारोह के बाद आज हॉकी इंडिया के निर्देश पर भारतीय पुरुष हॉकी के 36 खिलाड़ी बेंगलुरु के राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में अभ्यास के लिए पहुंचे।

### युवाओं के लिए आगे बढ़ने का बड़ा अवसर है खेलो इंडिया पैरा खेल 2025: नवदीप सिंह

**नयी दिल्ली।** पैरालिंपिक खेल 2024 में स्वर्ण पदक जीतने वाले भाला फेंक खिलाड़ी नवदीप सिंह का मानना है कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स पैरा एथलीटों के निरंतर विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है और यह देश में इन खेलों को बढ़ावा देने में सरकार की गहरी दिलचस्पी को दशार्ता है। नवदीप ने साई मीडिया से बातचीत में कहा, ह्लकेआईपीजी 2025 वरिष्ठ एथलीटों के लिए एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने का एक बेहतरीन मंच है। हम हर समय एक-दूसरे को प्रेरित भी करते हैं। यह हमें अपने प्रशिक्षण मॉड्यूल का परीक्षण करने और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से पहले अपनी ताकत और कमजोरियों का अभ्यास करने में मदद करता है। हमें नवोदित एथलीटों से मिलने और उनके साथ प्रतियोगिताओं पर विचारों का आदान-प्रदान करने का भी अवसर मिलता है।

### रांची ने जीत से किया आगाज, प सिंहभूम को 125 रन से हराया

**रांची।** सोमवार से शुरू एचबी बोधनवाला ट्रॉफी में रांची ने जीत से आगाज किया। टूनार्मेंट के पहले मुकाबले में रांची ने पश्चिम सिंहभूम को 125 रन से पराजित कर दिया। जेएससीए स्टेडियम के मुख्य ग्राउंड में खेले गये मैच में रांची ने पहले बल्लेबाजी की और 45.1 ओवर में 218 रन बनाये। रांची की ओर से कप्तान नाजिम सिद्दीकी ने 78, शिखर मोहन ने 29, मोहित ने 27 और श्रेष्ठ सागर ने 25 रन बनाये। पश्चिम सिंहभूम की तरफ से तन्मय ने 31 रन देकर पांच विकेट झटके। जावाब में जीत के लिए 219 रन का लक्ष्य ले कर खेलने उतरी पश्चिम सिंहभूम की टीम 20 ओवर में मात्र 93 रन पर सिमट गयी। अपनी टीम के लिए जय प्रकाश ने 33 और कुमार करण ने 20 रन बनाये। रांची की ओर से राजनदीप सिंह ने 29 रन देकर चार विकेट लिये। पंकज यादव और शुभ शर्मा को 2-2 विकेट मिला। रांची के कप्तान नाजिम सिद्दीकी को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

## गुरजपनीत सिंह आइपीएल 2025 में मचा सकते हैं कोहराम

एजेंसी

नयी दिल्ली। 26 साल के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह को आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में चेन्नई सुपर किंग्स ने 2.2 करोड़ में खरीदा था। उनका बेस प्राइस 30 लाख था। गुरजपनीत सीएसके के लिए बतौर नेट गेंदबाज भी काम कर चुके हैं। हाल ही में हुई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी सिंह दुबई गए हुए थे। जहां उन्होंने न्यूजीलैंड और बांग्लादेश को गेंदबाजी की थी। हालांकि, उन्हें टीम इंडिया को बॉलिंग करने का मौका नहीं मिला। उनको टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने जूते भी गिफ्ट किए थे। गुरजपनीत की गेंद को स्विंग कराने और सटीक रखने की क्षमता उन्हें नई गेंद के साथ खतरनाक बनाती है, जबकि उनका शांत स्वभाव और कौशल उन्हें आखिरी ओवरों में दबाव में भी अच्छा प्रदर्शन करने में मदद करता है। अपनी प्रतिभा, डिसिप्लिन अप्रोच और आईपीएल के अनुभव के साथ, गुरजपनीत सिंह आने वाले वर्षों में भारत के सबसे बेहतरीन बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों में से एक बन सकते हैं। लुधियाना में जन्में गुरजपनीत सिंह ने अब तक अपने करियर में 4 फर्स्ट क्लास मुकाबले और 5 टी20 मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्होंने क्रमशः 13 और 9 विकेट झटके हैं। गुरजपनीत सिंह तमिल नाडु के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं।



## स्विस ओपन में सिंधू और लक्ष्य को दोबारा फॉर्म हासिल करने की उम्मीद

एजेंसी

**बासेल।** पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन यहां मंगलवार से शुरू हो रहे 250000 डॉलर ईनामी राशि के स्विस ओपन टूनार्मेंट में खोया फॉर्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। सातवीं वरीयता प्राप्त दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू का सामना भारत की दूसरे नंबर की खिलाड़ी मालविका बंसोड़ से होगा। वहीं लक्ष्य भी भारत के ही एच एस प्रणय से खेलेंगे जो यहां 2016 में खिताब जीत चुके हैं। तीन साल पहले यहां खिताब जीत चुकी सिंधू आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में पिछले सप्ताह पहले ही दौर में हार गई थी। मालविका ने हालांकि सिंगापुर की यिओ जिया मिन को हराया था। लक्ष्य आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जबकि प्रणय पहले दौर में बाहर हो गए थे। स्विस ओपन में भारतीयों का रिकॉर्ड अच्छा रहा है और सिंधू, के श्रीकांत, प्रणय, समीर वर्मा, साइना नेहवाल, पुरूष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी यहां खिताब जीत चुके हैं।





लक्ष्य और प्रणय का यह पेरिस ओलंपिक के बाद एक दूसरे से पहला मुकाबला होगा। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे लक्ष्य ने पिछले सप्ताह इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को हराया था जबकि चिकनगुनिया से उबरकर वापसी करने के बाद प्रणय शुरूआती दौर से ही बाहर हुए हैं। महिला एकल में आकर्षि कश्यप और अनुपमा उपाध्याय भी खेलेंगी। कश्यप का सामना क्वालीफायर से तो अपराजिता की टक्कर डेनमार्क की लाइन होमार्क के से होगा। रक्षिता श्री संतोष रामराज पहले दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसेन से खेलेंगी।

पुरूष एकल में किरण जॉर्ज का सामना डेनमार्क के रास्मस गेमके से होगा जबकि प्रियांशु राजावत स्विटजरलैंड के टोबियास कुऐंजी से खेलेंगे। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की टक्कर एलाइन म्यूलर और केली वान बुइटेन से होगी। वहीं प्रिया के और श्रुति मिश्रा तथा आरती साहा और वर्षिणी विश्वनाथ की जोड़ी भी इस वर्ग में खेलेगी।

# न्यूकैसल यूनाइटेड ने 70 साल बाद जीता घरेलू खिताब, लिवरपूल को 2-1 से हराकर जीता लीग कप

एजेंसी

**लंदन।** न्यूकैसल यूनाइटेड ने 70 वर्षों का घरेलू ट्रॉफी सूखा समाप्त करते हुए रविवार को वेम्बली स्टेडियम में लीग कप (जिसे काराबाओ कप भी कहा जाता है) के फाइनल में मौजूदा चैंपियन लिवरपूल को 2-1 से हरा दिया। डैन बर्न और अलेक्जेंडर इसाक के गोलों ने न्यूकैसल को ऐतिहासिक जीत दिलाई और जिओर्डी प्रशंसकों के लिए जश्न का माहौल बना दिया।

यह न्यूकैसल के लोकल हीरो डैन बर्न के लिए भी खास दिन रहा, जिन्होंने 45वें मिनट में दमदार हेडर के जरिए अपनी टीम को बढ़त दिलाई। न्यूकैसल के प्रशंसकों के जबरदस्त समर्थन के बीच टीम ने सात मिनट बाद ही दूसरा गोल दाग दिया, जब स्वीडिश स्ट्राइकर अलेक्जेंडर इसाक ने लिवरपूल के गोलकीपर काओइम्हिन केलहर को छकाते हुए गोल दागा।

हालांकि, प्रीमियर लीग के टॉप पर चल रही लिवरपूल ने स्टॉपेज टाइम में इटली के फेडेरिको चिएसा के गोल से वापसी की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और जीत न्यूकैसल के नाम रही।

**न्यूकैसल ने लिखी नई इतिहास गाथा**

दो साल पहले न्यूकैसल को लीग कप फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस बार उन्होंने अपनी किस्मत बदल दी। न्यूकैसल के कप्तान ब्रूनो गिमारेस ने ट्रॉफी उठाने से पहले कहा, ₹यह जीत हमारे प्रशंसकों के लिए है। जब मैं यहां आया था, तो मैंने कहा था कि मैं इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना चाहता हूं, और अब हम कह सकते हैं कि हम चैंपियन हैं। दूसरी ओर,



लिवरपूल की टीम इस मैच में फीकी नजर आई और पेरिस सेंट-जर्मेन से चैंपियंस लीग में पेनल्टी शूटआउट में हारने के बाद पूरी तरह थकी हुई दिखी। लिवरपूल के स्टार खिलाड़ी मोहम्मद सालाह पहली बार 90 मिनट तक खेलने के बावजूद न तो कोई शॉट ले सके और न ही कोई मौका बना सके। लिवरपूल के मैनेजर अर्ने स्लॉट के लिए यह पहला वेम्बली फाइनल था, जिसे वह याद नहीं रखना चाहेंगे। उन्होंने स्वीकार किया, यह निराशाजनक प्रदर्शन था। न्यूकैसल ने वही किया जो वह चाहता था और उसने जीत डिजर्व की।

**न्यूकैसल ने शुरू से ही दिखाया दबदबा**

मैच की शुरूआत में न्यूकैसल अधिक आक्रामक नजर आया और सैंड्रो टोनाली ने पोस्ट के पास से एक तेज शॉट लगाया। लिवरपूल की टीम पहले हाफ को 0-0 से खत्म करने की कोशिश में थी, लेकिन 45वें मिनट में डैन बर्न ने कीरन ट्रिपियर के कॉर्नर पर शानदार हेडर लगाकर न्यूकैसल के प्रशंसकों को खुशी से झूमने पर मजबूर कर दिया। दूसरे हाफ की शुरूआत में ही न्यूकैसल ने फिर से दबाव बनाया और 52वें मिनट में जैकब मर्फी के हेडर को इसाक ने गोल में तब्दील कर दिया। इसाक का यह 23वां गोल था और अब वह न्यूकैसल के नए सुपरस्टार बन चुके हैं।

लिवरपूल ने आखिरी क्षणों में वापसी की कोशिश की और कर्टिस जोन्स के एक जोरदार शॉट को न्यूकैसल के गोलकीपर निक पोप ने रोक लिया। हालांकि, चिएसा ने स्टॉपेज टाइम में एक गोल कर लिवरपूल की उम्मीदों को जगाने की कोशिश की, लेकिन अंततः न्यूकैसल ने जीत हासिल की। इस जीत के साथ न्यूकैसल ने 1955 में मैनचेस्टर सिटी को हराकर एफए कप जीतने के बाद पहली बार कोई घरेलू ट्रॉफी अपने नाम की और वेम्बली स्टेडियम में वर्षों के दर्द को समाप्त किया।

# सरहुल हमारी संस्कृति, परंपरा व प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है : मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत बरईकला पंचायत के बेमरोटांड जेहरा स्थल में आयोजित वार्षिक बाहा बोंगा सरहुल मिलन समारोह में मुख्य रूप से मंत्री पेयजल एंव स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मध निषेध योगेन्द्र प्रसाद महतो शामिल हुए। मंत्री श्री महतो ने जेहरा स्थल पर मत्था टेककर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंत्री योगेंद्र महतो ने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति और मानव के अटूट संबंध को दर्शाता है। सरहुल केवल एक पर्व नहीं बल्कि हमारी संस्कृति परंपरा और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक भी है। हमें चाहिए कि हम इस पर्व की मूल भावना को अपनाएँ और पर्यावरण की रक्षा की दिशा में सक्रिय योगदान निरंतर देते रहें। हमें अपने जंगल नदियों और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करनी चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी इस सुंदर धरा का आनंद ले सकें। इस दौरान वे पारंपरिक व सांस्कृतिक नृत्य और गीत में भी शामिल हुए। मौके पर मंत्री के आप्त सचिव उमेश महतो प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम धनंजय स्वर्णकार सिकंदर कपरदार प्रकाश महतो मांझी हड़ाम हरिचंद किस्कू राम किष्टो सोरेन महावीर हेम्ब्रम लोबिन हेम्ब्रम अनु हेम्ब्रम करमचंद किस्कू शंकर बास्के रामाय हेम्ब्रम मंतोष बास्के उमेश किस्कू राजू हेम्ब्रम लालमोहन हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### कामरेड संजू की मनाई गई नौवीं पुण्यतिथि

**बेरमो /जारंगडीह।** सोमवार को जारंगडीह स्थित सीटू कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन कर स्व कामरेड संजू रवानी को याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉ स्व रवानी के याद में दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना उपरांत उनकी तस्वीर पर उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीपीआई अध्यक्ष सीएस झा तथा संचालन विजय द्वारा किया गया।

### अवैध कोयला स्टॉक के विरुद्ध संयुक्त छापेमारी

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार सीसीएल क्षेत्र के पाँच नंबर धौडा कोयला रेलवे साइडिंग के समीप सीसीएल सुरक्षा गार्ड, सीआइएसएफ सिक्युरिटी गार्ड एवं स्थानीय थाना द्वारा अवैध कोयला स्टॉक के विरुद्ध संयुक्त रूप से छापामारी कर भारी मात्रा में कोयला जब्त किया गया। जप्त कोयला को सीसीएल ढोरी क्षेत्र को सुपुर्द किया गया एवं अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### विधायक श्वेता ने किया प्रतिनिधियों का मनोनयन



**बोकारो।** बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने के लिए अपने प्रतिनिधियों की घोषणा की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह नियुक्ति क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विधायक श्रीमती सिंह द्वारा नियुक्त किए गए प्रतिनिधियों में राज कुमार सिंह-उत्तरी विस्थापित क्षेत्र, जुबिल अहमद-अल्पसंख्यक विभाग, प्रभात रंजन -स्वास्थ्य विभाग, हसीउर रहमान-विद्युत विभाग, संजय लाल महतो-कृषि विभाग, कुंज बिहारी पाठक-मीडिया प्रभारी, शाहिद रजा-विस्थापित अल्पसंख्यक विभाग और सुमित कुमार दास-चास अनुमंडल अस्पताल शामिल हैं। श्रीमती सिंह ने कहा कि सभी नियुक्त प्रतिनिधि अपने-अपने विभागों में जनसमस्याओं योजनाओं और सुधार कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। वे संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर जनता की समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित प्रयास करेंगे।

### सांसद ढुल्लू ने किया प्रतिनिधियों का मनोनयन



**बोकारो।** धनबाद के लोकसभा सांसद ढुल्लू महतो ने एलएस/07-डीएचएन/2025/570 के सन्दर्भ से जारी पत्र के अनुसार शिक्षा विभाग प्रतिनिधि डॉ परिंदा सिंह सहित जिला योजना निधि, सेल बोकारो उद्योग प्रकोष्ठ, खाद्य आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, चास नगर निगम, विद्युत विभाग, चास अंचल, विधि प्रकोष्ठ, भूमि व पुनर्वास, यातायात विभाग के प्रतिनिधियों एवं कार्यालय प्रमुख के रूप में इंद्र कुमार झा व मुकेश राय को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है। राष्ट्रीय कुम्हार महासभा ने महासचिव अर्जुन महतो के आवासीय कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में धनबाद सांसद द्वारा विक्रम महतो को मोटर वाहन प्रतिनिधि मनोनीत किये जाने पर उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर महासभा के राष्ट्रीय महासचिव अर्जुन महतो के आलावा प्रदेश अध्यक्ष सुनील महतो प्रदेश महासचिव संजय प्रजापति, जदयू जिलाध्यक्ष प्रदीप महतो, बोकारो जिलाध्यक्ष जीमूत महतो आदि मौजूद थे।

## सीसीएल सीकेएस ढोरी की ओर से कोल उधोग प्रभारी

# के. लक्ष्मा रेड्डी जी का भव्य स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सोमवार को भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ढोरी क्षेत्र की ओर से सीसीएल के संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य रवींद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आज ढोरी क्षेत्र का प्रतिनिधि मंडल ने कोल उधोग प्रभारी के. लक्ष्मा रेड्डी जो की रांची में सम्पन्न होने वाले पदाधिकारी बैठक में रांची जाने के क्रम में ढोरी क्षेत्र के कार्यकताओं द्वारा अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया गया इस दौरान ईस्टन कोल फील्ड्स लिमिटेड के महामंत्री अंगद उपाध्याय भी उपस्थित रहे वही रवीन्द्र कुमार मिश्रा ने सीसीएल के सभी क्षेत्र जो माइंस विस्तारीकरण की समस्याएं से जूझ रही है मुख्य रूप से बोकारो एन्ड करगली एवं ढोरी क्षेत्र के समस्याओं से कोल उधोग प्रभारी को अवगत कराया जिस पर के. लक्ष्मा रेड्डी ने कहा कि जल्द ही कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी को माइंस विस्तारीकरण की समस्याओं से अवगत कराते हुए भारतीय मजदूर संघ सकारात्मक पहल करेगी इस दौरान के .लक्ष्मा रेड्डी ने कार्यकर्ताओं से मिले साथ ही कार्यकर्ताओ के साथ दोपहर का भोजन आर्यन होटल जैना मोड़ में किया। उक्त मौके पर क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह,क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप, राजेश पासवान, प्रशांत मिश्रा, मनोज कुमार, भगीरथ बाउरी आदि उपस्थित रहे।

# केंद्रीय विद्यालय-1 को राजभाषा प्रथम पुरस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता



बोकारो। पूर्व व पूर्वोत्तर क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु केन्द्रीय विद्यालय -1 बोकारो को राजभाषा के प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। केन्द्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार के राजभाषा विभाग की ओर से गुवाहाटी में आयोजित समारोह के दौरान मुख्य अतिथि असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा एवं केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय के हाथों विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने पुरस्कार ग्रहण किया। हिन्दी में उत्कृष्ट कार्यों के लिए विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार को राजभाषा शील्ड तथा स्नातकोत्तर शिक्षक (हिंदी) चिंतामणि सिंह को राजभाषा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व एवं पूर्वोत्तर क्षेत्रों के कुल 48 कार्यालयों के कार्यालयाध्यक्षों एवं राजभाषा अधिकारियों को शील्ड एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विभागीय पत्रिका ह्यराजभाषा भारतीह्न के विशेष संस्करण का लोकार्पण किया गया एवं भारतीय भाषा अनुभाग के लिए विकसित बहुभाषी अनुवाद सॉफ्टवेयर कंठस्थ-3 के अल्फा संस्करण की भी शुरूआत की गई। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने बिहू नृत्य सत्रिया नृत्य आदि की प्रस्तुति दी। मौके पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय असम प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और सांसद दिलीप सैकिया व बिजुली कलिता मेधी गुवाहाटी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर दिलीप कुमार मेधी पांडिचेरी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एस पद्मप्रिया सिक्किम के प्रख्यात हिंदी विद्वान प्रोफेसर वीरभद्र कारकीधोली राजभाषा विभाग की सचिव अंशुली आर्य राजभाषा विभाग की संयुक्त सचिव डॉ मीनाक्षी जॉली सहित भारत सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जन्मोत्सव पर, स्थानीय सामाजिक व राजनीतिक दिग्गजों का जुटान

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा की सुपुत्री दृष्टि शर्मा के द्वितीय जन्मोत्सव के बहाने चास स्थित जीत मैरिज हॉल में चास व चंदनकियारी क्षेत्र के कई राजनीतिक व सामाजिक लोगों का जुटान हुआ और सभी ने एक स्वर में झारखंड के विकास में अपनी सक्रिय सहभागिता को लेकर संकल्प लिया। मौके पर चास स्थित जीत मैरिज हॉल में चास व चंदनकियारी क्षेत्र के कई राजनीतिक व सामाजिक लोगों का जुटान हुआ। मौके पर मुख्य रूप से चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक झामुमो बोकारो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी वरीय कांग्रेस नेता जवाहरलाल माहथा वरीय कांग्रेस नेता सह समाजसेवी मृत्युंजय शर्मा पूर्व विधायक पुत्र सिद्धार्थ सिंह माना चिकित्सक जेएन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# जेसीएमयू नेता व प्रबंधन के बीच वार्ता

## वार्ता में न्यायाधिकरण के निर्णय के अनुपालन पर बनी सहमति



खबर मन्त्र संवाददाता

**कथारा।** सी सी एल कथारा क्षेत्र स्वांग वाशरी में फर्जी तरीके से नियोजन को लेकर तथा आरोपो को लेकर प्रबंधन द्वारा फर्जी कामगारों को बैठाए जाने के बाद से यह मामला अब तक लंबित रहा है। जबकि वास्तविक मजदूरों की आपत्ति के बाद भी उन्हें नियोजित नहीं करने के सवाल पर लगातार आंदोलन के बाद अंतत 17 मार्च को कथारा क्षेत्रीय प्रबंधन तथा वास्तविक दावेदारों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं खउटव नेता मुमताज आलम के साथ वार्ता की गई, वार्ता में प्रबंधन द्वारा न्यायाधिकरण के निर्णय के अनुपालन की बात कह आंदोलन नहीं करने की अपील की गई, इस संदर्भ में जानकारी देते हुए जेसीएमयू नेता मुमताज आलम ने कहा कि वर्ष 1996 में कम से बैठे गए 315 स्वांग वाशरी में कार्य स्थाई कार्य प्लांट क्लिनिक मजदूर के नियोजन को लेकर न्यायाधिकरण धनबाद के ट्रिम्नल 1 द्वारा वर्ष 2010 में 182 मजदूरों को सीसीएल प्रबंधन द्वारा नियोजन दिया गया था या दो पेज में किया गया उन्होंने बताया कि कुछ कथा तिथि यूनियन नेताओं के मिली भगत से फर्जी मजदूरों का रोस्टर बन कर वैसे फर्जी को नियुक्ति पत्र दे दिया गया था। उनके द्वारा आपत्ति के बाद प्रबंधन ने न्यायाधिकरण के आदेश पर फर्जी वाले की सत्यता पाए जाने के बाद सभी को बर्खास्त कर दिया गया । उन्होंने बताया कि जो वास्तविक मजदूर काम से बैठ गए थे वैसे अधिकांश मजदूर नौकरी की उम्र सीमा पार कर चुके हैं। जिसमें कई अन्य की उम्र अब शेष है। बावजूद इसके प्रबंधन नियोजन देने में टालमटोल की नीति अपना रही है। प्रबंधन द्वारा कहा गया कि इसमें प्रबंधन वास्तविक दावेदारों के साथ रहेगी ताकि किसी के साथ अन्य ना हो प्रबंधन के द्वारा अपील किया गया कि मार्च माह उत्पादन माह को लेकर आंदोलन न की जाए जिससे यूनियन व उपस्थित मजदूरों ने स्वीकार किया, मौके पर महेंद्र रजक, कालेश्वर प्रजापति, शिव राम निषाद,श्रीमती देवी, परमेश्वर प्रजापति, अरविंद सिन्हा, सुक्ता बाई, परशुराम महतो, लखन माली, वासुदेव महतो के अलावे सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# साहित्यिक संस्था साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** साहित्यिक संस्था साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी भाषाविद् व साहित्यकार पं उदय कुमार झा के सेक्टर 2 बी स्थित आवास पर आयोजित हुई। साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा के संचालन व आराधना मल्लिक की अध्यक्षता में आयोजित इस रचनागोष्ठी में रचनाकारों ने धर्म संस्कृति होली सामाजिक ताना-बाना आदि विषयों पर केंद्रित रचनाएं सुनाकर सबको प्रभावित किया। शुरूआत महाकवि विद्यापति रचित भगवती वंदना जय जय भैरवि के गायन से हुई। पं उदय कुमार झा ने संस्कृत में अपनी रचना भगवती वंदना कालीश्वरी प्रस्तुत करने के बाद मैथिली मे गति व थेथर अमन कुमार झा ने अभाग शैलजा झा ने स्त्री आ बुद्ध संबंधक करेज विजय शंकर मल्लिक सुधापति ने ह्यकाल्हिए थिकै होली एवं कर्म और विश्वास अरुण पाठक ने ह्यहोली पावनि अछि मनभावन एकरा सभ मिलि संग मनाउ... डॉ रणजीत कुमार झा ने ह्यरे कोइली कुहुक ने बांचत प्राण.. बुद्धिनाथ झा ने संस्कृत के महत्ता को दशार्ती संस्कृत आ संस्कृति शीर्षक मैथिली कविता में ह्यसंस्कृत संस्कृति अछि एकरा बचाउ.. आराधना मल्लिक ने ह्यतोरे जड़े हमहूं जयबो व सुधापति की रचना पशुपतिनाथ सुनाकर सबकी प्रशंसा पाई। इस अवसर पर शंभु झा शैलेन्द्र कुमार झा प्रदीप झा आदि उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**फुसरो।** बेरमो पिछरी उतरी पंचायत सचिवालय में सोमवार को सीसीएल केंद्रीय अस्पताल ढोरी द्वारा सीएसआर के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यहां केंद्रीय अस्पताल ढोरी के चिकित्सक डॉ अंकित गौरव ने लगभग तीन दर्जन ग्रामीण महिला व पुरुष का स्वास्थ्य जांच की और मरीजों के बीच निःशुल्क दवा का वितरण किया। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी दी। पिछरी उतरी पंचायत मुखिया कल्पना देवी ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया कहा कि सीसीएल ढोरी अपनी समाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करता है। जिससे गरीब, असहाय महिला व पुरुष अपनी बीमारी का इलाज कराते है और लाभ उठाते है। यहां चिकित्सक के अलावा केंद्रीय अस्पताल ढोरी के नर्स प्रीति बास्के, अमृता तिर्की, फार्मसिस्ट ललन बाउरी एवं जितेंद्र कुमार सहित ग्रामीण विकास महतो, अजय साव आदि मौजूद थे।

# आदिवासियों का प्रकृति के प्रति प्रेम, सम्मान और संरक्षण का भाव अभूतपूर्व हैः बबीता

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/ललपनिया।** पेयजल एवं स्वच्छता सह उत्पाद तथा मद्द निषेधविभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद की धर्मपत्नी सह पूर्व विधायक बबीता देवी ने रविवारको गोमिया प्रखंड के विभिन्न इलाकों का दौरा करके विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने सर्वप्रथम प्रखंड के टीटीपीएस के पुनर्वास क्षेत्र सड़कटोला व ललपनिया बस्ती स्थित जाहेर थान में आयोजित सरहुल पूजा (बाहा पर्व) महोत्सव में शामिल हुईं। इसके बाद उन्होंने धवैया, हरदगढा, कंडेर, अइयर ग्राम में आयोजित सरहुल पूजा (बाहा पर्व) कार्य क्रममें बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।इस दौरान उन्होंने बोंगा बुरू स्थल में मत्था टेका और क्षेत्र की सुख, समृद्धि की मंगल कामना की। पूर्व विधायक महोदया ने कहा कि आदिवासी और प्रकृति एक दूसरे के पूरक हैं। आदिवासियों का प्रकृति के प्रति प्रेम, सम्मान और संरक्षण का भाव अभूतपूर्व है। प्रकृति को समर्पित बाहा पर्व में आदिवासियों का उल्लास और उत्साह खास होता है। आदिवासियों की परंपरा, संस्कृति में विश्व कल्याण का मंत्र निहित है, प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण को लेकर यह पर्व एक बड़ा वैश्विक संदेश प्रसारित करता है। उन्होंने आदिवासियों को सरहुल पर्व की बधाईयां भी दीं। इस दौरान माननीय पूर्व विधायक महोदया पारंपारिक समूह नृत्य में महिलाओं के साथ मांदर की थाप पर भी थिरकीं। यहां विभिन्न गांवों के बाहा पर्व समितियों ने पूर्व विधायक महोदया का फूल माला और बुके भेंटकर पारंपरिक तौर तरीके से स्वागत और अभिनंदन किया तथा शॉल भेंटकर सम्मानित किया। मौके पर भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### होली में प्रतिनियुक्त छह एएसआई समेत 11 जवान पाए गए अनुपस्थित, हुए निलंबित

**दुमका।** होली में प्रतिनियुक्ति के बाद भी गायब रहने वाले छह एएसआई पर सोमवार को गाज गिर गई। एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने जामा के पांच और रामगढ़ के एक एएसआई समेत कंट्रोल रूम के पांच जवानों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दरअसल होली को देखते हुए एसपी ने हर थाना क्षेत्र में पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की थी। जवान ड्यूटी पर मुस्तैद हैं या नहीं, इसका पता करने के लिए 14 मार्च की शाम एसपी स्वयं निरीक्षण पर निकले। जहां जामा थाना पहुंचने पर पता चला कि पांच एएसआई वीरेंद्र कुमार, कौशलेंद्र कुमार सिन्हा, राजीव रंजन शर्मा, मनोज कुमार सिंह और शैलेश कुमार गुप्ता अनुपस्थित हैं। पता चला कि सभी लोग थाना को सूचित किए बगैर होली मनाने के लिए अपने घर चले गए। जब एसपी रामगढ़ थाना पहुंचे तो वहां पर प्रहलाद कुमार राय भी गायब मिले। इतना ही नहीं होली में शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी तरह की सूचना पर त्वरित कदम उठाने के लिए पांच सिपाही को कंट्रोल रूम में तैनात किया गया है। एसपी ने जब नियंत्रण कक्ष का जायजा लिया, तो तैनात आरक्षी मुन्ना कुमार मंडल, भगवान लाल मरांडी, कुंदन चौधरी, हवलदार दिनेश बाड़ा व बाबूराम मरांडी ड्यूटी से नदारद मिले। एसपी ने बताया कि कर्तव्यहीनता के आरोप में सभी को निलंबित किया गया है। कार्य के साथ किसी तरह की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### किशोरी का पेड़ से लटकता शव बरामद

**शिकारीपाड़ा।** शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के बाकीजोड़ कोल पाड़ा ग्राम के बगल में स्थित पलाश के जंगलों के बीच एक 16 वर्षीय किशोरी का शव पलाश के पेड़ से झूलता बरामद हुआ। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतका का पहचान शिल्पा कोलीन, पिता स्व छोटू कोल, ग्राम कोल पाड़ा बाकिजोड़ के रूप में हुई है। हालांकि घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। शिकारीपाड़ा थाने की पुलिस को जानकारी मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फुलों झानों मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने बताया कि मामले कि छानबीन की जा रही है ।

### युवक ने फांसी लगाकर किया खुदकुशी

**जामा।** जामा थाना अंतर्गत कैराबनी गांव में 22 वर्षीय युवक राहुल कुमार ने घर में फांसी का फंदा लगाकर रविवार की रात खुदकुशी कर लिया। मृतक के पिता श्यामलाल मांझी ने थाना पुलिस को लिखित आवेदन देकर बताया कि मृतक पुत्र गुजरात से काम करके चार दिन पहले घर आया था। वापस आने पर उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। उसका इलाज भी करवाया जा रहा था। परंतु रविवार रात को वह अपने कमरे में सोने चला गया। जब सुबह दरवाजा नहीं खोला तो ग्रामीणों की मदद से दरवाजा खोला गया तो पाया कि वह पंखे से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका मेडिकल कॉलेज भेजा गया। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि मृतक के पिता के बयान पर यूडी केस दर्ज किया गया है।

### करगली में गायत्री परिवार की बैठक

**बेरमो।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, बेरमो प्रखण्ड की बैठक गायत्री ज्ञान मंदिर, करगली बाजार में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड समन्वयक रघुनंदन बरनवाल एवं जिला समन्वयक मुकेश मिश्रा ने किया। यहाॅ बताया गया की बैठक का उद्देश्य आगामी माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष एवं ज्योति कलश यात्रा भ्रमण के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा हुई।

### मान्यवर साहब कांशीराम जी के सपनों का भारत बनाएगा भीम आर्मी : गोवर्धन

**बेरमो /कथारा।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन फुसरो नगर कमिटी द्वारा बहुजन नायक मान्यवर साहब कांशीराम जी का 91 वां जन्मदिन धूमधाम से एवं आजाद समाज पार्टी का 5 वां स्थापना दिवस फुसरो नगर अध्यक्ष नकुल रविदास जी के आवासीय तय कार्यलय भोलानगर ढोरी बस्ती में मनाया गया अध्यक्षता भीम आर्मी नगर अध्यक्ष नकुल रविदास एवं संचालन धरम घासी ने किया।

### सीसीएल बीएंडके प्रबंधन के खिलाफ बैदकारो के ग्रामीण एकजुट है : वतन महतो

**बेरमो।** विस्थापित समिति के अध्यक्ष वतन महतो ने कहा कि प्रबंधन का रवैया विस्थापितो के प्रति ठीक नही है। कहा कि सीसीएल बीएडके प्रबंधन के नीति के खिलाफ बैदकारो के ग्रामीण एकजुट हैं। संघर्ष मोर्चा के द्वारा राज्यपाल, कल्याण मंत्री व जिले की उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है। कहा कि बिना सहमति के प्रबंधन माइंस विस्तार किया तो ग्रामीण कारो प्रबंधन के खिलाफ उग्र आंदोलन करने को विवश है। बैठक मे सैकड़ो की संख्या मे लोग उपस्थित थे।

### बेरमो कोयलांचल निवासी मिले कोल इंडिया के चेयरमैन से, हुई विचार विमर्श

**बेरमो।** कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद से बेरमो कोयलांचल स्थित पुराना सुभाषनगर निवासी स्वर्गीय सुभाष सिंह के पुत्र अविनाश सिंह ने कोलकाता स्थित सीआईएल मुख्यालय मे मिलकर विचार विमर्श किया और कोल इंडिया का कोयला उत्पादन लक्ष्य की ओर अक्सर रहने पर बधाई दिया। कथारा जीएम फुटबॉल ग्राउंड में पांच दिवसीय ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट आरंभ।

### दीप प्रज्वलित कर आयोजन का उद्घाटन

**बेरमो /कथारा।** लंबे समय के बाद सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के कथारा कोलियरी द्वारा एक ऐसा आयोजन किया गया जो काबिले तारीफ है। यह आयोजन सोमवार को कथारा स्थित जीएम ग्राउंड में भव्य तरीके से किया गया। इस पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य लोगो के बीच प्रकृत्ति सामुहिक संसाधन संवर्धन योजना के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम एनसीआरएपी के दिशा निर्देश द्वारा सीसीएल कथारा कोलियरी के नेतृत्व में आयोजित था।

### विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट की बैठक आयोजित

**बेरमो।** सोमवार को विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में प्राचार्य चैंबर में हुई। विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम के लिए बोकारो एवं धनबाद दो जिलों के प्रतिभागी 18 से 25 वर्ष के युवा 16 मार्च 2025 रात 12 बजे तक वीडियो माय भारत पोर्टल पर अपलोड किए। आज सभी वीडियो का स्क्रीनिंग किया गया है। बोकारो एवं धनबाद दोनों जिलों से 150 प्रतिभागियों को स्क्रीनिंग कर चुना गया है।

### ईद पर बाजार में बढ़ी रौनक

**फुसरो।** ईद का त्योहार नजदीक आने के साथ फुसरो क्षेत्र के बाजारो में खरीदारों की भीड़ से रौनक बढ़ने लगी है। सोमवार को बाजार में कपड़े, जूते-चप्पल सहित तरह-तरह के खाने-पीने के चीजों की दुकानों पर लोग खरीदारी करते दिखे। कपड़े की दुकानों, रेडीमेड के साथ-साथ आभूषण व अन्य की दुकानों पर अच्छी भीड़ नजर आई। बीते शुक्रवार को मस्जिदों में दुसरे जुमे की नमाज पढ़ी गई। इसके बाद से ईद त्योहार की तैयारियां तेज हो गई है। बच्चे ही नहीं घर की महिलाओं के साथ पुरुष भी कपड़ों की दुकानों पर खरीदारी करते दिख रहे हैं। खरीदारों की भीड़ बढ़ने से शहर की लगभग सड़कें जाम लगती रही।

स्पीड न्यूज

# हिंद प्रशांत में न्यूजीलैंड भी बनेगा सशक्त साझीदार

## भारत ने न्यूजीलैंड के साथ किया अहम समझौता

- दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार पर होगा बातचीत
- पेशेवरों व कुशल कामगारों के लिए आसान आवाजाही बनाने का किया ऐलान
- भारत से लंबे समय से जुड़े हुए हैं पीएम लक्सन : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत एवं न्यूजीलैंड ने रक्षा साझीदारी को सशक्त बनाने के एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर करने के साथ ही न्यूजीलैंड के हिन्द प्रशांत महासागरीय पहल में शामिल होने, दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने तथा पेशेवरों एवं कुशल कामगारों के लिए आसान आवाजाही की व्यवस्था बनाने का सोमवार को ऐलान किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बीच हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये फैसले लिये गये। श्री लक्सन भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर रविवार को यहां पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच लंबी बैठक के बाद दोनों देशों ने चार घोषणाएं की और संयुक्त वक्तव्य पर सहमति प्रदान करने के साथ छह दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करके आदान प्रदान किया।

दोनों देशों ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) तथा भारत और न्यूजीलैंड के बीच पेशेवरों और कुशल श्रमिकों की गतिशीलता को सुविधाजनक बनाने वाली व्यवस्था पर बातचीत की शुरूआत के साथ न्यूजीलैंड के हिंद प्रशांत महासागरीय पहल (आईपीओआई) तथा में शामिल होने तथा आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन (सीडीआरआई) का सदस्य बनने की चार उद्घोषणाएं कीं। भारत एवं न्यूजीलैंड के बीच छह दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करके आदान प्रदान किया गया जिनमें भारत के रक्षा मंत्रालय और न्यूजीलैंड के रक्षा मंत्रालय के बीच रक्षा सहयोग पर समझौता ज्ञापन, भारत के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) और न्यूजीलैंड सीमा शुल्क सेवा के बीच अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर - पारस्परिक मान्यता समझौता (एईओ-एमआरए), भारत के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय और न्यूजीलैंड के प्राथमिक उद्योग मंत्रालय के बीच बागवानी पर सहयोग ज्ञापन, भारत के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एवं न्यूजीलैंड के प्राथमिक उद्योग मंत्रालय के बीच वानिकी पर आशय पत्र, भारत गणराज्य के शिक्षा मंत्रालय और न्यूजीलैंड के शिक्षा मंत्रालय के बीच शिक्षा सहयोग समझौता और भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय और न्यूजीलैंड सरकार के खेल न्यूजीलैंड के बीच खेल में सहयोग ज्ञापन शामिल हैं।मोदी ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री लक्सन भारत से लंबे समय से जुड़े हुए हैं। कुछ दिन पहले, ऑकलैंड में, होली के रंगों में रंगकर उन्होंने जिस तरह उत्सव का माहौल बनाया, वह हम सबने देखा! लक्सन के न्यूजीलैंड में बसने वाले भारतीय मूल के लोगों के प्रति लगाव को इस बात से भी देखा जा सकता है, कि उनके साथ एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है। उन जैसे युवा, ऊजार्वान और प्रतिभाशाली लीडर का इस वर्ष रायसीना संवाद का मुख्य अतिथि होना हमारे लिए खुशी की बात है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। हमने अपनी रक्षा और सुरक्षा साझीदारी को मजबूत और संस्थागत रूप देने का निर्णय लिया है। संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण, बंदरगाह यात्राओं के साथ साथ रक्षा उद्योग जगत में भी आपसी सहयोग के लिए रोडमैप बनाया जायेगा। हिन्द महासागर में मेरीटाइम सुरक्षा के लिए, संयुक्त कार्यबल-150 में हमारी नौसेनाएं मिल कर काम कर रही हैं। और, हमें प्रसन्नता है कि न्यूजीलैंड की नौसेना का जहाज दो दिन में मुंबई में पोर्ट कॉल कर रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच एक परस्पर लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इससे आपसी व्यापार और निवेश की क्षमता को बढ़ावा मिलेगा।

मोदी ने कहा कि क्रिकेट हो, हॉकी, या पर्वतारोहण, दोनों देशों के बीच खेलों में पुराने संबंध हैं। हमने खेलों में कोचिंग और खिलाड़ियों के आदान प्रदान के साथ-साथ, खेल विज्ञान, मनोविज्ञान और चिकित्सा विज्ञान में भी सहयोग पर बल दिया है। और वर्ष 2026 में, दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के 100 साल मनाने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड में रहने वाला भारतीय समुदाय न्यूजीलैंड में सामाजिक और आर्थिक विकास में सकारात्मक योगदान दे रहा है। हमने तय किया है कि कुशल कामगारों की मोबिलिटी को सरल बनाने और अवैध आव्रजन से निपटने के लिए, एक समझौते पर तेजी से काम किया जाएगा। यूपीआई कनेक्टिविटी, डिजिटल भुगतान और पर्यटन बढ़ाने पर भी बल दिया जाएगा।



भारत और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री की मौजदूगी में हुये कई समझौते।

### डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण व फार्मा में होगा निवेश

डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण व फार्मा जैसे क्षेत्रों में आपसी सहयोग और निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा और बहुमूल्य खनिज क्षेत्रों में आपसी सहयोग को हमने प्राथमिकता दी है। वानिकी एवं उद्यानिकी में संयुक्त रूप से काम किया जाएगा। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री के साथ आए बड़े कारोबारी प्रतिनिधिमंडल को भारत में नई संभावनाओं को देखने और समझने का अवसर मिलेगा।

### अमृतसर मंदिर पर हमले का आरोपित मुठभेड़ में हुआ ढेर

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने दो दिन पहले अमृतसर के मंदिर पर ग्रेनेड हमले के आरोपित को सोमवार सुबह खंडखाला इलाके में एक मुठभेड़ में ढेर कर दिया, जबकि हमले का एक अन्य आरोपित मौके से फरार हो गया। बदमाशों की फायरिंग में एक कांस्टेबल घायल हुआ है। पुलिस फरार बदमाश को तलाश कर रही है।

### तापसी पन्नू की फिल्म गांधारी की शूटिंग पूरी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू की आने वाली फिल्म गांधारी की शूटिंग पूरी हो गयी है। फिल्म निर्माता कनिका ढिल्लों ने एक तस्वीर में मुख्य कलाकार तापसी पन्नू,इश्वाक सिंह और क्रू और कनिका के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं।कनिका ने लिखा, यह पूरा हो गया है! अंतिम टेक भले ही हो गया हो, लेकिन कहानी अभी शुरू ही हुई है। गांधारी, जल्द ही आ रही है।

### मणिपुर में हथियारों का जखीरा बरामद

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों ने पहाड़ी और घाटी जिलों के संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान चलाकर हथियारों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने सोमवा को बताया कि सेक्माई थाना क्षेत्र, इंफाल पश्चिम जिले के लोइतांग सांडुम हिल रेंज से एक एसएलआर राइफल और एक मैगजीन, एक पिस्तौल (क्षतिग्रस्त मैगजीन के साथ), दो नंबर 36 एचई हैंड ग्रेनेड और दो बाओफेंग हैंडहेल्ड रेडियो सेट बरामद किया गया।

### अमेरिका ने 130 से अधिक अप्रवासियों को निकाला

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने युद्धकालीन शक्तियों के कानून, 1798 के एलियन एनिमीज एक्ट का इस्तेमाल करते हुए शनिवार को एल साल्वाडोर के 261 अप्रवासियों में से आधे से अधिक को अमेरिका से निकाल दिया। वाशिंगटन पोस्ट ने व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी।

### हंदवाड़ा में मुठभेड़ एक आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के हंदवाड़ा उप जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच सोमवार सुबह क्रुम्हूरा जचलदारा में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद संयुक्त बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया। दोनों पक्षों की गोलीबारी में एक आतंकी मारा गया। उन्होंने बताया कि हथियार और गोला-बारूद के साथ एक आतंकी का शव बरामद किया।

### यूक्रेन के नये सेना प्रमुख बने ह्नातोव

**कीव।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रविवार को मेजर जनरल एंड्री ह्नातोव को लेफ्टिनेंट जनरल अनातोली बारहिलेविच की जगह यूक्रेनी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया। राष्ट्रपति की वेबसाइट पर प्रकाशित आदेशों में बारहिलेविच को बर्खास्त करने और ह्नातोव को नियुक्त करने के के कारणों को स्पष्ट नहीं किया गया है। यूक्रेनी रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव ने बताया कि सशस्त्र बलों में फेरबदल का उद्देश्य उनकी युद्ध प्रभावशीलता को बढ़ाना है।



नयी दिल्ली में सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मिलतीं अमेरिकी खुफिया प्रमुख के तुलसी गबार्ड।

# खालिस्तानियों पर कड़ी कार्रवाई करे अमेरिका

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी के समक्ष उठाया मुद्दा
- गैरकानूनी संगठन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे अमेरिका : भारत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड के साथ बैठक की। इस दौरान सिंह ने अमेरिकी धरती पर भारतीय हितों के खिलाफ काम कर रहे खालिस्तानी चरमपंथियों का मुद्दा उठाया। सोमवार को हुई बातचीत में रक्षा मंत्री ने खालिस्तानी संगठन एसएफजे (सिख फॉर जस्टिस) की भारत विरोधी गतिविधियों पर प्रकाश डाला। एसएफजे को भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ काम करने के लिए देश में प्रतिबंधित किया गया है। भारत ने अपनी चिंता व्यक्त की और अमेरिकी प्रशासन से गैरकानूनी संगठन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा। अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड ने राजनाथ सिंह के साथ द्विपक्षीय चर्चा की, जिसमें दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक के दौरान रक्षा और सुरक्षा संबंधों को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की गई।

राजनाथ सिंह ने कहा कि नई दिल्ली में अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात कर खुशी हुई। हमने रक्षा और सूचना साझाकरण सहित कई मुद्दों पर चर्चा की, जिसका उद्देश्य भारत-अमेरिका साझेदारी को और गहरा करना है। भारत की ढाई दिन की यात्रा पर आईं तुलसी गबार्ड ने एक दिन पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की। डोभाल और गबार्ड के बीच बैठक में मुख्य रूप से खुफिया जानकारी साझा करने और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा हुई। सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) एक अमेरिकी संगठन है जो भारत से स्वतंत्र खालिस्तान' नामक एक अलग सिख राज्य की वकालत करता है। 2007 में गुरपतवंत सिंह पन्नू ने इसकी स्थापना की थी। भारत सरकार ने 2019 में यूएपीए के तहत संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया। इसे आतंकवाद और अलगाववादी गतिविधियों को बढ़ावा देने वाला अलगाववादी समूह करार दिया।


### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप के लिए एप लॉन्च

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉपोर्रेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित नए संसद भवन में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के लिए एक मोबाइल ऐप लॉन्च किया। इस ऐप के जरिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए आवेदन करना आसान हो जाएगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना से जुड़ी जानकारियां देने के लिए पहले सुविधा केंद्र की शुरूआत की गई है। यह केंद्र कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) और भारतीय उद्योग परिसंघ ने बनाया है। यहां से युवाओं को इंटर्नशिप के बारे में जानकारी और मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत इंटर्नशिप करने के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख पहले 12 मार्च थी, लेकिन इसको बढ़ाकर 31 मार्च तक कर दिया गया है। ऐप लॉन्च होने से युवाओं के लिए सरकार के कई मंत्रालयों और टॉप-500 कंपनियों में इंटर्नशिप करना आसान हो जाएगा।

# आज पुतिन से बात करेंगे ट्रंप

## रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध रूकने की संभावना बढ़ी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह मंगलवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने फ्लोरिडा से वाशिंगटन की देर रात की फ्लाइट के दौरान एयर फोर्स वन पर मीडिया से कहा कि हम देखना चाहते हैं कि क्या हम युद्ध को समाप्त कर सकते हैं। शायद हम कर सकते हैं, शायद हम नहीं भी कर सकते, लेकिन मुझे लगता है कि हमारे पास बहुत अच्छा मौका है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि मैं मंगलवार को राष्ट्रपति पुतिन से बात करूंगा। वीकेंड में बहुत काम किया गया है। इससे पहले क्रेमलिन ने शुक्रवार को कहा कि पुतिन ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ के जरिए ट्रंप को उनकी युद्ध विराम योजना के बारे में एक संदेश भेजा और सतर्क आशावाद व्यक्त किया कि तीन साल से चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक समझौते पर पहुंचा जा सकता है। अमेरिका में अलग-अलग संडे शो के दौरान विटकॉफ, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज ने इस बात पर जोर दिया कि रूस के युद्ध विराम पर सहमत होने से पहले कई चुनौतियों का समाधान किया जाना बाकी है।



### नेपाल में सर्वदलीय सरकार बनाने की कवायद शुरू

**काठमांडू।** नेपाल में पूर्व राजा की बढ़ती सक्रियता और उनके समर्थकों के लगातार किए जा रहे प्रदर्शन के बीच संसद के बड़े राजनीतिक दलों के बीच गणतंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से सर्वदलीय सरकार बनाने की कवायद शुरू की गई। प्रमुख विपक्षी दल माओवादी पार्टी ने इसके लिए बड़ी शर्त रखी है। पार्टी ने कहा है कि पहले प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का इस्तीफा देना होगा। नेपाल में पूर्व राजा के समर्थन में हजारों लोग सड़क पर उतर कर राज संस्था की पुनर्स्थापना की मांग कर रहे हैं। माओवादी के सांसद और प्रचंड के करीबी रहे नेता शक्ति बस्नेत ने कहा कि राजा के षडयंत्र का सामना करने के लिए देश में लोकतंत्र, गणतंत्र और संघीयता की रक्षा के लिए तीनों प्रमुख दलों का एक साथ आना अनिवार्य हो गया है। बस्नेत ने बताया कि इन तीनों दलों के नेताओं के बीच संवाद भी शुरू हो चुका है।

# 'मेड इन बिहार रेल इंजन' का जल्द होगा निर्यात : वैष्णव

### मढ़ौरा रेल कारखाने में बने करीब 100 लोकोमोटिव जल्द ही किये जायेंगे निर्यात

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में घोषणा की कि बिहार के मढ़ौरा में बने लोकोमोटिव (रेल इंजन) जल्द ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में भेजे जाएंगे। इसके साथ ही भारत ऑस्ट्रेलिया को मेट्रो कोच निर्यात कर रहा है, जबकि ब्रिटेन, सऊदी अरब, फ्रांस सहित अन्य देशों को भी रेल डिब्बों के महत्वपूर्ण उपकरण भेजे जा रहे हैं। राज्यसभा में रेल मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा के दौरान वैष्णव ने बताया कि मढ़ौरा रेल कारखाने में बने लगभग 100 लोकोमोटिव जल्द ही निर्यात किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह वही कारखाना है, जिसकी घोषणा पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने की थी, लेकिन उस पर काम शुरू नहीं हुआ था। 2014 के बाद इस परियोजना को गति मिली और अब यह निर्यात के लिए तैयार है। वैष्णव ने कहा कि जिस फैक्टरी की सिर्फ घोषणा हुई थी, उस पर 2014 से काम शुरू किया गया और अब वहां बने लोकोमोटिव दुनिया में जाने वाले हैं। उनकी घोषणा पर राज्यसभा सदस्यों ने तालियां बजाकर स्वागत किया।



# सेंसेक्स 341 और निफ्टी 112 अंक उछला

## शेयर बाजार में लौटी तेजी, निवेशकों को 1.65 लाख करोड़ का फायदा

एजेंसी

**मुंबई।** विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार की पिछले लगातार पांच दिन की गिरावट सोमवार को थम गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 341.04 अंक अर्थात 0.46 प्रतिशत की तेजी के साथ 73 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 74,169.95 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 111.55 अंक यानी 0.5 प्रतिशत उछलकर 22,508.75 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में घटबढ़ रही। इससे मिडकैप 0.77 प्रतिशत की छलांग लगाकर 39,364.08 अंक हो गया लेकिन स्मॉलकैप 0.02 प्रतिशत फिसलकर 43,834.27 अंक पर आ गया।

### सेंसेक्स 74 हजार के पार व निफ्टी 22,508 पर बंद



शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 392.83 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 391.18 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.65 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4241 कंपनियें के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2507 में गिरावट जबकि 1605 में तेजी रही वहीं 129 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 33 कंपनियों में लिवाली जबकि 17 में बिकवाली हुई। बीएसई में दूरसंचार, एफएमसीजी और रियल्टी की 0.35 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 18 समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.92, सीडी 0.48, ऊर्जा 0.19, वित्तीय सेवाएं 0.83, हेल्थकेयर 1.12, इंडस्ट्रियल्स 0.30, आईटी 0.09, यूटिलिटीज 0.41, ऑटो 0.80, बैंकिंग 0.71, कैपिटल गुड्स 0.46, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.34, धातु 0.91, तेल एवं गैस 0.10, पावर 0.46, टेक 0.27, सर्विसेज 0.58 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.05 प्रतिशत मजबूत रहे। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में बजाज फिनसर्व 3.59, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.41, एक्सिस बैंक 2.36, बजाज फाइनेंस 1.91, अडानी पोर्ट्स 1.63, आईसीआईसीआई बैंक 1.45, सन फार्मा 1.26, जोमैटो 1.22, अल्ट्रासिम्को 1.07, टाटा मोटर्स 0.84, इंफोसिस 0.72, इंडसइंड बैंक 0.72, टाटा स्टील 0.63, एचसीएल टेक 0.58, भारती एयरटेल 0.47, कोटक बैंक 0.46, एचडीएफसी बैंक 0.24, मारुति 0.24 और टाइटन 0.13 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, आईटीसी 0.98, नेस्ले इंडिया 0.76, एसबीआई 0.69, रिलायंस 0.56, एशियन पेंट 0.50, टीसीएस 0.43, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.22, पावरग्रिड 0.19, एलटी 0.17, टेक महिंद्रा 0.09 और एनटीपीसी के शेयर 0.03 प्रतिशत गिर गए।

### मारुति सुजुकी एक अप्रैल से वाहनों की कीमत में चार फीसदी तक का करेगी वृद्धि

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अप्रैल से अपने वाहनों की कीमतों में चार फीसदी तक की बढ़ोतरी का ऐलान किया है। कंपनी ने कहा कि वह कच्चे माल की बढ़ती लागत के असर को कम करने के लिए यह वृद्धि करेगी, जो मॉडल के आधार पर अलग-अलग होगी। मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया कि कच्चे माल की बढ़ती लागत और परिचालन व्यय के मद्देनजर उसने अप्रैल से अपनी कारों की कीमतों को बढ़ाने का फैसला किया है। कंपनी ने कहा कि वह अपने वाहनों की कीमतों में चार फीसदी तक की बढ़ोतरी करेगी। मारुति सुजुकी घरेलू बाजार में शुरूआती स्तर की ऑल्टो के-10 से लेकर इनविक्टो तक के मॉडल को बेचती है। एमएसआईएल ने पिछले साल दिसंबर, 2024 में अपने वाहनों की कीमतों में 4 फीसदी की वृद्धि की थी, जो जनवरी 2025 में लागू हुआ था।

